✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 125 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 30 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बेल्ट्रान ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 15 करोड़ रुपये का योगदान

## मुख्यमंत्री ने किया 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम की शुरुआत, लाभार्थियों को दिए चेक

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा एवं पोषण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को फुलवारीशरीफ उच्च विद्यालय परिसर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-137 में आयोजित कार्यक्रम में राज्यव्यापी 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों और सेविका से बातचीत कर केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं तथा संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद के दौरान उनकी पढ़ाई और अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक प्रदान किए। उन्होंने महिलाओं की गोदभराई की और बच्चों का अन्नप्राशन कराया। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और आशा दीदी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही लाभार्थियों के बीच पौष्टिक किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'सुपोषित बचपन की रसोई' नामक पुस्तिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी बहनों के आशीर्वाद से सरकार बनी है और सरकार आपके द्वार जाकर हर प्रकार की मदद पहुंचाने का हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को और बेहतर सुविधाएं किस प्रकार उपलब्ध कराई जा सकती है, इस संबंध में लाभार्थी और स्थानीय लोग अपने सुझाव सरकार तक पहुंचाएं। सरकार आवश्यक सुधार के लिए हरसंभव कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाभार्थियों के सुझाव महत्वपूर्ण हैं। प्रसव पूर्व और प्रसव उपरांत माताओं तथा बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। जिन आंगनबाड़ी केंद्रों के पास अपना भवन नहीं है, वहां भवन निर्माण की दिशा में भी प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य जच्चा-बच्चा दोनों को स्वस्थ रखना तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा और पोषण उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका सेवा भाव से कार्य कर रही हैं। राज्य में करीब 1.15 लाख आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका बच्चों और परिवारों की सेवा में लगी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक भोजन, फल और दूध उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया जा रहा है। बच्चों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों से जोड़ने और उन्हें पर्याप्त पोषण उपलब्ध कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चे मजबूत होंगे तो राज्य और देश भी मजबूत होगा। साथ ही मुख्यमंत्री ने अपील की कि गांव के सभी छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों से जोड़ने का प्रयास करें।



## संक्षिप्त समाचार

### धनकुबेर एडीएम रवीन्द्र और उनकी पत्नी के बैंक खाते होंगे सील

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने पटना के एडीएम (आपूर्ति) रवीन्द्र कुमार दिवाकर और उनकी पत्नी दानापुर की अवर निबंधक कुमारी स्वाति के आधा दर्जन से अधिक बैंक खातों को सील करने की कार्रवाई शुरू की है। मंगलवार को ब्यूरो के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरोपियों के जमीनों के दस्तावेजों की जांच की गई और संबंधित निबंधन कार्यालय से आरोपियों से संबंधित अन्य संपत्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### नीरव मोदी का करीबी संदीप मिस्त्री गिरफ्तार

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** पंजाब नेशनल बैंक घोटाला मामले में भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी के सहयोगी संदीप मिस्त्री को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक संयुक्त अरब अमीरात से प्रत्यर्पण के बाद मंगलवार को मुंबई में मिस्त्री को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। मिस्त्री को सोमवार को यूएई से भारत लाया गया था। मंगलवार को सीबीआई ने उसे गिरफ्तार करने के बाद विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया। इसके बाद अदालत ने मिस्त्री को 6 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### पहले दिन राजद उम्मीदवार ने दाखिल किया नामांकन पर्चा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधान परिषद की आठ सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर मंगलवार से नामांकन भी शुरू हो चुका है। पहले दिन पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से राजद उम्मीदवार डॉ. संजीव कुमार सिंह ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता भोला यादव समेत पार्टी के कई नेता और समर्थक मौजूद रहे।

### सर्पदंश से भाई-बहन की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना से सटे पुनपुन थाना क्षेत्र के लखनपार पंचायत अंतर्गत समकूड़ा गांव में दो मासूम बच्चों की मौत सर्पदंश से हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। जानकारी के मुताबिक दोनों बच्चे रात में घर में सो रहे थे इसी दौरान जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया। परिजनों को घटना की जानकारी मिलते ही दोनों बच्चों को आनन-फानन में इलाज के लिए पटना ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही दोनों ने दम तोड़ दिया। मृत बच्चों की पहचान रामू कुमार के पुत्र मोनू कुमार और पुत्री काजल कुमारी के रूप में हुई है।

## पचरुखिया जंगल से दो आइइडी बरामद

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों को दो शक्तिशाली प्रेशर आईईडी बम मिले हैं। यदि ये बम विस्फोट कर जाते तो सर्च ऑपरेशन में लगे सुरक्षा बलों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता था। संयोगवश दोनों आईईडी बम सुरक्षा बलों की नजर में आ गए और अनहोनी टल गई। यह कार्रवाई मदनपुर प्रखंड के आंजन थाना अंतर्गत पचरुखिया जंगल के पचरुखिया कैंप से डेढ़ किलोमीटर आगे जिला बल एवं सीआरपीएफ बटालियन 47 एफ के संयुक्त टीम द्वारा संयुक्त आपरेशन में की गई। इस दौरान ढाई-ढाई किलोग्राम के दो शक्तिशाली विस्फोटक आईईडी सुरक्षा बलों ने बरामद किया जिसे मौके पर ही सुरक्षित डिफ्यूज कर दिया गया। बताया जा रहा है कि आईईडी को नक्सलियों ने पहाड़ की चट्टानों के नीचे जमीन में गहरे दबाकर प्रेशर कुकर के जरिए प्लांट किया था। वहीं सुरक्षा बलों और जिला पुलिस के जवान लगातार क्षेत्र में सर्च अभियान चला रहे हैं ताकि नक्सलियों की हर गतिविधि को रोका जा सके। इसी क्रम में उस जगह से दो आईईडी बरामद किया गया जिसे सुरक्षित यथास्थान विस्फोट करा के विनष्ट किया गया। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि बरामदगी के बाद दोनों प्रेशर आईईडी को मौके पर ही ब्लास्ट कर विनष्ट कर दिया गया। कहा कि यदि ये शक्तिशाली प्रेशर आईईडी ब्लास्ट कर जाते तो इसके जद में आकर सर्च ऑपरेशन में लगे सुरक्षा बलों का बड़ा नुकसान हो सकता था। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा है। नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु अभियान लगातार अभियान जारी है।

## झारखंड की धड़कन 'मांदर' को जीआई टैग, सीएम हेमंत ने जतायी खुशी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की लोकसंस्कृति, आदिवासी जीवन और पारंपरिक नृत्य-संगीत की पहचान बन चुके मांदर को अब आधिकारिक पहचान मिल गई है। भारत सरकार की जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन यानी भौगोलिक संकेतक) रजिस्ट्री, चेन्नई ने 'मांदर ऑफ झारखंड' को जीआई के रूप में पंजीकृत किया है। जीआई रजिस्ट्री में इसका आवेदन नंबर 777 दर्ज है और इसका भौगोलिक क्षेत्र झारखंड निर्धारित किया गया है। इसके लिए आवेदन 24 सितंबर 2021 को दाखिल किया गया था। मांदर महज एक पारंपरिक वाद्ययंत्र नहीं बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है। आदिवासी पर्व-त्योहारों, लोकनृत्यों और सामुदायिक आयोजनों में इसकी थाप आज भी लोगों को जोड़ती है। जीआई टैग मिलने के साथ मांदर की विशिष्ट बनावट, स्थानीय कच्चे माल, पारंपरिक निर्माण तकनीक और खास ध्वनि को आधिकारिक मान्यता मिली है। मांदर निर्माण की कला पीढ़ियों से स्थानीय कारीगरों के हाथों जीवित है। जीआई आवेदन में झारखंड के विभिन्न जनजातीय समुदायों के संगीत, नृत्य और सामाजिक जीवन में मांदर की भूमिका को भी प्रमुख आधार बनाया गया है। जीआई के लिए आवेदन रायडीह मांदर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, गुमला की ओर से किया गया था। इससे पारंपरिक मांदर कारीगरों और शिल्पकारों को अपनी कला की पहचान मजबूत होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर भी इस उपलब्धि पर खुशी जताई गई। अब मांदर की थाप केवल झारखंड के उत्सवों की आवाज नहीं बल्कि राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान की आधिकारिक मुहर भी बन गई है।

## राम बचन राय बने बिविप के कार्यकारी सभापति, मंत्री श्रवण कुमार ने दी बधाई

### सदन को मिलेगा उनके लंबे राजनीतिक, शैक्षणिक और विधायी अनुभव का लाभ : श्रवण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति का दायित्व संभालने पर वरिष्ठ नेता एवं विधान परिषद के पूर्व उपसभापति डॉ. (प्रो.) राम बचन राय को ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जन संपर्क विभाग के मंत्री तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मंगलवार को मंत्री ने विधान परिषद स्थित सभापति के कार्यालय कक्ष में पहुंचकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि डॉ. राम बचन राय अतिपिछड़ा समाज से आते हैं और बिहार विधान परिषद में इस समाज से सभापति बनने वाले दूसरे व्यक्ति हैं। उनके इस महत्वपूर्ण दायित्व को संभालने से समाज के लोगों में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि डॉ. राय के पास राजनीतिक, शैक्षणिक और विधायी कार्यों का लंबा अनुभव है। उच्च सदन के महत्वपूर्ण पद पर उनका आसीन होना बिहार के संसदीय जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। मंत्री ने कहा कि डॉ. राम बचन राय का संसदीय अनुभव और शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में योगदान उनकी विशिष्ट पहचान है। उनके नेतृत्व में विधान परिषद की कार्यवाही को नई दिशा मिलेगी तथा उनके अनुभव का लाभ सदन के सभी सदस्यों को प्राप्त होगा। गौरतलब है कि डॉ. राम बचन राय वर्ष 2021 में राज्यपाल कोटे से बिहार विधान परिषद के सदस्य बने थे। इससे पूर्व वर्ष 2015 में उन्हें विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल का उपनेता बनाया गया था। जुलाई 2024 से वे लगातार विधान परिषद के उपसभापति के रूप में कार्यरत थे। इस दौरान उन्होंने सदन की कार्यवाही, संसदीय परंपराओं एवं नियमों का व्यापक अनुभव प्राप्त किया। राजनीतिक जीवन के साथ-साथ डॉ. राय की पहचान एक शिक्षाविद् और साहित्य के अध्येता के रूप में भी रही है। वे पटना विश्वविद्यालय में हिंदी के प्रोफ़ेसर एवं विभागाध्यक्ष रह चुके हैं। साहित्य और सामाजिक सरोकारों से उनका लंबे समय से जुड़ाव रहा है। मंत्री श्रवण कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. राय सदन की गरिमा, संसदीय मर्यादा और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, वीरेंद्र नारायण यादव एवं ललन प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा ने एमएलसी चुनाव के लिए घोषित किए प्रत्याशियों के नाम

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधान परिषद चुनाव 2026 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चार स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। पिछले कई दिनों से भाजपा की लिस्ट का लोग इंजतार कर रहे थे। मंगलवार दोपहर भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की ओर उम्मीदवारों की सूची जारी की गई है। खास बात यह है कि बिहार विधान परिषद चुनाव में भाजपा ने जदयू के अलावा अपने किसी भी अन्य सहयोगी दलों को एक भी सीट नहीं दिए हैं। आठ सीटों में चार सीट जदयू को दिया जबकि चार पर आज अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। भाजपा की ओर से जारी सूची के अनुसार पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से नवल किशोर यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. एनके यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। इसके अलावा दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से सर्वेश कुमार और तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से नरेंद्र प्रसाद सिंह को उम्मीदवार घोषित किया गया है। जदयू ने 23 सितंबर को चार सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी। पार्टी ने पटना स्नातक से मौजूदा विधान पार्षद नीरज कुमार को फिर मैदान में उतारा है।

## एनीमिया की समय पर पहचान और इलाज सरकार की प्राथमिकता : निशांत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि एनीमिया की समय पर पहचान और इलाज सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिन्हित एनीमिया पीड़ित लाभार्थियों को आवश्यकता के अनुसार इलाज, पोषण संबंधी परामर्श, रेफरल एवं फॉलो-अप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह विशेष अभियान 30 नवंबर तक संचालित किया जाना है। कहा कि पोषण अनीमिया की रोकथाम का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए लाभार्थियों को आयरन युक्त स्थानीय खाद्य पदार्थों, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में भी जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान की सफलता में आमलोगों की सहभागिता भी जरूरी है।

## बीपीएससी टीआरइ-04 में अब 33,320 शिक्षकों की होगी भर्ती

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग टीआरइ-04 के तहत शिक्षक बनने वाले अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। अब 33,320 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। पूर्व में बीपीएससी ने 32,388 पदों पर नियुक्ति का नोटिफिकेशन जारी किया था। अब इसमें 900 से अधिक रिक्तियां जोड़ी गई हैं। इस तरह से कुल रिक्त पदों की संख्या 33,320 हो गई है। माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापक के कुल 493 जबकि उच्च माध्यमिक विद्यालयों की कुल 439 रिक्तियों को शामिल किया गया है। यह संख्या 932 होती है। बीपीएससी ने मंगलवार को इसकी सूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि चौथे चरण के विद्यालय अध्यापक भर्ती परीक्षा के तहत शिक्षा विभाग के 32,388 पदों पर नियुक्ति के लिए 22 सितंबर को प्रकाशित विज्ञापन में सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से संशोधित पूरक अधियाचना प्राप्त हुई थी। इसके तहत कक्षा 9 से 10 के स्कूलों में बांग्ला, ललितकला, नृत्य, मैथिली, विशेष विद्यालय अध्यापक, अरबी, फारसी एवं संगीत, 11 से 12वीं में बांग्ला, भोजपुरी, मगही, मैथिली, पाली, प्राकृत, अरबी एवं फारसी विषय के लिए रिक्तियां जारी की गई है।




# गया-पटना और रांची सहित देश के 24 राज्यों के 50 शहर बनेंगे स्वच्छता मॉडल शहर

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने की नई दिल्ली में प्रगति-50 पहल की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली/पटना।** केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रगति-50 पहल की शुरुआत की। इसके तहत देश के 24 राज्यों के 50 शहरों को स्वच्छता के मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। बिहार से गया और पटना, जबकि झारखंड से रांची को इस सूची में शामिल किया गया है। इन शहरों में स्वच्छता, ठोस कचरा प्रबंधन, इस्तेमाल किए गए जल के प्रबंधन, स्वच्छता सेवाओं और नागरिक भागीदारी में निर्धारित मानकों के आधार पर सुधार किया जाएगा। यह पहल प्रधानमंत्री की 51वीं प्रगति बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के अंतर्गत शुरू की गई है। मनोहर लाल ने कहा कि 50 शहर नियमित स्वच्छता कार्य से आगे बढ़कर दृश्य स्वच्छता के उच्च और सतत मानक स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रमुख शहरों के साथ सांस्कृतिक महत्व वाले, पर्यटन केंद्र और आर्थिक गतिविधियों के प्रमुख शहरों को भी इसमें शामिल किया गया है। प्रगति की तकनीक आधारित निगरानी की जाएगी और वह स्वयं प्रत्येक दो महीने में समीक्षा बैठक करेंगे। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री टोकन साहू ने कहा कि स्वच्छता पिछले एक दशक में जनआंदोलन से जीवनशैली का हिस्सा बनी है। उन्होंने राज्यों और शहरी स्थानीय निकायों से सूक्ष्म स्तर की कार्ययोजना तैयार कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। शहरी विकास विभाग के सचिव सतेंद्र सिंह ने कहा कि पहल में पूरे शहर को एक इकाई मानकर सभी संबंधित पक्षों और शहरी स्थानीय निकायों को योजना और क्रियान्वयन में शामिल किया जाएगा। प्रगति-50 के लिए स्वच्छता पोर्टल पर प्रगति जैसा डिजिटल समीक्षा तंत्र बनाया गया है। मंत्रालय के अधिकारी संबंधित शहरों की नियमित निगरानी और सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में निर्माण एवं विध्वंस कचरे के लिए द्वितीय संग्रह केंद्रों की स्थापना की मानक संचालन प्रक्रिया तथा ठोस कचरे के स्रोत पर पृथक्करण संबंधी दिशानिर्देश जारी किए गए। सीएसआईआर-सीएमईआरआई के सहयोग से दुर्गापुर में स्वच्छ भारत परीक्षण एवं नवाचार केंद्र शुरू किया गया। वहीं आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन सेंटर के सहयोग से स्वच्छता और कचरा प्रबंधन पर केंद्रित तीसरे चरण में 13 स्टार्टअप शामिल किए गए। इसके साथ मिशन के तहत 75 स्टार्टअप को जोड़ने और उनका इन्क्यूबेशन करने का लक्ष्य पूरा हुआ। नागरिकों की शिकायत और समाधान के लिए स्वच्छता एप के साथ समर्पित वाट्सऐप चैनल शुरू किया गया। स्वच्छता व्यवहार परिवर्तन डिजिटल कोष भी लॉन्च हुआ, जिसमें स्वच्छता से जुड़े विचार, रचनात्मक सामग्री, अभियान और संचार संसाधन उपलब्ध होंगे। स्वच्छता ही सेवा-2026 के तहत नई दिल्ली के संकल्प भवन में मंत्रालय कार्यालय का पहला रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल (आरआरआर) केंद्र भी शुरू किया गया।


## पूजा के अवसर पर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** आगामी पर्व त्यौहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के विभिन्न स्टेशनों से नई दिल्ली/आनंद विहार, चंडीगढ़, फिरोजपुर कैंट, एरणाकुलम एवं पोत्तनूर के मध्य फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 04512/04511 चंडीगढ़-पटना-चंडीगढ़ फेस्टिवल स्पेशल (अम्बाला कैंट-मुरादाबाद-वाराणसी-डीडीयू के रास्ते) - गाड़ी सं. 04512 चंडीगढ़-पटना फेस्टिवल स्पेशल 01.10.2026 से 26.11.2026 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार को चंडीगढ़ से 23.55 बजे खुलकर अगले दिन 16.35 बजे वाराणसी, 17.45 बजे डीडीयू, 18.45 बजे बक्सर, 19.32 बजे आरा एवं 20.03 बजे दानापुर रुकते हुए 21.15 बजे पटना जं. पहुंचेगी।

## प्रगति-50 में पटना और गया के चयन पर विधानसभा अध्यक्ष ने जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रगति-50 के तहत पटना और गया को मॉडल शहर के रूप में चयनित किए जाने पर केंद्र की मोदी सरकार का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रगति-50 में दोनों शहरों का चयन बिहार के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। इससे पटना और गया में स्वच्छता व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के साथ आधुनिक तकनीक, नवाचार और बेहतर शहरी सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रगति-50 के तहत देश के चयनित 50 शहरों को स्वच्छता के क्षेत्र में मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित भारत के संकल्प तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक बिहार के विजन को आगे बढ़ाने में यह पहल महत्वपूर्ण होगी। पटना और गया में स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, उपयोग किए गए जल के प्रबंधन, आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल और नागरिक सहभागिता को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे बिहार में शहरी स्वच्छता और विकास को नई गति मिलेगी तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। चयनित शहरों में स्थानीय स्तर पर नवाचार को प्रोत्साहित करने के साथ स्वच्छ और स्वस्थ शहरी वातावरण के निर्माण में विभिन्न हितधारकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

# बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री बाढ़ राहत कोष में एक माह का 2.25 लाख मानदेय समर्पित : मृत्युंजय कुमार झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री बाढ़ राहत कोष में अपने एक माह के मानदेय के रूप में दो लाख पच्चीस हजार रुपये का चेक समर्पित किया। श्री झा ने कहा कि बिहार, विशेषकर मिथिला एवं चंपारण क्षेत्र में आई बाढ़ से अनेक परिवार प्रभावित हुए हैं। विपदा की इस घड़ी में बाढ़ पीड़ित परिवारों के सहयोग एवं राहत कार्यों के लिए अपने एक माह के मानदेय को समर्पित करना सामाजिक जिम्मेदारी के भाव से किया गया एक छोटा-सा प्रयास है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी बाढ़ पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए आगे आने का आह्वान किया। भेंट के दौरान बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की ओर से किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई। विशेष रूप से मध्यमा परीक्षा-2027, संस्कृत शिक्षा के विस्तार, नए एवं प्रस्तावित संस्कृत विद्यालयों तथा संस्कृत विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन के बेहतर वातावरण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मृत्युंजय कुमार झा ने कहा कि बिहार में संस्कृत शिक्षा को व्यापक स्तर पर मजबूत करने के लिए विद्यालयों की शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। मध्यमा परीक्षा-2027 में अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा संस्कृत शिक्षा को नई पीढ़ी से जोड़ने के लिए भी विभिन्न स्तरों पर कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर श्री झा ने मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक विश्वप्रसिद्ध मखाना की माला, मिथिला पेंटिंग, मिथिला पेंटिंग की चादर एवं मिथिला पाग भेंट कर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का सम्मान किया तथा बिहार के निरंतर विकास एवं जनकल्याण के लिए शुभकामनाएं दीं।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल प्रशासन रेलकर्मियों के कल्याण एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने मुख्यालय, हाजीपुर में 02 रेलकर्मियों/उनके आश्रितों से मुलाकात की। इस दौरान रेलकर्मियों ने अपनी विभिन्न विभागीय समस्याओं एवं कठिनाइयों से महाप्रबंधक को अवगत कराया। महाप्रबंधक ने प्रत्येक रेलकर्मी एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को सुना और प्राप्त शिकायत के संबंध में अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागों को प्राप्त मामलों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतों का प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## विजय कुमार सिन्हा ने बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए केंद्र से मांगा विशेष पैकेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बिहार में बाढ़ और अत्यधिक वर्षापात से प्रभावित किसानों की सहायता के लिए केंद्र सरकार से विशेष पैकेज और आवश्यक सहयोग देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि किसानों को तत्काल राहत के साथ आगामी रबी मौसम के लिए भी विशेष सहयोग की जरूरत है। रबी महाभियान के अवसर पर उन्होंने बताया कि राज्य के 18 जिलों, 84 प्रखंडों और 653 पंचायतों में बाढ़ व अत्यधिक वर्षापात से फसलों को नुकसान हुआ है। प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को राई, सरसों और मटर के बीज निःशुल्क दिए जाएंगे, जबकि कम वर्षा वाले क्षेत्रों में श्री अन्न की खेती के लिए आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। श्री सिन्हा ने अत्यधिक वर्षापात और तेज हवा से हुए फसल नुकसान के मद्देनजर केंद्र से सहायता देने तथा बिहार की कृषि परिस्थितियों के अनुरूप केंद्रीय योजनाओं के नियमों और शर्तों में आवश्यक छूट देने का आग्रह किया। उन्होंने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और बिहार कृषि विभाग के वरीय अधिकारियों से राज्य की चुनौतियों व संभावनाओं के अनुरूप विशेष कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने किसानों को उचित मूल्य पर समय से उर्वरक उपलब्ध कराने को प्राथमिकता बताते हुए कंपनियों से एफओआर के तहत खुदरा विक्रेताओं तक उर्वरक पहुंचाने की व्यवस्था दुरुस्त करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि रबी महाभियान का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि किसानों की आय बढ़ाकर खेती को लाभकारी बनाना है। उन्होंने दलहन, तिलहन, मखाना, मशरूम, मसाले और बागवानी फसलों के क्षेत्र विस्तार, गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता, नई किस्मों की पहचान और संकर मक्का बीज उत्पादन के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना में केंद्र से सहयोग मांगा। बाजार प्रांगणों को राष्ट्रीय कृषि बाजार से जोड़ने, किसान उत्पादक संगठनों को बाजार से जोड़ने तथा भंडारण, शीत शृंखला, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन सुविधाओं के विस्तार पर भी जोर दिया। मखाना, शाही लीची, जर्दालु आम और कतरनी चावल को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के प्रयास जारी हैं। किसान पंजीकरण और किसान पहचान व्यवस्था सरल बनाने तथा विभागीय आंकड़ों के बेहतर समन्वय की जरूरत भी उन्होंने बताई।

## जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने किया पटना जंक्शन पर सीपीआर कार्यक्रम

**पूर्व मध्य रेल की पहल**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर केन्द्रीय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पूर्व मध्य रेल, पटना के तत्वावधान में जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटना के द्वारा पटना जंक्शन के पोर्टिकों में सीपीआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पटना जंक्शन में सभी कर्मचारियों व यात्रीगण को सीपीआर कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन हृदय गति रुकने या सांस बंद होने की स्थिति में जीवन बचाने वाली एक आपातकालीन प्रक्रिया के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में जय प्रभा मेदांता अस्पताल के निदेशक कार्डियोलॉजी, डॉ अजय कुमार सिन्हा ने सीपीआर के सभी चरण जैसे कार्डियेक एरेस्ट की पहचान, हाथों से सीपीआर जैसे हैंड्स ऑन प्रैक्टिस पर विस्तारपूर्वक बताया एवं कराया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा निदेशक, डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा, दानापुर मंडल के ईएनएचएम विनय कुमार, जय प्रभा मेदांता अस्पताल से चिकित्सा निदेशक डॉ रवि शंकर सिंह, निदेशक कार्डियोलॉजी, डॉ अजय कुमार सिन्हा एवं एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, केयुर पटेल, एसडीआरफ टीम, रेल कर्मचारी एवं यात्रीगण उपस्थित थे।

# पूर्व मध्य रेल के यात्रियों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल पर यात्रियों एवं रेलकर्मियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेयजल गुणवत्ता की जांच हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रेल प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशनों एवं कॉलोनियों में पानी की टंकियों, वाटर कूलर, वाटरटैप, वाटर फिल्टर, पेयजल वितरण बिंदुओं तथा पाइप लाइनों की नियमित सघन जांच एवं रख रखाव को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल के स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण, जीवाणु संवर्धन परीक्षण एवं अन्य रासायनिक परीक्षण किये जा रहे हैं। इसी क्रम में दानापुर मंडल के स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा स्टेशनों, आवासीय कॉलोनियों एवं कार्यालयों में 177 अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण, 2 जीवाणु संवर्धन परीक्षण एवं 01 रासायनिक परीक्षण सहित कुल 180 पेयजल गुणवता परीक्षण किये गये। धनबाद मंडल में 956 अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण, 23 जीवाणु संवर्धन परीक्षण एवं 01 रासायनिक परीक्षण किये गये। इसी प्रकार सोनपुर मंडल में 319 अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण, 21 जीवाणु संवर्धन परीक्षण एवं 06 रासायनिक परीक्षण किये गये।

इसी तरह समस्तीपुर एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडलों में पानी के सैंपल इक्ट्ठा करके उनकी फिजिकल, केमिकल और बैकटीरियोलॉजिकल जांच के साथ-साथ रेसिडुअल क्लोरीन की भी जांच की जा रही है। पानी की सप्लाई पाइपलाइनों और पाइपिंग सिस्टम की समय-समय पर जांच की जा रही है और पाई गयी कमियों को तुरंत ठीक किया जा रहा है। स्वच्छ पेयजल गुणवत्ता जांच के दौरान आवश्यकतानुसार तत्काल कार्यवाही की जा रही है। यह विशेष अभियान पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों के सभी रेलवे स्टेशनों, आवासीय कॉलोनियों एवं कार्यालयों के सभी पेयजल स्थलों के परीक्षण तथा उनके सुधार तक जारी रहेगा। स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच एवं परीक्षण किया जा रहा है। ताकि रेल यात्रियों एवं रेलकर्मियों को निर्धारित मानकों के अनुरुप स्वच्छ पेयजल उपलब कराया जा सके। रेल प्रशासन रेल यात्रियों एवं रेलकर्मियों के स्वास्थ्य एवं सुविधा को सर्वोपरि रखते हुये स्वच्छ पेयजल व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिये प्रतिबद्ध है।

## पटना में जाम से स्थायी राहत की तैयारी, 6 लेन रिंग रोड पर तेज होगा काम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पथ निर्माण के सचिव पंकज कुमार पाल ने राजधानी पटना समेत दूसरे जिलों में चल रहे सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। विभागीय सभागार में आयोजित बैठक में सचिव श्री पाल ने मुख्य रूप से पटना रिंग रोड निर्माण के प्रगति की अभियंताओं के साथ विस्तृत समीक्षा की। सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-131 जी) के तहत 6 लेन पटना रिंग रोड (रामनगर-कन्हौली सेक्शन) का निर्माण कार्य राज्य परिवहन व्यवस्था के लिए बेहद खास है। इसके निर्माण से पटना शहर में लोगों को जाम की समस्या से स्थायी समाधान मिलेगा। सचिव श्री पाल ने बताया कि 6 लेन पटना रिंग रोड (रामनगर-कन्हौली सेक्शन) के तहत ईपीसी मोड पर 14.5 किमी लंबा 6-लेन रामनगर-कच्ची दरगाह कॉरिडोर सेक्शन का निर्माण किया जाना तय है। कुल 1183 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किए जा रहे इस कॉरीडोर का निर्माण वर्ष 2028 में पूरा किया जाना तय है। सचिव श्री पाल ने कहा कि 6-लेन पटना रिंग रोड के बनने से शहर को भीषण ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिलेगा और भारी वाहन बिना शहर में प्रवेश के बाईपास के सहारे अपने गंतव्य को पहुंच सकेंगे।

# 25 साल पुराने बकाये पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, दिहाड़ी मजदूरों को मिलेंगे एक-एक लाख रुपये

## इपीएफ बकाये पर 12% और वेतन-मजदूरी पर 6% ब्याज देने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार और झारखंड से जुड़े करीब 25 साल पुराने कर्मचारियों और दिहाड़ी मजदूरों के बकाये के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने संबंधित पांच राज्य निगमों के पात्र दिहाड़ी कर्मचारियों एवं श्रमिकों को पहले से निर्धारित बकाये के अतिरिक्त एकमुश्त एक लाख रुपये देने का निर्देश बिहार और झारखंड सरकार को दिया है। मामला बिहार पुनर्गठन अधिनियम, 2000 के बाद बिहार से अलग होकर झारखंड बनने के दौरान पांच राज्य निगमों के कर्मचारियों और श्रमिकों के बकाये तथा सेवा संबंधी दावों से जुड़ा है। इनमें बिहार राज्य निर्माण निगम, बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम, बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम, बिहार राज्य वन विकास निगम और बिहार राज्य पंचायती राज वित्त निगम शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिहाड़ी मजदूरों के बकाये की गणना के लिए 1992 से 42.50 रुपये प्रतिदिन की समान दर अपनाने को उचित नहीं माना। कोर्ट ने कहा कि अलग-अलग अवधि में लागू मजदूरी को नजरअंदाज कर एक समान दर से लंबे समय के बकाये की गणना करना न्यायसंगत नहीं है। अदालत ने देरी से किए गए ईपीएफ भुगतान पर 12 प्रतिशत सालाना साधारण ब्याज तथा वेतन, मजदूरी और अन्य मौद्रिक बकाये पर छह प्रतिशत सालाना साधारण ब्याज देने का भी निर्देश दिया है जिन पात्र श्रमिकों को पहले ही बकाया भुगतान किया जा चुका है, उन्हें भी एक लाख रुपये की अतिरिक्त राशि और लागू ब्याज मिलेगा। कोर्ट ने ऐसे कर्मचारियों, श्रमिकों या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को भी राहत दी है जिनका अब तक सत्यापन नहीं हो पाया है या जिनका पता नहीं चल सका है। वे आदेश की तारीख से 12 महीने के भीतर संबंधित निगम के नोडल अधिकारी के समक्ष आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना दावा पेश कर सकेंगे।

## अब एआइ से पढ़ाएंगे बिहार के शिक्षक, गूगल के साथ राज्य सरकार का करार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार और गूगल एलएलसी के बीच एआई सशक्तीकरण एवं आधारभूत संरचना सहयोग के लिए स्टेटमेंट ऑफ इंटेंट पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए गए। सहयोग का मुख्य उद्देश्य राज्य के शिक्षकों की एआई साक्षरता एवं क्षमता का विकास करना तथा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में आधुनिक डिजिटल और एआई तकनीकों के प्रभावी उपयोग के लिए अनुकूल डिजिटल वातावरण तैयार करना है। इसके तहत गूगल एआई एजुकेटर सीरीज के माध्यम से शिक्षकों को हिंदी और अंग्रेजी में स्थानीय संदर्भों के अनुरूप प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित प्रशिक्षण में शिक्षकों को जेमिनी और नोटबुक एलएम जैसे गूगल के एआई उपकरणों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग से परिचित कराया जाएगा।

## सहकारी बैंकों को अधिक से अधिक पैक्सों से जोड़ें : मंत्री राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने सहकारी बैंकों को अधिक से अधिक पैक्सों से जोड़ने, तकनीकी एवं डिजिटल रूप से सक्षम बनाने तथा ऋण वसूली में तेजी लाकर एनपीए को शून्य पर लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसलिए इन्हें बेहतर वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और आधुनिक तकनीक के साथ कुशल सेवाप्रदाता के रूप में विकसित करना आवश्यक है। मंत्री राम कृपाल यादव आज दी पाटलिपुत्र सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, पटना की वार्षिक आम सभा को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंकों की पहुंच को अधिक से अधिक पैक्सों तक विस्तारित किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों एवं आम लोगों को बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं का बेहतर लाभ मिल सके। उन्होंने सहकारिता आंदोलन को और मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सशक्त सहकारिता ग्रामीण विकास की गति को बढ़ाने के साथ वर्ष 2047 तक विकसित बिहार की संकल्पना को बल प्रदान करेगी। श्री यादव ने सहकारी बैंकों को समय की मांग के अनुरूप तकनीकी रूप से सक्षम बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाओं में डिजिटलीकरण को तेजी से बढ़ाया जाए और आधुनिक तकनीक के माध्यम से ग्राहकों को सरल, सुगम और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता के साथ सहकारी बैंकों को अपनी कार्यप्रणाली में और सुधार करते हुए एक प्रभावी एवं भरोसेमंद सेवाप्रदाता के रूप में विकसित होना होगा।

## कौशल विकास कार्यक्रमों का निरंतर संचालन बेहतर रोजगार एवं कौशल के अवसर : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/वैशाली।** मुंबई में आयोजित प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में सम्मानित होने के बाद डॉ. आनंद रंजन झा बिहार लौट आए हैं। बिहार वापसी के तुरंत बाद उन्होंने बिहार कौशल विकास मिशन एवं युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के कार्यालय का दौरा किया और कुशल युवा कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अपने दौरे के दौरान डॉ. झा ने केवाईपी की वर्तमान स्थिति, इसके संभावित पुनः संचालन तथा आगे की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने यह भी संभावना व्यक्त की कि केवाईपी से संबंधित प्रस्ताव को राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष स्वीकृति के लिए रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं के लिए केवाईपी जैसे कौशल विकास कार्यक्रमों का निरंतर संचालन बेहतर रोजगार एवं कौशल के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

**मुंबई में 'बेस्ट इंस्टिट्यूट ऑफ 2026' से हुए सम्मानित**

गौरतलब है कि डॉ. आनंद रंजन झा ने 27 सितंबर 2026 को मुंबई में आयोजित 'इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टिट्यूट अवार्ड शो 2026' में भाग लिया था जहां उन्हें 'बेस्ट इंस्टिट्यूट ऑफ 2026' सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर एवं लाइफ कोच सोनू शर्मा, मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर शशिश कुमार तिवारी तथा हैलो डिजिटल इंडिया के डायरेक्टर अमजद साठे सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं। अवॉर्ड समारोह के बाद डॉ. झा ने मुंबई एवं आसपास के कई प्रमुख स्थलों का भ्रमण भी किया। इस दौरान उन्होंने सिद्धिविनायक मंदिर, जुहू बीच, एंटीलिया, अभिनेता सलमान खान के आवास, मन्नत तथा डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर से जुड़े स्थलों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा किया।

# पटना में खेलों का महासंग्राम आज, तीन हजार स्कूली खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा

## 24 खेल विधाओं में होंगे मुकाबले, पाटलिपुत्र खेल परिसर में होगा प्रतियोगिता का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पढ़ाई के साथ खेल के मैदान में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए पटना के स्कूली बच्चों को बड़ा मंच मिलने जा रहा है। बिहार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिला शिक्षा कार्यालय की ओर से वार्षिक विद्यालय खेल कार्यक्रम 2026-27 के तहत जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 30 सितंबर (बुधवार) से 4 अक्टूबर तक किया जाएगा। पांच दिवसीय प्रतियोगिता में 24 खेल विधाओं में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। करीब तीन हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। ये सभी प्रतियोगिताएं पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर समेत अन्य खेल आयोजन स्थलों पर होगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन 30 सितंबर को सुबह 9 बजे कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में होगा। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों की मार्च पास्ट होगी। उद्घाटन के बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अलग-अलग खेलों के मुकाबले शहर के विभिन्न खेल स्थलों पर कराए जाएंगे। क्रिकेट के बालक वर्ग में चयन ट्रायल भी आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। कक्षा छह से 12वीं तक के विद्यार्थी इसमें शामिल हो सकते हैं। खिलाड़ियों की आयु की गणना 31 दिसंबर 2026 के आधार पर की जाएगी। सरकारी विद्यालयों के अलावा मान्यता प्राप्त सीबीएसई और आईसीएसई विद्यालयों के विद्यार्थी भी प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, खो-खो, शतरंज, वॉलीबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल, टेबल टेनिस, तीरंदाजी, सॉफ्टबॉल, साइकिलिंग, कुश्ती, भारोत्तोलन, योग, कराटे, बॉक्सिंग, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, वुशू, हॉकी, बास्केटबॉल, तैराकी, हैंडबॉल और रग्बी शामिल हैं। एथलेटिक्स, खो-खो, शतरंज, वॉलीबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल, टेबल टेनिस, तीरंदाजी, हैंडबॉल और रग्बी के मुकाबले पाटलिपुत्र खेल परिसर में होंगे। कुश्ती, भारोत्तोलन, योग, कराटे और बॉक्सिंग के लिए राजेंद्र नगर स्थित खेल भवन-सह-व्यायामशाला को केंद्र बनाया गया है। ताइक्वांडो और वुशू के मुकाबले साई प्रशिक्षण केंद्र, हॉकी राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर, बास्केटबॉल राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र नगर और तैराकी चंद्रगुप्त जल विहार मोइनुल हक स्टेडियम में होगी। जिला खेल कार्यालय के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर छिपी खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए जिला, राज्य और उच्चस्तरीय प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने का रास्ता तैयार होगा। विद्यालय खेल आयोजनों के माध्यम से स्कूलों में खेल संस्कृति विकसित करने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शुरुआती स्तर पर पहचानकर उन्हें प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने पर भी जोर दिया जा रहा है। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार सामान्यतः एक खिलाड़ी एक ही खेल में भाग ले सकेगा। हालांकि एथलेटिक्स में खिलाड़ी अधिकतम तीन स्पर्धाओं में हिस्सा ले सकते हैं। टीम वाले खेलों में विद्यालयों को पूरी टीम के साथ प्रतियोगिता में भाग लेना होगा।

# पर्व के मद्देनजर शांति बनाए रखना समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** दुर्गापूजा, दीपावली एवं छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी, रोहतास एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक सासाराम विधानसभा, विधायक नोखा विधानसभा, विधायक डिहरी विधानसभा, तीनों अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, शांति समिति के सदस्य, पूजा समिति के प्रतिनिधि, मुहर्रम समिति के प्रतिनिधि तथा संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि रोहतास जिले में सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की समृद्ध परंपरा रही है। आगामी पर्वों के दौरान भी विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी पूजा समितियों एवं शांति समिति के सदस्यों से प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की अपील की। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं पूजा समितियों के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों की स्थानीय समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा गया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को पर्व से पूर्व सभी प्रमुख पूजा स्थलों, जुलूस मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जहां सड़कें क्षतिग्रस्त है वहां आवश्यकतानुसार शीघ्र मरम्मत करने को कहा गया। पर्व के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पर्याप्त पेयजल उपलब्धता एवं आवश्यकतानुसार टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में ध्वनि विस्तारक यंत्र, लाउडस्पीकर एवं डीजे के उपयोग को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान निर्धारित नियमों एवं प्रशासनिक निर्देशों का पूर्णतः पालन करना अनिवार्य होगा। डीजे एवं अनधिकृत अथवा अत्यधिक ध्वनि वाले ध्वनि उपकरणों के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। पूजा समितियों से अपील की गई कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित ध्वनि सीमा एवं अन्य नियमों का पालन करते हुए ही कार्यक्रम आयोजित करें। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रमुख पूजा स्थलों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं आवश्यकतानुसार महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। पूजा समितियों को आयोजन से संबंधित निर्धारित अनुमति एवं प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा गया।

# डिहरी स्टेशन पुनर्विकास पर 22.36 करोड़ स्वीकृत, अब तक 4.67 करोड़ खर्च

## आरटीआई में खुलासा, दिसंबर 2026 तक सभी कार्य पूरा करने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी ऑन-सोन रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास को लेकर टीम डिहरीयंस के सदस्य जयंत राज द्वारा दायर आरटीआई का जवाब पूर्व मध्य रेलवे की गति शक्ति यूनिट ने दिया है। 22 सितंबर 2026 को जारी जवाब के अनुसार अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन के पुनर्विकास के लिए कुल 22.36 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। रेलवे ने सभी कार्यों को दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आरटीआई के अनुसार स्टेशन उन्नयन के लिए 5.32 करोड़, फुट ओवरब्रिज के लिए 6.14 करोड़ और बुकिंग कार्यालय के लिए 4.44 करोड़ स्वीकृत हैं। इन तीन प्रमुख कार्यों की कुल लागत 15.90 करोड़ है। इनमें से स्टेशन उन्नयन पर अब तक 2.46 करोड़, एफओबी पर 76 लाख और बुकिंग कार्यालय पर 1.45 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं। इस तरह तीनों कार्यों पर कुल 4.67 करोड़ खर्च होने की जानकारी दी गई है।

पुनर्विकास योजना में सर्कुलेटिंग एरिया, स्टेशन भवन का नवीनीकरण, शौचालय ब्लॉक, प्रवेश-निकास द्वार, प्लेटफॉर्म शेड एवं सरफेसिंग, वाटर बूथ, दिव्यांगजन सुविधाएं, फुट ओवरब्रिज और लिफ्ट शामिल हैं। स्टेशन उन्नयन के तहत पार्किंग क्षेत्र विकसित करने की भी जानकारी दी गई है। हालांकि एस्केलेटर, दोनों ओर कनेक्टिविटी तथा यातायात प्रबंधन की अलग लागत और समयसीमा का उल्लेख जवाब में नहीं है। रेलवे के अनुसार स्टेशन उन्नयन का एलओए 20 जून 2023, एफओबी का 14 जुलाई 2023 और बुकिंग कार्यालय का 25 फरवरी 2025 को जारी हुआ था। कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है, लेकिन अब तक हुए निरीक्षणों की संख्या, तारीख, अधिकारियों के नाम और निरीक्षण रिपोर्ट आरटीआई जवाब में उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसी तरह ठेकेदारों के नाम और टेंडर की प्रतियां भी उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। टीम डिहरीयंस के संस्थापक सह अध्यक्ष चन्दन कुमार ने कहा कि डिहरी ऑन- सोन स्टेशन को बेहतर बनाने की लड़ाई टीम डिहरीयंस लगातार लड़ रहा है। आरटीआई से मिली जानकारी के आधार पर स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की प्रगति और खर्च पर नजर रखी जाए।

# दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ,(रोहतास)।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को दावथ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार ने की जबकि संचालन थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजीयरा ने किया। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष ने पूजा को लेकर प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य होगा, वहीं भीड़भाड़ वाले स्थानों और मुख्य पंडालों पर पुलिस की विशेष तैनाती की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पूजा के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और किसी भी पंडाल में अश्लील गाने नहीं बजाए जाएंगे, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# डालमियानगर खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण की प्रशासन करेगा पहल

## जनहित में मैदान को बचाने के लिए सरकार को भेजा जाएगा प्रस्ताव : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर स्थित खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण को लेकर जिला प्रशासन पहल करेगा। मंगलवार को डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज एवं रोहतास उद्योग के शासकीय समापक डॉ. रमेश ने संयुक्त रूप से डालमियानगर खेल मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान मैदान के संरक्षण एवं इसके सार्वजनिक उपयोग को लेकर चर्चा हुई। आगामी दशहरा पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियों का भी अधिकारियों ने जायजा लिया। डीएम ने कार्यक्रम स्थल पर भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, साफ-सफाई, आवागमन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम दीपक कुमार मिश्रा ने कहा कि डालमियानगर का यह मैदान स्थानीय लोगों, बच्चों एवं युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए यहां स्टेडियम का निर्माण जरूरी है। मैदान को सार्वजनिक एवं खेल गतिविधियों के लिए उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवश्यक पहल की जाएगी तथा इस संबंध में सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता संजय सिंह बाला ने बताया कि वर्ष 2020 में तत्कालीन शासकीय समापक द्वारा डालमियानगर खेल मैदान को प्रशासन को सौंपने का लिखित आश्वासन दिया गया था। इस संबंध में प्रस्ताव कंपनी जज के न्यायालय को भी सौंपा गया था। उन्होंने जिला प्रशासन से मैदान की बिक्री पर रोक लगाने तथा स्टेडियम निर्माण के लिए सरकार द्वारा भूमि का अधिग्रहण किए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि डिहरी शहर को सेटेलाइट टाउनशिप के रूप में विकसित करने का निर्णय भी सरकार द्वारा लिया गया है। ऐसे में शहर के बीच स्थित इस मैदान को संरक्षित कर खेल एवं सार्वजनिक गतिविधियों के लिए विकसित करना उपयोगी होगा। विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह ने भी मैदान में स्टेडियम निर्माण के लिए मुख्यमंत्री स्तर पर पहल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्टेडियम का निर्माण आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नीलेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि अरुण शर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

# आश्रय गृह में बच्चों की सुरक्षा पर डीएम सख्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)।** बच्चों के आश्रय स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उनकी पढ़ाई, भोजन, स्वास्थ्य और पुनर्वास की व्यवस्था भी सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। मंगलवार को जिलाधिकारी कुमार अनुराग की अध्यक्षता में जिला निरीक्षण समिति ने दादर, मोहनियां स्थित वृहद आश्रय गृह और चैनपुर के केवा पंचायत स्थित सुरक्षित स्थान एवं प्रेक्षण गृह का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने बच्चों से सीधे बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। दादर स्थित आश्रय गृह में बच्चों से उनके रहने, भोजन, पढ़ाई और स्वास्थ्य से जुड़ी व्यवस्थाओं के बारे में पूछा गया। बच्चों की दैनिक गतिविधियों और जरूरतों की जानकारी लेने के साथ आश्रय गृह में तैनात कर्मियों की उपस्थिति और ड्यूटी व्यवस्था की भी समीक्षा की गयी। कर्मियों को अपनी जिम्मेदारी के प्रति गंभीर रहने और बच्चों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने का निर्देश दिया गया। आश्रय गृह में रहने वाले बच्चों की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया गया। बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का निर्देश दिया गया। भविष्य को ध्यान में रखते हुए व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था करने को कहा गया, ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ कोई हुनर भी सीख सकें। बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कराने और जरूरत पड़ने पर तत्काल इलाज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। विशेषज्ञों के माध्यम से काउंसलिंग कराने पर भी जोर दिया गया। ताकि बच्चों को मानसिक और भावनात्मक सहयोग मिल सके। निरीक्षण के दौरान भोजन व्यवस्था की भी जांच की गयी।

# विश्व वरिष्ठ दिवस समारोह एक अक्टूबर को, बुजुर्गों की स्वास्थ्य सुविधाओं पर रहेगा जोर : उमाशंकर पासवान




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व वरिष्ठ दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ नागरिक संघ रोहतास-डिहरी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को डिहरी अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक संजीव कुमार सिंह से मुलाकात की और उन्हें समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने अस्पताल में बुजुर्गों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में विशेष ध्यान देने की अपील की। संघ के अध्यक्ष लालजी प्रसाद, अनुमंडल प्रभारी उमाशंकर पासवान, जिला महासचिव दुखराज महतो एवं कोषाध्यक्ष सीताराम लाल ने उपाधीक्षक से कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को अस्पताल में इलाज के दौरान आवश्यक सुविधाएं और सम्मान मिले, इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उमाशंकर पासवान ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए संघ लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिक संघ रोहतास-डिहरी के तत्वावधान में एक अक्टूबर, गुरुवार को सुबह 11 बजे कुशवाहा सभा भवन, न्यू जीटी रोड, डिहरी ऑन सोन में विश्व वरिष्ठ दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और उनकी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा होगी। समारोह में वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाकर तीन हजार रुपये करने, वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में 50 प्रतिशत छूट बहाल करने तथा स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही सरकार द्वारा संचालित सामाजिक कल्याण एवं सुरक्षा योजनाओं का लाभ वरिष्ठ नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की मांग उठाई जाएगी। संघ ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 लागू किया गया है। बिहार सरकार ने भी वर्ष 2012 में इससे संबंधित नियमावली लागू की थी। समारोह में वरिष्ठ नागरिकों को कानून के तहत प्राप्त अधिकारों और सुविधाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। संघ ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में शामिल होने की अपील की है।

# भाजपा राज में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा : रंजीत डोम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतीय डोम महासभा के संस्थापक एवं आम आदमी पार्टी के मोहनियां विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रंजीत डोम ने बिहार सरकार पर महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा सरकार बनने के बाद महिलाओं एवं छात्राओं के साथ यौन शोषण की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। रंजीत डोम ने कहा कि भाजपा के नेता लालू प्रसाद यादव के शासनकाल को 'जंगलराज' कहते हैं, लेकिन वर्तमान शासन में भी महिलाओं के साथ आपराधिक घटनाओं के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई घटनाओं के वीडियो बनाकर प्रसारित किए जा रहे हैं जबकि पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग के प्रमुख ज्ञानेश कुमार पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें भाजपा का एजेंट बताया। रंजीत डोम ने आरोप लगाया कि बिहार में भाजपा की सरकार बनाने में ज्ञानेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है और देश को राजतंत्र की ओर ले जाने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इतिहास ज्ञानेश कुमार की भूमिका का मूल्यांकन करेगा।

# ट्रेन में लावारिस पांच बैग से 22 किलो गांजा बरामद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल ने मंगलवार को डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पर ट्रेन की जांच के दौरान सीट के नीचे रखे पांच लावारिस बैग से 22 किलोग्राम गांजा बरामद किया। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 11 लाख रुपये बताई जा रही है। आरपीएफ ने गांजा जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी डिहरी ऑन-सोन को सौंप दिया जहां एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरपीएफ के अनुसार निरीक्षक प्रभारी आरके कच्छवाहा एवं आरपीएफ अपराध आसूचना शाखा गया के निरीक्षक चंदन कुमार के नेतृत्व में टीम ने आपराधिक गतिविधियों की निगरानी और चेकिंग के दौरान ट्रेन संख्या 13009 अप की जांच की। ट्रेन के डिहरी ऑन-सोन स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर पहुंचने पर एस-4 कोच में सीट के नीचे पांच अलग-अलग बैग लावारिस हालत में मिले। आसपास के यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने भी बैग पर अपना दावा नहीं किया। इसके बाद आरपीएफ जवानों ने सभी बैग को स्टेशन के पश्चिमी छोर पर पोल संख्या 555/3ए से 5ए के पास उतारकर जांच की। बैगों में सेलो टेप से लपेटे हुए गांजा जैसा मादक पदार्थ मिला। अधिकारियों एवं गवाहों की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी और वीडियोग्राफी की गई। तलाशी में हरे रंग के लाइनदार थैले से 6.600 किलो, काले-हरे चेकदार थैले से 4.400 किलो, 'एसकेवाइ' लिखे काले रंग के पिट्ठू बैग से 4.400 किलो, 'एडीदास' लिखे काले रंग के पिट्ठू बैग से 4.400 किलो तथा मैरून रंग के लेडीज पर्स से 2.200 किलो गांजा बरामद हुआ। कुल वजन 22 किलोग्राम पाया गया। कार्रवाई में आरपीएफ डिहरी ऑन-सोन के उप निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी व सोमनाथ राम, प्रधान आरक्षी रंजीत कुमार, आरक्षी अभिमन्यु सिंह तथा आरपीएफ गया अपराध आसूचना शाखा के सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी एवं आरक्षी नवीन पांडे शामिल थे। आरपीएफ ने जब्ती सूची तैयार कर बरामद मादक पदार्थ को लिखित शिकायत के साथ राजकीय रेल थाना डिहरी ऑन-सोन को सौंप दिया।

# हजारों दलित भूमिहीन परिवार उतरे सड़क पर

## समतामूलक संग्राम दल ने हजारों भूमिहीनों के लिए चेनारी में किया प्रतिरोध प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** चेनारी में समता मूलक संगम दल के बैनर तले चेनारी के सड़कों पर हजारों भूमिहीन महादलित परिवार के साथ चेनारी के सड़कों पर सरकार के खिलाफ बड़ा विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में महिला सहित युवा और पुरुष भाग लिए वहीं मीडिया से बात करते हुए समता मूलक संगम दल के नेता एड. परमहंस कुमार ने बताया कि आज सरकार द्वारा रेन बसेरा योजना के तहत जो जमीन का वितरण किया जा रहा है सरकार केवल इस योजना में भूमिहीन को पर्चा दे रही है जबकि सरकार को इस योजना के तहत जमीन के साथ कागजी दखल दिलाना चाहिए। इन सारे मांगों को लेकर चेनारी के सड़कों पर हजारों की संख्या में अंचल कार्यालय के पास किया गया विरोध प्रदर्शन। वही अंचल अधिकारी ने इन सारे मांगों को मानते हुए आश्वासन दिया कि उनके द्वारा दिए गए जो मांग है उन पर अधिकारी से बात कर सारे मांगों को मनाने का पूरा प्रयास किया जाएगा वही इस प्रदर्शन में समतामूलक संगम दल के प्रदेश प्रमप्रकाश चंद्रवंशी के साथ जिलाध्यक्ष उदय शंकर राम, जिला प्रभारी जगजीवन राम, जिला सचिव सूर्यकांत कुमार, प्रखंड अध्यक्ष सूचित राम के साथ मुकेश कुमार, राजेश कुमार, प्रमिला देवी, जयप्रकाश राम ने इस प्रदर्शन में भाग लिया।


**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त ई-निविदा सं. डीसीपीएम-जीएस-ईएनजी-एसडीएएच-04-26-27 (एकल पैकेट प्रणाली में खुली निविदा), दिनांक: 24.09.2026,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई/अभियांत्रिकी, पूर्व रेलवे, सियालदह, तीसरा तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** कांचरापाड़ा वर्कशॉप: टीआर लाइनों में रेलवे ट्रैक का जीरो लेवल ट्रैक में रूपांतरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 8,52,71,983.05, **बयाना राशि :** रु. 17,05,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह। **खुलने की तिथि :** दिनांक 13.10.2026, 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www. ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए कोई मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-242/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-42डी-25, दिनांक 23.09.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए **निविदा क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-42डी-25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** हावड़ा मंडल में लार्ज स्पैन जंपरों/जी जंपरों आदि का प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,83,06,196.88, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 3,66,100/-, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 23.10.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www. ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-355/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# निःशुल्क बांटी जाएंगी 'बक्सर माहात्म्य' और 'भजनकल्पतरू' पुस्तकें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** धार्मिक और आध्यात्मिक ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज के निर्देश पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत 'बक्सर माहात्म्य' और 'भजनकल्पतरू सह गुरुपरंपरा संग्रह' नामक दो महत्वपूर्ण ग्रंथों को जिले के 86 गांवों में निःशुल्क वितरित किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक लोग बक्सर धाम के धार्मिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व से अवगत हो सकें। इस अभियान की जानकारी देते हुए आचार्य पंडित दशरथ मिश्रा ने बताया कि जियर स्वामी जी महाराज का स्पष्ट निर्देश है कि इन दोनों पुस्तकों को गांव-गांव जाकर सामाजिक कार्यकर्ताओं और सार्वजनिक स्थलों तक पहुंचाया जाए जिससे इसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। उन्होंने बताया कि पुस्तकें पूरी तरह निःशुल्क दी जा रही है और लोगों से अपील की जा रही है कि वे पहले स्वयं इनका अध्ययन करें और फिर गांव के अन्य लोगों को भी पढ़ने के लिए दें, ताकि ज्ञान की यह परंपरा आगे बढ़ती रहे। आचार्य मिश्रा स्वयं लगातार गांवों का दौरा कर लोगों से संपर्क कर रहे हैं और दोनों पुस्तकों के महत्व को समझा रहे हैं।


बिहार सरकार

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय औरंगाबाद**

(डी0सी0आर0बी0,शाखा)



नाम— सत्येन्द्र प्रसाद गुप्ता उम्र—50 वर्ष पिता—स्व0 सुखारी साव सा0—शिव मंदिर के पिछे वार्ड नं0—14, शाहपुर थाना—नगर, जिला—औरंगाबाद

लंबाई— 05 फीट

रंग— गोरा

पहनावा— पीला रंग का शर्ट एवं डीप नीला रंग का लोअर पहने हुए।

उक्त लापता/गुमशुदा महिला के बारे में किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद, के मोबाईल नं0—9031826305 एवं थानाध्यक्ष नगर थाना के मोबाइल नं0—9031826335 पर सम्पर्क करने की कृपा करें।

पुलिस अधीक्षक
औरंगाबाद

PR- 012792 (Police) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार

**उत्पाद न्यायालय, वरीय उप समाहर्त्ता –सह– पीठासीन पदाधिकारी, औरंगाबाद**

(मद्यनिषेध कोर्ट–6)

**अति आवश्यक सूचना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा निम्नलिखित वादों में वाहन मालिकों/भूमि मालिकों/संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन/भूमि/सामग्री को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IV में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति/वाहन के भुगतान पर जप्त वाहन एवं नियम 12(ख) के तहत भू–स्वामी से प्रपत्र V में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त/सील परिसर को छोड़ने का प्रावधान है।

उत्पाद अधिहरण वाद में सुनवाई की तिथि– **10.10.2026** को निर्धारित की गयी है।

**अधिहरण हेतु वाहन/भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–**

| क्र0 सं0 | उत्पाद वाद सं0 | वाहन /भूमि मालिक का नाम एवं पता | थाना/उत्पाद थाना कांड संख्या | वाहन/भूमि का विवरण | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 134/25 | **नाम :– मो0 इस्तियाक**<br>पिता :– मो0 मुस्ताक,<br>पता :– H.No D36/1 4Th Floor अबूल फजल इंक्लेभ, पार्ट–2<br>थाना :– जामीया नगर,<br>जिला :– नई दिल्ली (दिल्ली)<br>पिन नं0– 110025 | कासमा थाना काण्ड सं0 111/25 दिनांक– 25.08.2025 | **होण्डा सी0 बी0 साईन मोटरसाइकिल निबंधन सं0– DL-3SCC-7355,** चेचिस नं0– **ME4JC731GG8051840** इंजन सं0– **JC73E80104503** | |
| 02 | 94/26 | **नाम.:– शिवानी चौहान**<br>पिता/पति :– संजय चौहान,<br>पता :– M 533M BLock, JJ Colony, Shakupur<br>थाना :– दिल्ली<br>जिला :– दिल्ली (दिल्ली)<br>पिन नं0– 110034 | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड सं0 **13/26** दिनांक– **08.01.2026** | **हिरो होण्डा पैशन प्लस मोटरसाइकिल निबंधन सं0– DL-11SA-0834, चेचिस नं0– MBLHA10EL99K08428, इंजन नं0 – HA10EB99K09205** | |

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति, जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा आपके उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

नीलामी की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

वरीय उप समाहर्त्ता–सह–पीठासीन पदाधिकारी,
उत्पाद न्यायालय नं0 – 6, औरंगाबाद

PR- 012750 ( Excise ) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# गाना बजाने को लेकर विवाद, भाइयों पर चाकू से हमला, एक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के देवनपुरा गांव में छठी कार्यक्रम के दौरान गाना बजाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान तीन सहोदर भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना में तीनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान एक भाई की मौत हो गई।

मृतक की पहचान देवनपुरा गांव निवासी भोला मांझी के पुत्र संदीप मांझी के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही कादिरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी।

बताया जाता है कि गांव में छठी कार्यक्रम का आयोजन चल रहा था। इसी दौरान गाना बजाने को लेकर कुछ लोगों के बीच विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मारपीट होने लगी। इसी दौरान तीन सहोदर भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों एवं स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान संदीप मांझी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में कुल पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर घटना के कारणों और वारदात में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# टॉपर्स कॉन्वेंट स्कूल में साइबर सुरक्षा पर चर्चा, डीएसपी ने छात्रों की प्रतिभा को सराहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** जिला प्रशासन, नवादा के तत्वाधान में टॉपर्स कॉन्वेंट स्कूल में सोमवार को साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवादा के साइबर पुलिस उपाधीक्षक, एवं जिला प्रशासन के कई वरीय अधिकारी उपस्थित हुए।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने साइबर सुरक्षा विषय पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर ठगी से बचने का संदेश बड़े ही प्रभावशाली ढंग से दिया गया, जिसे उपस्थित सभी अतिथियों ने खूब सराहा।

अपने संबोधन में पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध एक बड़ी चुनौती है और इससे बचने का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता है। उन्होंने टॉपर्स कॉन्वेंट स्कूल के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए छात्रों को ऑनलाइन सुरक्षित रहने के गुर सिखाए।

कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे छात्रों को मेडल, प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के निदेशक माननीय आदित्य शेखर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और हमारा बिहार साइबर सुरक्षित बिहार बनेगा।

## एक नजर

### उड़ान जीविका महिला प्रशिक्षण एवं शिक्षण केंद्र नवादा की सातवीं वार्षिक आम सभा का आयोजन



**नवादा।** उड़ान जीविका महिला प्रशिक्षण एवं शिक्षण स्वावलम्बी सहकारी समिति लिमिटेड नवादा के वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन उड़ान जीविका के निदेशक मंडल कि दीदियाँ एवं प्रशिक्षण अधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सभा में समिति सचिव के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया तथा आगामी वर्ष का प्लान बताया गया। और अध्यक्ष रूपा कुमारी के धन्यवाद ज्ञापन द्वारा वार्षिक आम सभा का समापन किया गया। इस वार्षिक आम सभा में नवादा जिले के सभी 14 प्रखंडो से 40 संकुल स्तरीय संघ कि सैंकड़ो दीदियों के साथ-साथ प्रबंधक आई.बी.सी.बी. जीविका पिंटू कुमार चौधरी, प्रशिक्षण अधिकारी सुचित्रा कुमारी, टीएलसी के पूर्व फैसिलिटेटर मुकेश कुमार, को-आर्डिनेटर संजीत कुमार, रात्रि प्रहरी रवि रंजन मौजूद रहे।

### चोरी की छह साइकिलें बरामद

**नारदीगंज,नवादा।** गुप्त सूचना के आधार पर डायल 112 की पुलिस टीम ने मंगलवार को वनगंगा (चौरमा) गांव से चोरी की छह साइकिलें बरामद की हैं। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि सटीक इनपुट मिलने पर त्वरित कार्रवाई की गई। इस दौरान स्थानीय लोगों ने चोरी करते एक नाबालिग को पुलिस के हवाले किया है। फिलहाल आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### पिता की हत्या के मामले में बेटे को उम्रकैद, पांच हजार रुपये अर्थदंड

**नवादा।** पिता की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए पुत्र को अदालत ने सश्रम आजीवन कारावास तथा पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। सोमवार को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय उपेंद्र कुमार की अदालत ने यह फैसला सुनाया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अधिवक्ता नवनीत कुमार ने पक्ष रखा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पकरीबरावां थाना क्षेत्र के ओदेपुरा गांव निवासी मुकेश मांझी ने अपने पिता इन्दल मांझी पर चाकू से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल अवस्था में इलाज के लिए ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई थी। घटना 27 सितंबर 2024 की रात करीब आठ बजे की बताई गई है।

मृतक की पत्नी मनकवा देवी के बयान पर स्थानीय थाना में कांड संख्या 435/24 दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी पुत्र के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने घटना से संबंधित गवाहों के बयान और पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य अदालत के समक्ष रखे। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपी मुकेश मांझी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत दोषी पाया। इसके बाद न्यायालय ने उसे सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। मामले में अदालत के फैसले के बाद मृतक के परिजनों को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।

### 879 लीटर अवैध शराब को किया नष्ट

**अकबरपुर (नवादा)।** अकबरपुर थाना क्षेत्र में जब्त की गई अवैध शराब का विनष्टीकरण किया गया। पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में बरामद एवं जब्त की गई शराब को नियमानुसार नष्ट करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान अंचल अधिकारी संजय कुमार थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार एवं अन्य कर्मियों की उपस्थिति में जब्त शराब को थाना परिसर में निर्धारित प्रक्रिया के तहत विनष्टीकृत किया गया।

# आंगन का मिलन कार्यक्रम में बच्चों व अभिभावकों ने लिया उत्साह से हिस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अकबरपुर (नवादा)।** बाल विकास परियोजना कार्यालय, अकबरपुर के अंतर्गत मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्रों पर 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ अभिभावकों और समुदाय को आंगनवाड़ी केंद्रों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम का आयोजन सीडीपीओ सुशीला धान के मार्गदर्शन में किया गया। सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक चले कार्यक्रम में बच्चों, माताओं और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नए नामांकित बच्चों एवं उनके माता-पिता का स्वागत और पंजीयन किया गया। इसके बाद लाभार्थी माताओं ने आंगनवाड़ी केंद्रों से मिलने वाली सेवाओं एवं योजनाओं से बच्चों और परिवार को हुए लाभ के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, लाभार्थियों एवं आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं ने पोषण, स्वास्थ्य, टीकाकरण तथा महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं की जानकारी दी। जनजागरूकता रैली और रंगमंच के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया। वहीं, छोटे बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए खेल, गीत, कहानी और अन्य गतिविधियां कराई गईं। बच्चों ने उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीडीपीओ सुशीला धान ने कहा कि आंगन का मिलन कार्यक्रम बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करने और परिवार व समुदाय को आंगनवाड़ी केंद्रों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि पोषित बच्चा, शिक्षित परिवार और समृद्ध समाज के संकल्प को सामूहिक प्रयास से ही साकार किया जा सकता है।

# 248 लीटर शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**अकबरपुर (नवादा)।** अकबरपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 248 लीटर शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि , गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी शुरू की। इसी दौरान एस आई अल्का कुमारी के द्रारा एक टीम गठित कर रात्री मे सुचना मिली की दो मोटरसाइकिल पर अबैध शराब फतेहपुर के रास्ते ले जा रहा है .अल्का कुमारी के नेतृत्व गाडी को पिछा करते हुए दो मोटरसाइकिल व रोहित कुमार सहित विधि विरुद्ध बालक के भारी मात्रा में शराब बरामद हुई।बरामद शराब को पुलिस ने जब्त कर लिया और मौके से दो आरोपियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जांच में शराब की खेप को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने की बात सामने आई है। हालांकि, शराब कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था, इसका पता लगाने के लिए पुलिस आगे की जांच कर रही है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए यह सफलता मिली। बरामद शराब की कीमत और उसके स्रोत के संबंध में भी जांच की जा रही है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस कारोबार में उनके साथ कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है या नहीं।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बीडीओ ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नारदीगंज,नवादा।** मध्य विद्यालय हंड़िया में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल की साफ-सफाई, पठन-पाठन और छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता विषय पर बनाई गई आकर्षक पेंटिंग व क्विज प्रतियोगिता का जायजा लिया बच्चों के हुनर और साफ-सफाई को देखकर बीडीओ ने उनकी जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। बीडीओ ने बच्चों को अपने घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखने की सीख दी। मौके पर प्रधानाध्यापक मनोज कुमार झा व शिक्षक अखिलेश किशोर, पूजा वर्मा, कुंदन कुमार, रोहित कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

## नालंदा

# शिक्षा की नींव पर खड़ा होगा सपनों का भारत : राकेश बिहारी शर्मा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार देर शाम सीआरसी मेयार में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर चित्रांकन एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें नौ विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने चित्रों और भाषण के माध्यम से स्वच्छ, विकसित, शिक्षित और समान अवसर वाले भारत की कल्पना प्रस्तुत की।प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय ककडिया के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। वर्ग आठ के छात्र जौशन कुमार ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वर्ग सात की छात्रा वर्षा कुमारी ने चित्रांकन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सफलता पर विद्यालय परिवार ने दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया।इस अवसर पर शिक्षक एवं शिक्षाविद् राकेश बिहारी शर्मा ने कहा कि बच्चों के सपने देश के भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षा ही सपनों के भारत की सबसे मजबूत नींव है। प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समान अवसर और प्रतिभा विकसित करने का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि बच्चों में सोचने, सवाल पूछने, सृजन करने और जिम्मेदार नागरिक बनने की क्षमता विकसित करना भी है।प्रभारी शिक्षक जितेंद्र कुमार मेहता ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता बढ़ाती हैं। शिक्षिका पूजा कुमारी ने कहा कि बच्चों के चित्रों और विचारों में उनके सपनों का भारत स्पष्ट दिखाई दिया। मौके पर अनुज कुमार, अनीता कुमारी, अरविन्द कुमार शुक्ल, विश्वरंजन कुमार सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# साहित्य, समाज और तकनीकी नवाचार के समन्वय से बनेगा बेहतर भविष्यः सुनीता सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**बिहारशरीफ।** नालंदा कॉलेज में आयोजित साहित्य, समाज एवं तकनीकी नवाचार विषयक द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का मंगलवार को समापन हुआ। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में साहित्य, समाजशास्त्र, शिक्षा, मानविकी, सामाजिक विज्ञान और तकनीकी नवाचार से जुड़े विषयों पर विमर्श हुआ। दो दिनों में करीब 400 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। देश के विभिन्न राज्यों के अलावा चार देशों के शोधार्थियों सहित 125 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से शोधपत्र प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होने के साथ उसे दिशा देने वाली रचनात्मक शक्ति भी है। तकनीकी युग में साहित्य, सामाजिक सरोकार और तकनीकी नवाचार के बीच सार्थक संवाद जरूरी है। विशिष्ट अतिथि श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज, पटना सिटी के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि डिजिटल तकनीक ने ज्ञान के आदान-प्रदान को वैश्विक स्वरूप दिया है।मानविकी संकाय के अध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार ने तकनीकी प्रगति के दौर में मानविकी विषयों की बढ़ती प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने कहा कि नालंदा की धरती ज्ञान और बौद्धिक परंपरा की भूमि रही है। उन्होंने भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के अकादमिक आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ध्रुव कुमार ने किया।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम, सेविकाओं को किया सम्मानित

**बिहारशरीफ।** सेवा संकल्प अभियान के तहत नालंदा जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक विशेष आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में इस्लामपुर प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी अर्चना कुमारी ने भाग लिया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी सेविकाओं को सम्मानित करते हुए विभागीय योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में स्कूल पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों का स्वागत किया गया और उनके अभिभावकों से बच्चों के पोषण एवं विकास को लेकर संवाद किया गया। लाभार्थी माताओं ने विभिन्न योजनाओं से हुए बदलाव के अनुभव भी साझा किए। आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, लाभुक एवं आशा दीदी का सार्वजनिक अभिनंदन किया गया।एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं ने पोषण, स्वास्थ्य, टीकाकरण तथा महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं की जानकारी स्थानीय भाषा में दी। ईसीसीई गतिविधियों के तहत बच्चों ने खेल, गीत, कहानी और छोटी प्रस्तुतियां दीं। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने केंद्रों पर पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक बाल विकास और पूर्व-प्राथमिक शिक्षा की गतिविधियां नियमित रूप से संचालित करने का निर्देश दिया।

# उद्यमियों ने उठाई समस्याएं, डीएम ने त्वरित समाधान का दिया भरोसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में औद्योगिक विकास को गति देने और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहर्ता कार्यालय में जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में 'उद्योग वार्ता' का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक धनजी कुमार ने किया। इसमें नालंदा चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अनिल अकेला ने जिले के उद्योग जगत से जुड़ी समस्याओं और प्राथमिकताओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। उन्होंने 12 टीपीएच क्षमता के अत्याधुनिक सीबीजी प्लांट की स्थापना तथा कृषि एवं औद्योगिक उत्पादों के सुरक्षित भंडारण के लिए कोल्ड चेन सुविधा से युक्त मल्टी-लेवल वेयरहाउस निर्माण हेतु बियाडा की उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने की मांग की।उद्यमियों ने औद्योगिक इकाइयों के लिए निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा शहर एवं औद्योगिक क्षेत्रों में जाम की समस्या दूर करने की भी मांग रखी। उद्यमियों का कहना था कि यातायात बाधित होने से कच्चे माल की आपूर्ति और तैयार उत्पादों के परिवहन में देरी होती है। डीएम ने सभी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उद्यमियों की व्यावहारिक समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान करने का निर्देश दिया। बियाडा भूमि आवंटन और आधारभूत संरचना से जुड़े मामलों में भी सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। मौके पर इडीओ अमरिंदर भूषण प्रसाद, अजय गुप्ता समेत कई अधिकारी व उद्यमी मौजूद रहे।

# पीएम आवास योजना में गड़बड़ी का आरोप, मुखिया को बनाया

## ग्राम सभा में हंगामा, वंचित ग्रामीणों ने डीएम से दोबारा जांच की मांग की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**बिहारशरीफ।** सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर और ग्राम सभा आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में हरनौत प्रखंड की सरथा पंचायत में पीएम आवास योजना के लाभुकों के चयन को लेकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। स्थिति बिगड़ने पर ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया को भी कुछ देर के लिए बंधक बना लिया। हंगामे के कारण ग्राम सभा को स्थगित करना पड़ा।बताया जाता है कि सरथा पंचायत में पीएम आवास योजना के लिए कुल 1650 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 482 लाभुकों का चयन किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि आवास सहायक की मिलीभगत से ऐसे लोगों को भी सूची में शामिल कर लिया गया है, जिनके पास पहले से पक्का मकान है। कुछ चयनित लाभुकों के सरकारी नौकरी में होने का भी ग्रामीणों ने आरोप लगाया है।ग्रामीणों का कहना है कि दूसरी ओर झुग्गी-झोपड़ी में रहकर मजदूरी करने वाले वास्तविक जरूरतमंदों को योजना से वंचित कर दिया गया है। इसी को लेकर ग्राम सभा में विरोध जताया गया। मुखिया के समझाने के बाद मामला शांत हुआ, जिसके बाद सभा स्थगित कर दी गई।इससे पहले ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा था। बाद में दर्जनों ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचकर डीएम उदिता सिंह से मिले और लाभुकों की दोबारा जांच कराने की मांग की। डीएम ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनते हुए मामले की जांच कर उचित समाधान का आश्वासन दिया।

# जन-सुनवाई में 26 फरियादियों की समस्याएं सुनीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी उदिता सिंह ने मंगलवार को आयोजित जन-सुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे 26 फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जन-सुनवाई में ट्रांसफार्मर लगाने, भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण, पीएम श्री विद्यालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने, सड़क चैड़ीकरण तथा बिजली पोल को सड़क किनारे स्थापित कर पावर ग्रिड तक ले जाने से जुड़े मामले सामने आए। ट्रांसफार्मर एवं बिजली पोल से संबंधित शिकायतों के निष्पादन के लिए विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, बिहारशरीफ के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। भूमि अतिक्रमण के मामलों में अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बिहारशरीफ को कार्रवाई करने को कहा गया। भूमि विवाद के निपटारे के लिए अपर समाहर्ता, नालंदा को निर्देशित किया गया। वहीं, पीएम श्री विद्यालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने और सड़क चौड़ीकरण से संबंधित मामलों में एसडीओ, हिलसा को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि जन-सुनवाई में प्राप्त शिकायतों को केवल सुनने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

### एक सप्ताह बाद लोकाइन नदी में अचानक बढ़ा जलस्तर

**हिलसा।** प्रखंड क्षेत्र के सोहरापुर इलाके से गुजरने वाली लोकाइन नदी में एक सप्ताह तक जलस्तर लगभग शून्य रहने के बाद सोमवार को अचानक पानी का तेज बहाव शुरू हो गया। नदी में पानी आने से सूखे पड़े नदी क्षेत्र में एक बार फिर रौनक लौट आई। वहीं, जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण आसपास के ग्रामीणों में भी हलचल बढ़ गई है।सोहरापुर पुल के समीप प्रशासन और स्थानीय लोगों द्वारा की गई माप के अनुसार सोमवार सुबह आठ बजे नदी का जलस्तर 0.60 मीटर दर्ज किया गया था। पानी के तेज प्रवाह के कारण शाम तक जलस्तर बढ़कर करीब 1.30 मीटर पहुंच गया। अचानक पानी आने से नदी का अधिकांश सूखा हिस्सा पानी से भर गया।लोकाइन नदी हिलसा क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवों से होकर गुजरती है और स्थानीय कृषि व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है। पिछले एक सप्ताह से नदी में पानी नहीं होने के कारण किसानों और ग्रामीणों की चिंता बढ़ रही थी। सोमवार को पानी आने से आसपास के निचले इलाकों और किसानों में खुशी देखी गई।हालांकि, जलस्तर में तेजी से हो रही वृद्धि को देखते हुए नदी के आसपास के तटवर्ती और निचले इलाकों में रहने वाले लोग भी सतर्क हैं। सोहरापुर पुल के पास नदी के जलस्तर और पानी के प्रवाह पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### ड्राइंग व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**सरमेरा।** प्रखंड स्थित कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर चेरों में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत 'विकसित भारत की संकल्पना' विषय पर संकुल स्तरीय ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संकुलाधीन विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।संकुल समन्वयक मो. नकी हसन अय्यूबी एवं संकुल संचालक भारती कुमारी ने बताया कि प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय चेरों, मध्य विद्यालय वृंदावन चेरो, प्राथमिक विद्यालय चेरो बेलदारी तथा प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोला चेरों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। बच्चों ने चित्रांकन और भाषण के माध्यम से विकसित भारत को लेकर अपनी कल्पनाओं और विचारों को प्रस्तुत किया।प्रतियोगिता के बाद सभी प्रतिभागियों को कॉपी, कलम एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के बीच अल्पाहार का भी वितरण किया गया। आयोजकों ने सफल आयोजन में सहयोग के लिए सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### गोली चलाने का आरोपित गिरफ्तार

**सरमेरा।** थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में डीजे बजाने को लेकर हुए गोलीकांड के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 10 दिन के अंदर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान धर्मपुर गांव निवासी सरवन कुमार के पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है।सरमेरा थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार ने बताया कि धर्मपुर गांव में डीजे बजाने को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान गोली चलने से एक व्यक्ति घायल हो गया था। घटना के बाद पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में रौशन कुमार को गिरफ्तार किया गया।

### स्कूल ठीक करो, शिक्षा सुधारों के नारे के साथ हिलसा में निकला प्रतिवाद मार्च

**बिहारशरीफ।** स्कूल ठीक करो, शिक्षा सुधारो कार्यक्रम के तहत भाकपा माले, आरवाईए और आइसा के नेतृत्व में छात्रों, अभिभावकों व कार्यकर्ताओं ने प्रतिवाद मार्च निकाला। मार्च जोगीपुर मोड़ से शुरू होकर सिनेमा मोड़, वरुण तल होते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय पहुंचा, जहां सभा में तब्दील हो गया। अध्यक्षता इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड कमेटी सदस्य अमरेंद्र पासवान ने की। पार्टी कार्यालय सचिव दिनेश कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार के बजाय सरकार की नीतियों से गरीब बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन ने हिलसा प्रखंड के कई उत्क्रमित माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। आरोप लगाया कि कई प्लस-टू विद्यालयों में अलग भवन, विषयवार शिक्षक, कंप्यूटर और प्रयोगशाला की समुचित व्यवस्था नहीं है।

# एक अक्टूबर से डिजिटल माध्यम से होगी खाद की खरीद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** उर्वरक की खरीद एवं बिक्री के लिये खुदरा उर्वरक विक्रेताओं एवं किसानों को मोबाईल में उर्वरक बिक्री प्रणाली (एफएसएस) ऐप डाउनलोड करना होगा। थोक उर्वरक प्रतिष्ठान के गोदाम में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा औचक छापामारी मे0 किसान सेवा केन्द्र, मानपुर के गोदाम का निरीक्षण किया गया। जिले में वर्तमान में 4597.155 मे0 टन युरिया, 1117.75 मे0 टन डीएपी, 2554.78 मे0 टन एनपीके, 2695.11 मे0 टन एस0एस0पी0 एवं 522.57 मे0 टन एमओपी उर्वरक उपलब्ध है। पिछले 24 घंटे में 3418 किसानों को 562.81 मे0 टन उर्वरक का वितरण। 2706 किसानों ने 468.86 मे0 टन युरिया, 545 किसानों 80.65 मे0 टन फॉस्फ़ेटिक एवं 167 किसानों 13.30 मे0 टन पोटाष उर्वरक का क्रय किया गया। जिले में 01 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाली खाद बिक्री आवेदन प्रणाली को ध्यान देते हुये किसानों को उर्वरक की खरीद में सुविधा उपलब्ध कराने तथा उर्वरक बिक्री एवं वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने का उद्देश्य एवं जिले के किसानों से यूरिया एवं डीएपी के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग की प्राप्त हो रही शिकायतों को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी, गया द्वारा सहायक निदेषक, सांख्यिकी, सहायक निदेशक (शष्य), प्रक्षेत्र के साथ 29 2026 को गया जिले के थोक उर्वरक प्रतिष्ठान मे0 किसान सेवा केन्द्र, मानपुर के उर्वरक गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उर्वरक गोदाम में संरक्षित उर्वरकों के स्टैकिंग, बैच संख्या, लॉट संख्या, उर्वरक पोर्टल एमएफएमएस में प्रदर्शित मात्रा के अनुसार गोदाम में उपलब्ध उर्वरक का मिलान किया गया। जिले में लक्ष्य के अनुसार नियमित रुप से उर्वरक की आपूर्ति हो रही है। वर्तमान में जिले में यूरिया सहित अन्य उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिले के सभी किसानों से अपील की गई है कि 01 अक्टूबर 2026 से प्रारंभ होने वाली खाद बिक्री आवेदन प्रणाली का उपयोग हेतु इस ऐप खुदरा उर्वरक विक्रेता एवं किसान को अपने मोबाईल में डाउनलोड कर उर्वरक के क्रय हेतु इसके इस्तेमाल की जानकारी प्राप्त कर लें ताकि उर्वरक के क्रय में किसी प्रकार की असुविधा नही हो।

## वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच-मोक पथ पर कोंच नहर के समीप चहका के पास सोमवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान कोंच डीह गांव निवासी वशिष्ठ दास के पुत्र 45 वर्षीय धर्मेंद्र दास के रूप में हुई है। वह सोमवार रात दोस्तों के साथ चिलौन से मछली मारने निकला था। इसी दौरान कोंच नहर के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र को परिजन इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि धर्मेंद्र करीब चार माह पहले ही जेल से घर लौटा था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। कोंच पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराया और स्वजनों को सौंप दिया।

# शिक्षा शास्त्र विभाग की शैक्षिक नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** गया कॉलेज, गया के शिक्षा शास्त्र विभाग में शैक्षिक नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई है। विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज द्वारा विकसित एआइ आधारित डिजिटल शिक्षा प्रदर्शन उपकरण को भारत सरकार द्वारा भारतीय बौद्धिक संपदा अधिकार अधिनियम के तहत पेटेंट प्रदान किया गया। यह उपलब्धि शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक, नवाचार और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस उपलब्धि पर मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी, कुलसचिव डॉक्टर बी.के. मंगलम, गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र, बर्सर प्रो. मार्कंडेय पांडे, पूर्व कुलपति मगध विश्वविद्यालय प्रो. कुसुम कुमारी सहित विभिन्न शिक्षाविदों एवं समाजसेवी संगठनों ने डॉ. धनंजय धीरज को बधाई दी है। डॉ. धीरज के अनुसार यह उपकरण शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक सरल, प्रभावी और सहभागितापूर्ण बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इसके माध्यम से जटिल विषय-वस्तु और अवधारणाओं को विद्यार्थियों के सामने अधिक स्पष्ट एवं सहज तरीके से प्रस्तुत किया जा सकता है। उपकरण की विशेषता यह है कि यह पारंपरिक शिक्षक केंद्रित कक्षा व्यवस्था को विद्यार्थी केंद्रित एवं द्विपक्षीय संवादात्मक शिक्षण व्यवस्था में बदलने में सहायता करता है। यह नवाचार शिक्षक और विद्यार्थी के बीच संवाद को बढ़ाने के साथ-साथ विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी, प्रतिक्रिया और स्वमूल्यांकन को भी प्रोत्साहित करता है। स्मार्ट-क्लासरूम तकनीक के साथ इसके संभावित एकीकरण से रियल-टाइम फीडबैक, ऑटोमेटेड एनालिटिक्स और विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुरूप पर्सनलाइज्ड लर्निंग जैसी आधुनिक सुविधाओं को भी जोड़ा जा सकता है। शिक्षाशास्त्र विभाग सहित गया कॉलेज गया के विभिन्न विभागों के शिक्षकों एवं छात्रों के बीच खुशी की लहर है।

## मारपीट के दो मामलों में दो आरोपित गिरफ्तार, गए जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाने की पुलिस ने अलग-अलग मारपीट के मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि कांड संख्या 303/26 के मामले में रौना गांव निवासी मो. इश्तियाक उर्फ फोंचा तथा कांड संख्या 69/26 के मामले में कराई गांव निवासी सुरेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने संबंधित गांवों में छापेमारी की। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष आलोक रंजन व एसआई संजय कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दोनों आरोपितों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना अंतर्गत करमचट डैम ताराचंडी मुख्य नहर पथ स्थित सडसर चुवा के पास एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 67 क्यू 4131 के साथ डब्लू कुमार उर्फ राम भजन कुमार पिता राम जग बिंद ग्राम बसनारा थाना-चेनारी जिला-रोहतास को चोरी के मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

# नीमचक बथानी में पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नीमचक बथानी।** ग्रामीण पशुपालकों को बेहतर पशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा पशुपालन संबंधी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जीविका द्वारा नीमचक बथानी प्रखंड के ग्राम रुरहुई फील्ड, पंचायत मई स्थित बेसिक हाई स्कूल के समीप एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन बढ़ते कदम महिला जीविका स्वावलंबी सहकारी समिति के माध्यम से किया गया। शिविर में पशु चिकित्सकों द्वारा विभिन्न पशुओं की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशु स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना तथा पशुपालकों को पशुओं की देखभाल, रोग पहचान एवं रोकथाम संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना था। शिविर के दौरान लंपी स्किन रोग, कृमिनाशन (डीवॉर्मिंग), जख्म उपचार, बुखार, बांझपन, खुरपका-मुंहपका रोग, थनैला रोग, सर्दी-जुकाम तथा सर्रा जैसी बीमारियों का उपचार किया गया। इसके अतिरिक्त पशुओं में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु आवश्यक दवाएं एवं परामर्श दिए गए। पशुपालकों को पशुओं के उचित रखरखाव, संतुलित पोषण और नियमित टीकाकरण के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में कुल 87 पशुपालक किसानों ने भाग लिया। इस दौरान 428 गाय एवं भैंसों तथा 45 बकरियों का उपचार कर आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। पशु चिकित्सक द्वारा पशुओं की स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ कृमिनाशक दवाएं, टीकाकरण संबंधी परामर्श एवं विभिन्न रोगों की रोकथाम के उपाय भी बताए गए।

# आवास प्लस सूची से 483 लाभुकों के नाम गायब, ग्रामीणों ने उठाए सवाल

**पात्र परिवारों को योजना से वंचित करने का आरोप, मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत, निष्पक्ष जांच की मांग**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** मऊ पंचायत में आवास प्लस योजना की लाभुक सूची से बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। पंचायत में पूर्व में आवास प्लस एप के माध्यम से दर्ज 895 लाभुकों में से 483 के नाम सूची से हटाए जाने का दावा करते हुए ग्रामीणों ने पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर मामले की निष्पक्ष जांच और पात्र लाभुकों के नाम पुनः सूची में शामिल करने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि लाभुकों को बिना जानकारी दिए सूची में बदलाव किया गया। उनका कहना है कि गरीब और जरूरतमंद परिवारों के नाम सूची से हटने के बाद उन्हें आवास योजना के लाभ से वंचित होने की स्थिति पैदा हो गई है। इस मामले को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण अनुमंडल कार्यालय टिकारी पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया है कि पूर्व में पंचायत के 895 लाभुकों के नाम आवास प्लस एप पर दर्ज थे। बाद में तैयार सूची में केवल 412 लाभुकों के नाम रखे गए जबकि 483 नाम हटा दिए गए। सूची में शामिल 412 लाभुकों में 202 एससी/एसटी तथा 210 सामान्य वर्ग के लाभुक बताए गए हैं। ग्रामीणों ने नाम हटाने की प्रक्रिया और लाभुकों के चयन की जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि आवास योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने पात्रता के आधार पर छूटे लाभुकों का दोबारा सत्यापन कर नाम जोड़ने और दोषपूर्ण प्रक्रिया की जांच कराने की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि जिलाधिकारी गया, एसडीओ एवं बीडीओ टिकारी को भी दी गई है। आवेदन पर सुजीत कुमार, नीरज कुमार, सोनमती देवी, आशा देवी, मीणा कुमारी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

## गया जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर आयोजित हुआ 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया जिला अंतर्गत सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों की सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिका के कार्यों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, गया के मार्गदर्शन में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिका को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों, महिलाओं एवं लाभार्थियों के लिए संचालित विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, सेविका-सहायिका एवं स्थानीय लाभार्थियों की सहभागिता रही।

## बनियाडीह प्राथमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान मिली गड़बड़ी, एसडीओ ने जताई नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** अनुमंडल पदाधिकारी जतिन कुमार ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के बनियाडीह स्थित प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में छात्रों की कम उपस्थिति और साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर एसडीओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने विद्यालय में पठन-पाठन और मध्यान भोजन से संबंधित व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। एसडीओ जतिन कुमार ने बताया कि विद्यालय की जांच के दौरान मौके पर बच्चों की उपस्थिति काफी कम पाई गई जबकि मध्यान भोजन की उपस्थिति अधिक दर्ज की गई थी। जांच में यह भी जानकारी सामने आई कि करीब चार दिनों से विद्यालय में बच्चों के लिए मध्यान भोजन तैयार नहीं किया जा रहा था। शिकायत मिलने के बाद विद्यालय का औचक निरीक्षण कर मामले की जांच की गई जिसमें गड़बड़ी पाई गई। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था भी बेहतर नहीं मिली। इस पर एसडीओ ने संबंधित कर्मियों और विद्यालय प्रबंधन को व्यवस्था में सुधार करने का निर्देश दिया। उन्होंने बच्चों की वास्तविक उपस्थिति के अनुसार ही विद्यालय के अभिलेखों में उपस्थिति दर्ज करने तथा मध्यान भोजन योजना का सही तरीके से संचालन सुनिश्चित करने को कहा। एसडीओ ने कहा कि विद्यालय में बच्चों की शिक्षा और उन्हें मिलने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एसडीओ ने आमस सीएचसी का किया निरीक्षण, बेहतर साफ-सफाई नहीं होने पर जताई नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आमस।** अनुमंडल पदाधिकारी जतिन कुमार एवं अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. उदय कुमार ने मंगलवार को आमस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों एवं चिकित्सा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मरीजों के कक्ष, शल्य कक्ष, चिकित्सक कक्ष, ओपीडी कक्ष सहित अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था की जांच की गई। अधिकारियों ने अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों एवं कर्मियों से भी आवश्यक जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सभी चिकित्सक अपने-अपने कार्यस्थल पर मौजूद पाए गए। अधिकारियों ने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ अस्पताल की नियमित साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कुछ वार्डों में साफ-सफाई की व्यवस्था अपेक्षा के अनुरूप नहीं मिलने पर एसडीओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित कर्मियों को अस्पताल परिसर एवं सभी वार्डों में नियमित रूप से बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही अस्पताल प्रबंधन को व्यवस्था में आवश्यक सुधार करने के लिए 10 दिनों का समय दिया गया। एसडीओ जतिन कुमार ने कहा कि सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के साथ स्वच्छ वातावरण मिलना जरूरी है। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को नियमित रूप से दुरुस्त रखने तथा मरीजों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने को कहा। अधिकारियों के निरीक्षण के बाद अस्पताल प्रबंधन को निर्धारित समय सीमा के भीतर कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया।


## कार्यालय नगर पंचायत मझिऑॅव

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 25/2026–27**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 07.10.2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक 08.10.2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक 08.10.2026 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणी :–

| क0 सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 06 | शहरी परिवहन | Construction of Grade-1 from Bijul Prajapati house Via Durga Prasad Land to Chhathhu Chaurasiya house. | 675200 | 13600 | 5000 | 45 दिन |
| 02 | 08 | शहरी परिवहन | Construction of PCC road from Jubair Khan house to Munna Khan house | 215100 | 4350 | 1000 | 30 दिन |
| 03 | 07 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain from Guddu Chandravanshi to Nitesh Kamlapuri house at ward no 07 | 971400 | 19500 | 5000 | 45 दिन |
| 04 | 07 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain from Saroj Madam house to Guddu Chandravanshi house at ward no 07 | 971400 | 19500 | 5000 | 45 दिन |
| 05 | 08 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from Mahendra Pathak house to Jagnarayan Pathak (Field) at ward no 08 | 844000 | 16900 | 5000 | 45 दिन |
| 06 | 04 | नागरिक सुविधा | Construction of Retaining wall from Ramlal's house to Naresh Ram Kuwa at ward no 04 (Part II) | 854700 | 17100 | 5000 | 45 दिन |

नोट :– विस्तृत सूचना एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 390705 Urban Development (26-27)_D


# सैकड़ों हरे पेड़ों की कटाई, बाउंड्री तोड़ सरकारी जमीन की खुदाई

**फल्गु से कथित अवैध बालू उठाव, ग्रामीणों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** गया अभियंत्रण महाविद्यालय परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि भवन निर्माण की आड़ में कॉलेज के दक्षिणी हिस्से में सैकड़ों हरे पेड़ों की कटाई की गई। इसके साथ ही कॉलेज की बाउंड्री तोड़कर सरकारी जमीन पर जेसीबी से मिट्टी की खुदाई और उसी रास्ते से फल्गु नदी से कथित रूप से बालू उठाव किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार ने कॉलेज के दक्षिणी हिस्से में जंगल की ओर स्थित बाउंड्री को तोड़कर रास्ता बनाया। इसके बाद खाता संख्या 376 और प्लॉट संख्या 15 की सरकारी जमीन पर जेसीबी से मिट्टी काटे जाने का आरोप है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इसी रास्ते का इस्तेमाल बाद में बालू लदे वाहनों की आवाजाही के लिए भी किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कॉलेज की टूटी बाउंड्री से बनाए गए रास्ते के माध्यम से तरका बालू घाट, क्लस्टर संख्या-8 की ओर वाहनों की आवाजाही हो रही है। शिकायत के मुताबिक बंद बताए जा रहे इस घाट से फल्गु नदी में बालू का कथित अवैध उठाव किया जा रहा है और रात के समय ट्रैक्टरों से उसका परिवहन किया जाता है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने 20 सितंबर 2026 की रात की पुलिस कार्रवाई का भी हवाला दिया है। उनके अनुसार खिजरसराय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया था। इस संबंध में खिजरसराय थाना कांड संख्या 323/2026 दर्ज होने की बात कही गई है। हालांकि जब्त वाहन का कॉलेज परिसर में चल रहे निर्माण कार्य से प्रत्यक्ष संबंध है या नहीं, यह जांच का विषय है। ग्रामीणों ने कॉलेज परिसर में पेड़ों की कटाई को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि निर्माण एजेंसी द्वारा कितने पेड़ काटे गए, उनकी प्रजाति क्या थी और इसके लिए संबंधित विभागों से आवश्यक अनुमति ली गई थी या नहीं, इसकी जांच होनी चाहिए। इसी तरह सरकारी जमीन की खुदाई को लेकर खाता संख्या 376 और प्लॉट संख्या 15 के भूमि अभिलेख, निर्माण एजेंसी को उपलब्ध कराई गई भूमि, स्वीकृत निर्माण योजना तथा जेसीबी से की गई खुदाई की वैधानिकता की जांच की मांग की गई है।

## फेनेस्टा ने गयाजी में पहले शोरूम के साथ अपनी मौजूदगी को बनाया सशक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** दरवाजों और खिड़कियों के लिए भारत के नंबर 1 ब्रांड फेनेस्टा ने गयाजी में अपने पहले शोरूम के लॉन्च के साथ बिहार में अपनी मौजूदगी को और सशक्त बना लिया है। हेरिटेज कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित यह नया शोरूम एसएस कॉलोनी, एनएच-82, बायपास मेन रोड, सीताकुंड मानपुर के सामने स्थित है जो उभरते रिहायशी एवं कमर्शियल मार्केट्स में उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने तथा विश्वस्तरीय फेनेस्ट्रेशन समाधानों को उपभोक्ताओं के करीब लाने की फेनेस्टा की प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाता है। फेनेस्टा के बिजनेस हेड साकेत जैन ने कहा कि बिहार रिहायशी एवं कमर्शियल विकास के चलते तेजी से विकसित हो रहा है, साथ ही यहां प्रीमियम एवं आधुनिक डिजाइन के बिल्डिंग समाधानों की मांग भी बढ़ रही है। हेरिटेज कॉर्पोरेशन के साथ साझेदारी में गयाजी में हमारे पहले शोरूम का लॉन्च, क्षेत्र में हमारी मौजूदगी को सशक्त बनाने और उपभोक्ताओं के लिए हमारे विश्वस्तरीय फेनेस्ट्रेशन प्रोडक्ट्स को और अधिक सुलभ बनाने के प्रयासों को दर्शाता है। यह शोरूम उपभोक्ताओं को फेनेस्टा की व्यापक प्रोडक्ट रेंज का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगा जिससे वे अपने घरों और प्रोजेक्ट्स के लिए सोच-समझ कर अपनी पसंद के प्रोडक्ट खरीदने का फैसला ले सकेंगे।

## पांच शिक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय कोंच में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के पांच शिक्षकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। विद्यालय परिवार की ओर से सेवानिवृत्त और स्थानांतरित होने वाले शिक्षकों के कार्यकाल व उनके योगदान को याद किया गया। विदाई पाने वाले शिक्षकों में अरुण कुमार, नीलम सिन्हा, अजय कुमार समेत पांच शिक्षक शामिल हैं। समारोह में सभी शिक्षकों को स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने विदा हो रहे शिक्षकों के साथ बिताए अनुभवों को साझा किया। विदाई ले रहे शिक्षकों ने कहा कि विद्यालय में कार्य के दौरान सहकर्मियों और विद्यार्थियों से मिला स्नेह हमेशा याद रहेगा। वहीं छात्र-छात्राओं ने भी अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस दौरान विद्यालय का माहौल भावुक हो गया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना संख्या – DWSD/SR/DT/Med-08/2026-27 (2nd Call) दिनांक 28.09.2026

कार्य का नाम :– Relocation of defunct tube well of 300mm dia x 115 mm dia GPT cum drilled tube well 60.00 M, 125x115 mm dia drilled tube well 90.00 M and 125x115mm dia drilled tube well 120.00 M depth drilled tube well with installation of IM -II/Extra deep well Hand Pump including 32mm dia G.I Medium class riser pipe by DTH (FDS/KPO/COPCO) Rig Machine/Reverse Rotary Machine with 125mm dia blue UPVC casing Pipe/Perforated including platform , drain and taken out old materials to be stored in departmental store etc. complete ("on turn key basis") under DW&S Division, Medininagar for the year 2026-27 **(Zila Yojana Untied Fund Palamau)**

| क्र0सं0 | योजना का नाम :– | ग्रुप एवं नलकूपों का पुर्नगठन की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पलामू जिला अन्तर्गत सदर मेदिनीनगर–पॉकी पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, मेदिनीनगर 300एम0एम0 X115एम0एम0 व्यास का जी0पी0टी0 सहित ड्रिल्ड नलकूप 60 .00 मी0 गहराई एवं हैण्ड पम्प अधिष्ठापन कार्य। | SR/GPT-4 Nos. | 5,92,414.00 | 12,000.00 | 1250.00 | 02 (Two) Month |
| 2. | पलामू जिला अन्तर्गत सदर मेदिनीनगर–पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, मेदिनीनगर 125एम0एम0 X 115एम0एम0X90.00 मी0 गहराई एवं हैण्ड पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | SR/M/DT-1 20 Nos. | 20,38,018.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/M/DT-4 23 Nos. | 23,43,720.00 | 47,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| 3. | पलामू जिला अन्तर्गत जपला–पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, जपला 125एम0एम0 X 115एम0एम0X 90.00 मी0 गहराई एवं हैण्ड पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | SR/J/DT-1 20 Nos. | 20,38,018.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/J/DT-2 20 Nos. | 20,38,018.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| 4. | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 01.10.2026 / 02.30 बजे अपराह्न में। | | | | |
| 5. | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 07.10.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | | |
| 6. | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 07.10.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | | |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 08.10.2026 / 05.00 बजे अपराह्न में। | | | | |
| 8. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। | | | | |
| 9. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 9973742366 | | | | |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 | | | | |

नोटः– 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR 390724 District(26-27)D

संपादकीय

# नेताओं का सत्ताजीवी चरित्र

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिसर्च ( एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्लू) की ताजा रिपोर्ट भारतीय राजनीति नेताओं के नैतिक पतन और सत्ताजीवी चरित्र को बेनकाब करने वाले है। रिपोर्ट के मुताबिक बीते चार सालों में 111 सांसद-विधायकों ने पार्टी बदली:इनमें 26 फीसदी भाजपा में गए। यह अध्ययन साल 2022 से 2026 के बीच हुए चुनावों के बाद का है। चुनाव जीतने के बाद पार्टी बदलने वालों में 26 लोकसभा सांसद, 7 राज्यसभा सांसद और 78 विधायक शामिल हैं। दूसरी पार्टियों में शामिल होने वालों में सबसे ज्यादा 29 यानी 26 प्रतिशत बीजेपी में गए, क्योंकि केन्द्र और देश के अधिकांश राज्यों में बीजेपी खुद अथवा गठबंधन के साथ सत्ता में है। इन 111 में से केवल 32 यानी 29 फीसदी एनपीएफ और 18 प्रतिशत एनसीपीआई में गए और 9 कांग्रेस में शामिल हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, नगालैंड में सबसे ज्यादा 32 और पश्चिम बंगाल में 20 मामले सामने आए। विश्लेषण में चुनाव और उपचुनाव के दौरान हुए पार्टी बदलावों को शामिल किया गया है। इसमें दलबदल, पार्टी विलय और इस्तीफे के बाद उपचुनाव जीतने जैसे मामले भी शामिल हैं। नगालैंड में पार्टी बदलने वाले 32 में से 25 विधायक पहले एनडीपीपी के टिकट पर चुने गए थे। जबकि पश्चिम बंगाल में 20 लोकसभा सांसदों ने पार्टी बदल ली। राज्य में पार्टी बदलने के 20 मामले लोकसभा सांसदों के हैं। ये सभी अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते थे और बाद में बाद में गुमनाम सी पार्टी एनसीपीआई में चले गए। अब इन सबके भाजपा में जाने की चर्चा है। हालांकि इन सांसदों के एनसीपीआई में विलय के दावे पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कोई फैसला अभी नहीं दिया है। इसी प्रकार कांग्रेस शासित तेलंगाना में 9 एमएलए कांग्रेस में गए, जबकि महाराष्ट्र में 6 सांसद शिंदे गुट का दामन थाम लिया। तेलंगाना में पार्टी बदलने वाले 9 विधायक बीआरएस के टिकट पर चुने गए थे। इसी प्रकार गोवा में 8 कांग्रेस विधायक बाद में सत्तारूढ़ भाजपा में चले गए।

महाराष्ट्र में 6 लोकसभा सांसदों ने उद्धव ठाकरे की शिवसेना से एकनाथ शिंदे की शिवसेना का रुख किया। यह सिलसिला निरंतर जारी है। दरअसल किसी एक पार्टी के चुनाव चिन्ह पर पहले चुनाव जीतकर बाद में विरोधी सत्तारूढ़ दल में शामिल हो जाना, नैतिक बेईमानी के साथ साथ मतदाताओं से भी धोखाधड़ी है। क्योंकि जनता ने आप को तो पुरानी विचारधारा और निष्ठा के हिसाब से वोट दिया। लेकिन बाद में आपने सत्ता स्वार्थ के चलते दूसरी पार्टी का पल्लू थाम लिया। लेकिन भारतीय राजनीति में इस अनैतिक दल बदल को रोकने का कोई प्रावधान नहीं है। उल्टे एक कई विधायकों को जनता दूसरी पार्टी के टिकट पर भी चुनाव जिताकर भेज देती है। इससे नेताओं के इस अनैतिक कृत्य को स्वत: वैधता मिल जाती है। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है और स्वस्थ लोकतंत्र की दृष्टि से कतई उचित नहीं है। जन प्रतिनिधियों के इस तरह पाला बदलने के पीछे एक कारण यह भी बताया जाता है कि विपक्ष में रहकर उनके काम होते ही नहीं या फिर बहुत कम होते हैं। इसलिए भी उनके लिए सत्ता पक्ष में जाना फायदेमंद होता है। जनता वोट तभी देती है, जब उसके काम है। यह तर्क अपनी जगह है, लेकिन राजनीति में विचारधारा और संगठन के प्रति निष्ठा भी अपनी जगह महत्वपूर्ण है। इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। केवल सत्ता सुख भोगने की खातिर चुनाव जीतने के बाद दल बदल लेना अपने आप में अनैतिक ही है। पार्टी भी बदलना है तो चुनाव के पहले बदलना फिर भी ठीक है। मतदाता को भी यह देखना चाहिए कि राजनीति में रहते नेता नैतिक रूप से भी कितने ईमानदार हैं।

# सुप्रीम कोर्ट का राजनीतिक निर्णय

**न्यायालय ने एफआई आर निरस्त करने का आदेश संविधान में प्रदत्त अनुच्छेद 142, जो विशेष परिस्थितियों में विशेष आदेश होता है, भले ही वह न्याय या संवैधानिक प्रक्रिया के अनुकूल न हो। उसके तहत उन्हें आदेश देने का अधिकार दिया गया है। दरअसल संविधान में यह 142 का प्रावधान वैश्विक घटनाओं के मुद्देनजर किया गया था कि कभी ऐसी परिस्थितियों, स्थितियां हो सकती हैं जिनमें जिम्मेवार अपराधी को दंडित करना, अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर चोट पहुंचाने वाला हो, तो उससे बचाव हो सके। सरकार इसके लिए शीर्ष न्यायालय से अपील कर सकती है, परंतु इस प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय का आदेश और फिर यह भी लिखना कि इसे किसी अन्य मामले के लिए नजीर ना माना जाए यह न केवल संविधान की मंशा के विपरीत है बल्कि न्यायिक मापदंडों, कानून के समक्ष समानता और न्यायिक नैतिकता के विपरीत है।**

सर्वोच्च न्यायालय ने भारत सरकार की मांग पर 20 जुलाई से लेकर 25 जुलाई 2026 तक जंतर-मंतर पर हुई घटनाओं को लेकर छात्रों के विरुद्ध जो एफआईआर दर्ज की गई थी उन सभी को रद्द कर दिया था। यह भी तथ्य है कि पिछले दिनों कॉकरोच जनता पार्टी ने 5 सितंबर 2026 को दिल्ली में फिर से प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। कुछ लोग विशेषत: कॉकरोच जनता पार्टी के लोग इसे अपनी धमकी की सफलता मान रहे हैं। हालांकि भारत सरकार की तरफ से कई दिनों पहले ही सर्वोच्च न्यायालय से इन एफआईआर को निरस्त करने की अनुमति चाही गई थी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर ही पहले एफआईआर दर्ज की गई थी फिर बाद में सर्वोच्च न्यायालय ने यह कहा था कि केवल अपराधियों को छोड़कर छात्रों के खिलाफ जो एफआईआर दर्ज की गई है उन्हें निरस्त किया जाये।

दिल्ली पुलिस ने 20 जुलाई और उसके बाद प्रदर्शनकारियों की पहचान के लिये वेब कैमरे लगाये थे जिनमें प्रदर्शनकारियों की भीड़ में शामिल लोगों की आंखों से पहचान की जा सकती है और इसी आधार पर लगभग 2800 व्यक्तियों का चयन दिल्ली पुलिस ने किया था जो उनकी दृष्टि में अपराधी थे। सुप्रीम कोर्ट ने भी यही आदेश दिया था केवल छात्रों के खिलाफ एफआईआर रद्द की जाये। मैं नहीं जानता कि भारत के आपराधिक कानून के अनुसार क्या छात्र, पुलिस और अपराधी के बीच में मुकदमा चलाने को लेकर कोई फर्क हो सकता है? इतना तो अधिकार न्यायपालिका को था कि वह किसी के भी अपराध को सिद्ध हो जाने के बाद उसकी सजा का फैसला स्व विवेक से करे और उसमें जो उदारता या कठोरता का निर्धारण करे। सरकार ने तो पहले भी एफआई आर निरस्त करने का आवेदन दिया था और तभी शीर्ष न्यायपालिका ने उसे स्वीकार कर निर्णय क्यों नहीं किया? वैसे भी यह अपने आप में आश्चर्यजनक है कि जो सर्वोच्च न्यायालय आमतौर पर कानून व्यवस्था को राज्य का अधिकार मानता है जो है भी तथा आपराधिक मामलों में एफआईआर निरस्त करने की तो दूर की बात है जमानत जैसे मामलों में आये दिन यह



निर्णय देता है कि राज्यों के उच्च न्यायालयों में जायें और अगर वहां के बाद आवश्यकता तो फिर शीर्ष न्यायालय के पास आयें, तथा यह कहकर अधिकांश आवेदनों को रद्द कर देता है। हालांकि इसके पहले भी सर्वोच्च न्यायालय ने कई मामलों में देर रात तक अपने घरों से आवेदकों को जमानतें दी हैं और हाईकोर्ट या अधीनस्थ न्यायालय के आदेशों को स्थगित किया है। यह भी आश्चर्यजनक है कि अभी तक मेरी जानकारी में ऐसे किसी विशेष कृपा के प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय ने इस विशेष कृपा के लिये कोई आधार नहीं दिया और यह एक प्रकार का मनमानापन है, जिससे अमीर और गरीब, बहुचर्चित व्यक्ति या आम आदमी के बीच फर्क हो जाता है, वह भी किसी और के द्वारा नहीं बल्कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जिसका दायित्व संविधान की रक्षा व प्रावधानों का पालन कराना है जिसके अनुसार व्यक्ति-व्यक्ति के बीच कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। याने कानून के समक्ष सभी समान हैं। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय के प्रांगण में न्याय की देवी की तराजू हाथ में लिये और आँख पर पटटी बांधे प्रतिमा स्थापित की गई थी याने कि न्यायाधीश को तराजू पर ही न्याय तौलना तथा वह आंख से देखकर व्यक्ति के आधार पर फर्क नहीं करेगा। अच्छा होता जब उन्हें समानता के बजाय भेदभाव की दृष्टि से ही न्याय करना है, तो वे न्याय की देवी की आँख पर बंधी पट्टी को उतरवा देते। तब मैं कम से कम उनसे कोई शिकायत नहीं करता।

सर्वोच्च न्यायालय ने फिर एक बार न्याय सिद्धांतों की धज्जी उड़ाकर संतुलन और अपनी छवि को पुनः निखारने का निर्णय लिया है। सरकार तो पहले ही छात्रों की इतनी गालियाँ खा चुकी है कि वह मानसिक रूप से भयभीत है। दूसरे शासन के द्वारा एफआईआर निरस्त कराने के आवेदन के पीछे एक चातुर्यपूर्ण कदम भी था कि जो छात्रों के बीच के चर्चित लोग हैं उनकी एफआईआर निरस्त हो जायेगी और जो पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर होगी, वे भी स्वाभाविक रूप से निरस्त हो जायेगी। क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय का आदेश अपराधियों पर कार्यवाही करने का और न छात्र आदतन अपराधी हैं और न ही पुलिस। याने उनके लिखित, अलिखित आदेश का निर्देश या इशारे पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मी भी मुक्त हो जायेंगे और पुलिस के ऊपर स्वैच्छिक रूप से या गुस्साये, लाचार होकर पत्थर आदि चलाने वाले छात्र भी अपराध मुक्त हो जायेंगे। अपराधियों का सवाल रहेगा तो यह सरकार व पुलिस के हाथ में होगा कि वह किसे अपराधी माने, किसे नहीं।

न्यायालय ने एफआई आर निरस्त करने का आदेश संविधान में प्रदत्त अनुच्छेद 142, जो विशेष परिस्थितियों में विशेष आदेश होता है, भले ही वह न्याय या संवैधानिक प्रक्रिया के अनुकूल न हो। उसके तहत उन्हें आदेश देने का अधिकार दिया गया है। दरअसल संविधान में यह 142 का प्रावधान वैश्विक घटनाओं के मुद्देनजर किया गया था कि कभी ऐसी परिस्थितियों, स्थितियां हो सकती हैं जिनमें जिम्मेवार अपराधी को दंडित करना, अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर चोट पहुंचाने वाला हो, तो उससे बचाव हो सके। सरकार इसके लिए शीर्ष न्यायालय से अपील कर सकती है, परंतु इस प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय का आदेश और फिर यह भी लिखना कि इसे किसी अन्य मामले के लिए नजीर ना माना जाए यह न केवल संविधान की मंशा के विपरीत है बल्कि न्यायिक मापदंडों, कानून के समक्ष समानता और न्यायिक नैतिकता के विपरीत है। मैं भी नहीं चाहता कि छात्रों का जीवन दागदार बने और लाचार पुलिस को भी दंड मिले। परंतु इसके तरीके और वैधानिक तरीके अन्य प्रकार के भी हो सकते थे। यह तो एक गलत रास्ता सुप्रीम कोर्ट ने खोला है यह वह भले ही लिखे की नजीर न माना जाए, परंतु यह भविष्य में नजीर तो बनेगा तथा सत्ता, व्यवस्था का प्रभावी तंत्र इसका अपनी आवश्यकता अनुसार उपयोग करेगा और न्यायपालिका भी अपनी जरूरत के हिसाब से इसका प्रयोग करेगी। मुझे सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय को पढ़कर 1980 की याद आई उस समय के मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह थे। उनके पास बहुत से लोग ऐसी सिफारिश को लेकर आते थे जो वैधानिक या परंपरागत नहीं थी, परंतु कभी स्वेच्छा से, कभी जनमत के दबाव से, उन्हें आदेश देना, उनके लिए राजनैतिक या संबंधों की मजबूरी होती थी। तब उन्होंने यह चलन शुरू किया था। वह आदेश लिखते थे उक्त आदेश जारी किया जाए तथा इसे भविष्य की नजीर ना माना जाए। जब एक बार ऐसे आदेशों की शुरुआत हो गई तो उनकी संख्या काफी बढ़ गई और यहां तक कि उनके नजदीकी लोगों या दलीय लोगों ने यह चलन शुरू किया था कि वह इस भाषा को स्वयं नोट सीट पर टाइप करा कर ले जाते और निवेदन कर रो गाकर या ऐन केन प्रकारेण उनके हस्ताक्षर करा लेते थे। इसका प्रशासन पर जो प्रभाव पड़ा वह सभी जानते हैं चूंकि इसके बाद उच्च अधिकारियों, मंत्रियों ने इस परंपरा को यथासंभव आगे बढ़ाया और अपनी जरूरत के भी आदेश किए व कराए।

पिछले कुछ दिनों में और विशेषता 20 जुलाई के बाद सरकार व सर्वोच्च न्यायालय दोनों जेन जी के प्रति बहुत उदार नजर आ रहे हैं। सरकारें भी कुछ संवेदनशील और इनके प्रति जवाबदार होने का प्रदर्शन कर रही हैं। न्यायपालिका तो जिसके अहम से अमेरिका में कॉकरोच जनता पार्टी बनी, एकदम उदार होकर दिखने का प्रयास कर रही है। भारत सरकार के जिम्मेवार लोग और शीर्ष न्यायपालिका जिसने पहले छात्रों को कॉकरोच बताया और यहां तक कि उनकी तरफसे प्रस्तुत याचिका को सुनने से भी इनकार किया था, अब इतने उदार हैं कि न केवल स्वतरू सुन रही है बल्कि अपने ही द्वारा खींची हुई वैधानिक सीमाओं और परंपराओं से परे जाकर भी सुन रही है।

अध्यात्म

## जब पंडित जी नदी मे बह गए..



आज गंगा पार होनेके लिए कई लोग एक नौकामें बैठे, धीरे-धीरे नौका सवारियों के साथ सामने वाले किनारे की ओर बढ़ रही थी, एक पंडित जी भी उसमें सवार थे। पंडित जी ने नाविक से पूछा क्या तुमने भूगोल पढ़ी है? भोला-भाला नाविक बोला भूगोल क्या है इसका मुझे कुछ पता नहीं। पंडितजी ने पंडिताई का प्रदर्शन करते कहा, तुम्हारी पाव भर जिंदगी पानी में गई। फिर पंडित जी ने दूसरा प्रश्न किया, क्या इतिहास जानते हो? महारानी लक्ष्मीबाई कब और कहाँ हुई तथा उन्होंने कैसे लडाई की ? नाविक ने अपनी अनभिज्ञता जाहिर की तो पंडित जी ने विजयीमुद्रा में कहा ये भी नहीं जानते तुम्हारी तो आधी जिंदगी पानी में गई। फिर विद्या के मद में पंडित जी ने तीसरा प्रश्न पूछा महाभारत का भीष्म-नाविक संवाद या रामायण का केवट और भगवान श्रीराम का संवाद जानते हो ? अनपढ़ नाविक क्या कहे, उसने इशारे में ना कहा, तब पंडित जी मुस्कुराते हुए बोले तुम्हारी तो पौनी जिंदगी पानी में गई। तभी अचानक गंगा में प्रवाह तीव्र होने लगा। नाविक ने सभी को तूफान की चेतावनी दी, और पंडितजी से पूछा नौका तो तूफान में डूब सकती है, क्या आपको तैरना आता है? पंडित जी गभराहट में बोले मुझे तो तैरना-वैरना नहीं आता है?

नाविक ने स्थिति भांपते हुए कहा: तब तो समझो आपकी पूरी जिंदगी पानी में गयी। कुछ ही देर में नौका पलट गई। और पंडित जी बह गए। विद्या वाद-विवाद के लिए नहीं है और ना ही दूसरों को नीचा दिखाने के लिए है। लेकिन कभी-कभी ज्ञान के अभिमान में कुछ लोग इस बात को भूल जाते हैं और दूसरों का अपमान कर बैठते हैं। याद रखिये शाश्त्रों का ज्ञान समस्याओं के समाधान में प्रयोग होना चाहिए शश्त्र बना कर हिंसा करने के लिए नहीं। कहा भी गया है, जो पेड़ फलों से लदा होता है उसकी डालियाँ झुक जाती हैं। धन प्राप्ति होने पर सज्जनों में शालीनता आ जाती है। इसी तरह , विद्या जब विनयी के पास आती है तो वह शोभित हो जाती है। इसीलिए संस्कृत में कहा गया है, विद्या विनयेन शोभते।

# समानता की कसौटी पर पुरुषों के भरण-पोषण का सच

**तीसरा सुझाव यह है कि धारा 24 के तहत दाखिल अंतरिम मेंटेनेंस की याचिकाओं का निस्तारण एक निर्धारित समय सीमा के भीतर होना चाहिए, क्योंकि एक अक्षम और बिना आय वाले व्यक्ति के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ना और अपनी दवाइयों व आजीविका का प्रबंध करना बेहद कठिन होता है। पति की बीमारी या विकलांगता की जांच के लिए अदालतों को सरकारी मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट एक तय सीमा (जैसे 30 या 40 दिन) के भीतर मंगवानी चाहिए, ताकि वास्तव में लाचार व्यक्ति को सालों तक इलाज और जीवनयापन के पैसों के लिए न भटकना पड़े। चौथा और सबसे महत्वपूर्ण सुझाव समाज के स्तर पर जागरूकता बढ़ाना है, ताकि आर्थिक संकट या बीमारी से जूझ रहे पुरुषों को कानूनी मदद मांगने पर सामाजिक शर्मिंदगी का सामना न करना पड़े। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात सामाजिक सोच में बदलाव की है। हमें यह समझना होगा कि समानता कोई एकतरफा सड़क नहीं है।**

भारतीय कानून में यह धारणा पूरी तरह गलत है कि मेंटेनेंस का नियम केवल महिलाओं के पक्ष में ही झुका हुआ है। हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 24 और 25 इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि हमारा कानून लैंगिक तटस्थता यानी जेंडर न्यूट्रैलिटी के सिद्धांत पर आधारित है। धारा 24 मुकदमे के दौरान अंतरिम भरण-पोषण का प्रावधान करती है, जिसमें स्पष्ट रूप से 'पति या पत्नी' शब्द का प्रयोग किया गया है। इसका सीधा सा अर्थ यह है कि यदि मुकदमे के दौरान पति के पास अपना जीवन चलाने या कानूनी लड़ाई लड़ने के साधन नहीं हैं, तो वह अदालत से अपनी कमाऊ पत्नी से आर्थिक सहायता दिलाने की गुहार लगा सकता है। इसी तरह धारा 25 मुख्य केस के निपटारे या तलाक के समय स्थायी भरण-पोषण का अधिकार देती है। हालांकि, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 144) केवल पत्नी, बच्चों और बुजुर्ग माता-पिता को मेंटेनेंस का अधिकार देती है, लेकिन हिंदू मैरिज एक्ट ने 1955 में ही यह भांप लिया था कि वक्त बदलेगा और परिस्थितियां पुरुष को भी आश्रित बना सकती हैं।

अदालतों ने समय-समय पर इस कानून को केवल कागजी किताबों तक सीमित न रखकर धरातल पर लागू किया है। दिल्ली उच्च न्यायालय का वर्ष 2011 का 'रानी सेठी बनाम सुनील सेठी' मामला इसका एक ऐतिहासिक उदाहरण है। इस मामले में पत्नी एक बेहद सफल व्यवसायी थी और



शानदार कमाई कर रही थी, जबकि पति पूरी तरह बेरोजगार था और उसके पास आय का कोई साधन नहीं था। अदालत ने न केवल पत्नी को अपने पति को 20 हजार प्रति माह अंतरिम मेंटेनेंस और 10 हजार कानूनी खर्च देने का आदेश दिया, बल्कि पति के इस्तेमाल के लिए एक कार तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसी प्रकार मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने 'यशपाल सिंह ठाकुर बनाम अल्पना राजपूत' (2001) केस में यह साफ किया कि धारा 24 का असली मकसद पति-पत्नी के बीच लैंगिक समानता स्थापित करना है। यदि पति किसी शारीरिक या मानसिक लाचारी के कारण कमाने में असमर्थ है और पत्नी आत्मनिर्भर है, तो पत्नी अपने पति को सहारा देने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है। केरल हाई कोर्ट ने भी 'निविया वी.एम. बनाम शिवप्रसाद एमके (2017) मामले में दोहराया कि गंभीर बीमारी या स्थायी विकलांगता से जूझ रहे पति को पत्नी से भरण-पोषण पाने का पूर्ण अधिकार है।

हालांकि, अदालतों का यह रुख उन पुरुषों के लिए किसी भी सूरत में पनाहगाह नहीं है जो केवल आलस्य या काम न करने की नीयत से पत्नी की कमाई पर परजीवी बनना चाहते हैं। कानून ने इसके लिए बेहद सख्त शर्तें तय की हैं। अदालत किसी पति को मेंटेनेंस का आदेश तभी देती है जब वह यह ठोस रूप से साबित कर दे कि उसकी कमाने की असमर्थता वास्तविक है - जैसे कि वह किसी लाइलाज बीमारी, पक्षाघात (पैरालिसिस), दृष्टिहीनता, दुर्घटना में अंग भंग होने या अत्यधिक वृद्धावस्था से ग्रस्त है। यदि पति शारीरिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ, शिक्षित और सक्षम है, लेकिन केवल अपनी मर्जी से काम नहीं कर रहा या बेरोजगार बैठा है, तो अदालतें उसकी याचिका को एक झटके में खारिज कर देती हैं। न्यायपालिका का संदेश बिल्कुल साफ है कि यह कानून मजबूरी का सहारा है, कामचोरी का जरिया नहीं।

वैश्विक परिदृश्य देखें तो अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और यूरोपीय देशों (जैसे जर्मनी व स्वीडन) में भरण-पोषण के नियम पूरी तरह से लैंगिक तटस्थ हैं, जहाँ फैसले का आधार लिंग के बजाय 'आर्थिक आवश्यकता' और 'क्षमता' होती है। इसके विपरीत, कई मध्य-पूर्वी देशों में यह दायित्व केवल पुरुष पर है। इस तुलना में भारतीय कानून (हिंदू विवाह अधिनियम) एक अत्यंत प्रगतिशील और संतुलित ढांचा प्रस्तुत करता है। इस पूरे कानूनी परिदृश्य में एक बेहद अनूठी और विचारणीय बात छिपी हुई है, जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। वह अनूठी बात यह है कि हमारे समाज का पितृसत्तात्मक ढांचा स्वयं पुरुषों के कानूनी अधिकारों का सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है। पुरुषवादी सोच यह मानती है कि पुरुष हमेशा मजबूत, कमाने वाला और शोषक ही हो सकता है, वह कभी लाचार, पीड़ित या आश्रित नहीं हो सकता।

इस झूठी आन-बान-शान और सामाजिक शर्म के डर से अधिक गंभीर रूप से बीमार या विकलांग पति, पत्नी की अच्छी कमाई होने के बावजूद, कभी अदालत का दरवाजा खटखटाने की हिम्मत ही नहीं जुटा पाते। उन्हें डर होता है कि समाज उन्हें 'पत्नी की कमाई पर पलने वाला' कहकर ताना मारेगा। अर्थात, जिस पितृसत्ता को पुरुष का रक्षक माना जाता है, वही लाचारी के समय उसका सबसे बड़ा उत्पीड़न बन जाती है। कानून अधिकार देता है, लेकिन सामाजिक लोकलाज का डर उस अधिकार को छीन लेता है। वर्तमान समय में इस कानून को और अधिक व्यावहारिक, न्यायसंगत और प्रभावी बनाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुधारों की आवश्यकता है। सबसे पहला सुझाव यह है कि भारत के सभी व्यक्तिगत कानूनों (पर्सनल लॉ) में इस प्रकार की लैंगिक तटस्थता को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए, ताकि धर्म के आधार पर किसी भी नागरिक को इस मानवीय अधिकार से वंचित न होना पड़े। दूसरा सुझाव यह है कि निचली अदालतों (फैमिली कोर्ट्स) के न्यायाधीशों को इस विषय पर और अधिक संवेदनशील बनाने की जरूरत है। अक्सर देखा गया है कि पारिवारिक अदालतों में जब कोई पति मेंटेनेंस की अर्जी दाखिल करता है, तो सामाजिक पूर्वाग्रहों के कारण उसकी अर्जी को शुरुआती स्तर पर ही संदेह की नजर से देखा जाता है।

तीसरा सुझाव यह है कि धारा 24 के तहत दाखिल अंतरिम मेंटेनेंस की याचिकाओं का निस्तारण एक निर्धारित समय सीमा के भीतर होना चाहिए, क्योंकि एक अक्षम और बिना आय वाले व्यक्ति के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ना और अपनी दवाइयों व आजीविका का प्रबंध करना बेहद कठिन होता है। पति की बीमारी या विकलांगता की जांच के लिए अदालतों को सरकारी मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट एक तय सीमा (जैसे 30 या 40 दिन) के भीतर मंगवानी चाहिए, ताकि वास्तव में लाचार व्यक्ति को सालों तक इलाज और जीवनयापन के पैसों के लिए न भटकना पड़े। चौथा और सबसे महत्वपूर्ण सुझाव समाज के स्तर पर जागरूकता बढ़ाना है, ताकि आर्थिक संकट या बीमारी से जूझ रहे पुरुषों को कानूनी मदद मांगने पर सामाजिक शर्मिंदगी का सामना न करना पड़े। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात सामाजिक सोच में बदलाव की है। हमें यह समझना होगा कि समानता कोई एकतरफा सड़क नहीं है।

यदि हम महिलाओं के आर्थिक रूप से सशक्त होने, कॉर्पोरेट जगत में शीर्ष पर पहुंचने और पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर कमाने का जश्न मनाते हैं, तो संकट के समय उसी महिला द्वारा अपने अस्वस्थ या लाचार पति का आर्थिक संबल बनने को भी उतनी ही सहजता से स्वीकार किया जाना चाहिए।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज दिन खर्चीला हो सकता है। दिन मिलाजुला रहेगा। दिन की शुरुआत में काम की गति सुस्त रहेगी लेकिन दिन चढते-चढते आप एक्टिव मोड में आ जाएंगे और अपने कई पारिवारिक पेंडिंग काम को निपटा पाएंगे।

**वृषभ**
आज जीवनसाथी से सहयोग पाएंगे।दिन व्यस्तता भरा रहेगा। कुछ पारिवारिक विषयों को लेकर आप उलझन भी महसूस कर सकते हैं।

**मिथुन**
आज आपका अटका हुआ काम बनेगा। दिन सामान्य रूप से सुखद और आनंददायक रहेगा। आप प्लानिंग के साथ अपने काम को निपटाते जाएंगे।

**कर्क**
आज कारोबार में लाभ का संयोग है। दिन सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने वाले रहेंगे। आपका फोकस कल घरेलू कार्यों पर रहेगा। आप अपने पेंडिंग काम को निपटा पाएंगे।

**सिंह**
आज प्रभाव और सम्मान की प्राप्ति होगी। आप अपने पूर्व मे किए काम की समीक्षा कर सकते हैं। कुछ नए काम को भी शुरू करने का विचार बन सकता है।

**कन्या**
आज आपका सामाजिक प्रभाव बढ़ेगा।आज का दिन सूर्य के राशि में मौजूद रहने से अनुकूल रहेगा। आपका सामाजिक प्रभाव और सम्मान बढेगा।

**तुला**
आज आपको व्यवहार कुशलता का फायदा मिलेगा। दिन आर्थिक रूप से अच्छा है। आप वित्तीय योजनाओं का लाभ ले पाएंगे। वाणी और व्यवहारकुशलता का भी आपको फायदा मिलेगा।

**वृश्चिक**
आज आपको रुचिकर काम करने का मौका मिलेगा दिन शुभ लाभदायक रहेगा। आप दिन के आरंभ से ही अपने पेंडिंग काम को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

**धनु**
आज मन उलझन में रह सकती है। दिन मिलाजुला रहेगा। दिन के आरंभ में थोड़ी सुस्ती और सिरदर्द की समस्या हो सकती है लेकिन धीरे-धीरे सेहत में सुधार महसूस करेंगे।

**मकर**
आज ससुराल पक्ष से लाभ पाएंगे। आज का दिन का संयोग लाभदायक है आपको ऊर्जा और काम करने का जोश मिल रहा है। आप अपने सभी अटके काम को पूरा करने का प्रयास करें जीवनसाथी और परिवार का भी आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा।

**कुंभ**
आज कोई बड़ी चाहत पूरी हो सकती है। दिन सामान्य रूप से अच्छा रहेगा। काम की व्यस्ता रह सकती है लेकिन सोचा हुआ काम पूरा होने से आपको मानसिक संतुष्टि मिलेगी।

**मीन**
आज भावुकता पर कंट्रोल करना होगा। दिन कुल मिलाकर सामान्य कहा जा सकता है। आप परिवार और अपनों के साथ सुखद समय बिताने का प्रयास करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दि तपिन्दु अर्बन को-आपरेटिव बैंक लि. की आम सभा संपन्न

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दि तपिन्दु अर्बन को-आपरेटिव बैंक लि. ग्रांड फोर्ट सभागार, खगौल रोड में अपनी वार्षिक आम सभा का शुभारम्भ बैंक के अध्यक्ष सह बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह एवं निदेशक मंडल



के सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में विशाल सिंह के द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा एवं आगामी वर्ष में बैंक के सेवा विस्तार हेतु उपस्थित ग्राहक, बैंक के अंशधारकों के समक्ष विस्तारपूर्वक रखा गया। त्योहार माह को देखते हुए सस्ती ऋण की उपलब्धता ग्राहकों को बताया गया। राष्ट्रीयकृत बैंक के तुलनात्मक ऋण दर 1% कम पर मुहैया करने का घोषणा की गयी। उपस्थित अंशधारक ग्राहकों ने अपने सुझाव से निदेशक मंडल को अवगत कराया। प्रबंधक अमृत कुमार सिंह ने धन्यवाद संबोधन में उपस्थित सभी लोगों का आभार प्रकट किया।

### गैरहाजिर दो चिकित्सकों की वेतन कटौती की अनुशंसा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी कृष्णा जोशी ने अनुमंडल अस्पताल के दो चिकित्सक शामी अहमद और चंदन कुमार को ड्यूटी से गैर हाजिर होने पर एक दिन के वेतन कटौती करने की अनुशंसा डीएम से की गई है। वहीं उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा है। एसडीओ के द्वारा अनुमंडल अस्पताल की लगातार जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं मरीजों से भी समय-समय पर पूछताछ कर व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है।

### वाहन जांच अभियान शुरू

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर में नये थानाध्यक्ष पूर्णानेंदु कुमार के द्वारा मेन रोड के कई हिस्सों में वाहन जांच अभियान शुरू किया गया है। दो दिनों के भीतर करीब 100 से ज्यादा वाहनों की जांच पड़ताल की गई है। मोटर कानून का उल्लंघन करने वाले बाइक सवारों को दंडित किया गया है।

### गोलीकांड में चार केस दर्ज, 24 अभियुक्त नामजद

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुकीमपुर गांव में लगातार चल रहे आपसी झगड़े को लेकर हुई फायरिंग में पुलिस ने चार केस दर्ज किया है जिसमें 24 लोगों को नामजद किया गया है। इनमें परस्पर एक दूसरे पर गोलीबारी कर दहशत फैलाने का आरोप लगाया गया है। हालांकि पुलिस को कहीं भी कोई खोखा बरामद नहीं हुआ है। वही इन लोगों के बीच तनाव कायम है। पुलिस निगरानी कर रही है। जानकारी के अनुसार जितेंद्र यादव ,सोनी देवी, बेवी देवी और शीतल प्रसाद यादव ने एक दूसरे पर फायरिंग करने, मारपीट, सामान छीनने, रंगदारी मांगने, तोड़फोड़ करने एवं धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया है। पुलिस पूरे मामले को लेकर जांच पड़ताल कर रही है। किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। जितेंद्र यादव ने रंगदारी नहीं देने पर फायरिंग करने की बात कही है। वहीं दूसरी तरफ सोनी देवी ने पहले केस करने पर मारपीट कर फायरिंग करने का आरोप लगाया गया है। वही बेबी देवी ने आरोप लगाया है कि उन्हें बंधक बनाकर मारपीट की गई और सामान लूट लिया गया। जबकि शीतल प्रसाद यादव ने कहा कि वह ऑटो पकड़ने के लिए गांव से निकले थे। इसी दौरान हनुमान यादव आदि लोगों ने मिलकर एक लाख रुपए ले लिया। पुलिस इन मामलों को लेकर जांच कर रही है।

### आपसी वर्चस्व में कई राउंड फायरिंग

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी शहर में आपसी वर्चस्व को लेकर हिंसक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला मंगलवार शाम करीब 5 बजे का है, जब प्रखंड कार्यालय के ठीक सामने रेलवे लाइन अंडरपास के समीप शहीद संजय सिन्हा मार्ग पर कई राउंड हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी गई।स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि अचानक कुछ युवक बाइक पर सवार होकर आए और तड़-तड़ गोलियां चलाने लगे। उस समय आसपास खेत में बैठकर कुछ लोग ताड़ी पी रहे थे, जो फायरिंग की आवाज सुनकर इधर-उधर भागने लगे।फायरिंग किसने की, क्यों की और इसके पीछे क्या कारण था, यह फिलहाल रहस्य बना हुआ है, लेकिन प्रथम दृष्टया मामला वर्चस्व की लड़ाई से जुड़ा माना जा रहा है। शहर में लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से आम लोगों में भय का माहौल है।। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और दोषियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट में खूनी झड़प, पिता-पुत्र लहूलुहान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के ओरीयारा गांव में खेत की मेड काटने के विवाद में बुजुर्ग समेत दो लोगों को लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया गया। घटना के बाद आरोपियों ने घर पर भी ईंट-पत्थर से हमला किया। पीड़ित मुन्नी यादव (65 वर्ष), पिता साहलू प्रसाद, ग्राम ओरीइयारा, पंचायत सोनमई, ने थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है दरअसल पीड़ित का घर के बगल में ही डेढ़ कठ्ठा खेत है। आरोप है कि उसी खेत की मेड को गांव के ही रुपेन्द्र यादव कुदाल से काट रहे थे। जब मुन्नी यादव ने आरी काटने से मना किया तो रुपेन्द्र यादव (30), धर्मेन्द्र यादव (40) दोनों पिता स्व. विजय यादव, धर्मराज कुमार (18) पिता धर्मेन्द्र यादव, आरती देवी (28) पति रुपेन्द्र यादव और सुषमा देवी (38) पति धर्मेन्द्र यादव ने गाली-गलौज करते हुए लाठी से हमला कर दिया।मारपीट में मुन्नी यादव के दोनों हाथों की कलाई में चोट और सूजन आ गई, दाहिना अंगूठा फट गया और दाहिनी भौंह फट गई। शोर सुनकर बचाने आए बेटे मंटू कुमार को भी आरोपियों ने पीट दिया। इसके बाद दोनों बाप-बेटा जान बचाकर घर भागे तो आरोपी घर तक पहुंच गए और ईंट-रोड़ा फेंकने लगे।पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है।

### बाल सुरक्षा को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर मंगलवार को मोकामा, हाथीदह, मरांची और पचमहला थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया। ग्रामीण एसपी के निर्देश पर सर्किल इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोजित अभियान के दौरान पुलिस ने ह्लसुरक्षित महिला, सुरक्षित बच्चा और सुरक्षित समाजह्व का संदेश दिया।अभियान के तहत चारों थानों की पुलिस ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न इलाकों में मार्च करते हुए लोगों को महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इसके बाद पुलिस टीम आर्य कन्या विद्यालय पहुंची, जहां छात्राओं और शिक्षकों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं और महिलाओं से अपील की कि छेड़खानी, उत्पीड़न, हिंसा या





किसी भी प्रकार की असुरक्षा की स्थिति में चुप न रहें और तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है और किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई का प्रयास किया जाएगा।अभियान में पचमहला थानाध्यक्ष विनोद कुमार, एसआई प्रियंका सुमन, सुनील कुमार, आशुतोष कुमार समेत चारों थानों के पुलिस पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल रहे।

### मवेशी व्यवसायी हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त ने किया सरेंडर

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र के चर्चित मवेशी व्यवसायी रामप्रवेश सिंह हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त दीपक कुमार ने मंगलवार को पुलिस दबिश के चलते न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के अनुसार, घटना से पूर्व दीपक कुमार ही रामप्रवेश सिंह को घर से बुलाकर अपने साथ ले गया था।मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि मरांची थाना कांड संख्या 97/26, दिनांक 19 सितंबर 2026 में दर्ज प्राथमिकी के अभियुक्त गांधी टोला निवासी दीपक कुमार, पिता मंगल भगत, की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी और दबिश दे रही थी। पुलिस कार्रवाई के दबाव में उसने 29 सितंबर को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। थानाध्यक्ष के अनुसार, न्यायालय ने दीपक कुमार को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। मामले में पुलिस अन्य आरोपितों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

---

धनरूआ के पभेड़ी बाजार में जेवर दुकान में बड़ी चोरी

# शटर तोड़ 15 लाख के जेवर और 90 हजार नकद ले गए चोर

**सीसीटीवी की हार्ड डिस्क भी उखाड़ी**





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के पभेड़ी बाजार में देर रात अज्ञात चोरों ने एक ज्वेलरी दुकान में बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसे और करीब 15 लाख रुपये से अधिक के सोने-चांदी के जेवरात और 90 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए।घटना शिव अलंकार ज्वेलर्स की है। दुकान संचालक सुरेश कुमार मूल रूप से ग्राम खुदडीह, थाना बड़हिया, जिला लखीसराय के रहने वाले हैं और फिलहाल धनरूआ में किराए के मकान में रहते हैं। संचालक के अनुसार सोमवार की शाम करीब 7 बजे वे दुकान बंद कर धनरूआ स्थित अपने किराये के मकान पर चले गए थे। बुधवार सुबह करीब 5:23 बजे दुकान के आसपास के लोगों ने फोन कर चोरी की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ है और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा है। लॉकर और शोकेस में रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे। संचालक ने बताया कि जितिया पर्व को लेकर कई ग्राहकों ने आभूषणों का ऑर्डर दिया था, जिसे अब पूरा करना मुश्किल होगा। इससे आर्थिक नुकसान के साथ-साथ ग्राहकों को भी परेशानी होगी। चोरों ने शातिराना अंदाज में पुलिस जांच को प्रभावित करने के लिए दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का हार्ड डिस्क भी निकाल लिया और साथ ले गए। इससे घटना के समय की फुटेज नहीं मिल पा रही है। हालांकि पुलिस आसपास की दुकानों और सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।सूचना मिलते ही धनरूआ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। बाद में फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## धनरूआ में निर्माण मजदूरों का प्रखंड मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन, 4 लेबर कोड वापस लेने की मांग





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य निर्माण मजदूर यूनियन की प्रखंड कमेटी धनरूआ द्वारा प्रखंड मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया गया। धरने में सैकड़ों निर्माण मजदूर शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन कॉमरेड सिद्धेश्वर दास ने किया। धरने को संबोधित करते हुए पटना जिला सचिव कॉमरेड पप्पू शर्मा, कॉमरेड सिद्धेश्वर दास, कॉमरेड विष्णुदेव प्रसाद, कॉमरेड कौलेश्वर यादव, कॉमरेड बबलू चौधरी, कॉमरेड पप्पू चौधरी, कॉमरेड मीना देवी सहित अन्य वक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर मजदूर विरोधी होने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार 4 लेबर कोड लाकर मजदूरों की कानूनी सुरक्षा को छीन रही है। 8 घंटे के कार्य दिवस को बढ़ाकर 12 से 16 घंटे किया जा रहा है, जो बंधुआ मजदूरी जैसा है। सामाजिक सुरक्षा के अधिकारों में भी धांधली हो रही है। मजदूर नेताओं ने धनरूआ प्रखंड पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यहां अफसर बिना चढ़ावे के कोई काम नहीं करते। दलालों के द्वारा निर्माण मजदूरों को ठगा जा रहा है। कन्या विवाह योजना हो या मृत्यु लाभ, सभी योजनाओं में 50-50 प्रतिशत का बंटवारा होता है। जो गरीब मजदूर चढ़ावा नहीं देते, उनका लाभ जांच के नाम पर लटका दिया जाता है। मुख्य मांगें निर्माण मजदूरों के निबंधन की प्रक्रिया को सरल बनाने,सभी सामाजिक सुरक्षा लाभों की गारंटी,सामाजिक सुरक्षा के लिए आवेदन की समय-सीमा समाप्त करने, अधिकारियों द्वारा जांच करने की समय-सीमा तय हो और जांच पूरी न करने वाले अधिकारियों को दंडित करने,सरकार 4 लेबर कोड को वापस लेने आदी रहा,यूनियन के प्रखंड नेता निरंजन वर्मा (भाकपा-माले) ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो निर्माण मजदूर अपने हक-अधिकार के लिए और बड़ी आंदोलन की तैयारी करेंगे।

## ए.एन. कॉलेज, पटना में स्टार्टअप बिहार आइडिया बूटकैंप का सफल आयोजन





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ए.एन. कॉलेज, पटना के स्टार्ट-अप सेल द्वारा स्टार्टअप बिहार आइडिया बूटकैंप 2026 का सफल आयोजन प्रशासनिक भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए निशा कुमारी, सहायक निदेशक, डी आई सी पटना; प्रिया नाथ, सहायक प्रोफेसर, सी आई एम पी, अभिनव झा, सी ई ओ, तिरहुतवाला इनोवेशन; डॉ. निहारिका कुमारी, इंचार्ज, स्टार्टअप सेल, सचिन राज, समन्वयक, स्टार्ट अप सेल बतौर मेंटर्स उपस्थित रहे। सभी मेंटर्स ने छात्रों के स्टार्टअप आइडिया, समस्या, समाधान एवं भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें अपने-अपने विशेषज्ञता क्षेत्रों में व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया। छात्रों को अपने नवाचारी विचार प्रस्तुत करने, विशेषज्ञों एवं अनुभवी मेंटर्स से चर्चा करने, स्टार्टअप इकोसिस्टम को समझने तथा अपने विचारों को व्यावहारिक एवं संभावित व्यावसायिक अवसरों में परिवर्तित करने की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।इस कार्यक्रम में कुल 45 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की व्यापक पहुंच ए.एन. कॉलेज स्टार्ट-अप सेल द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए Startup Bihar Idea Bootcamp 2026 के पोस्ट के माध्यम से मिली जिससे आई एस बी एम विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़ के एक छात्र ने पटना आकर विशेष रूप से इसमें भाग लिया। प्रतिभागी छात्रों को संबोधित करते हुए प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत ने छात्रों को अपने आसपास की वास्तविक समस्याओं की पहचान कर उनके लिए नवाचारी एवं व्यावहारिक समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मेंटोर कॉनेक्ट सेशन रहा, जिसमें छात्रों ने मेंटर्स के साथ वन टू वन एवं टेबल टू टेबल इंटरएक्सन किया। प्रतिभागियों ने अपने स्टार्टअप आइडिया, समस्या, प्रस्तावित समाधान एवं भविष्य की योजनाओं पर मेंटर्स के साथ सीधे चर्चा की। मेंटर्स ने छात्रों को उनके विचारों को बेहतर बनाने, उनकी व्यवहार्यता जांचने तथा आगे विकसित करने के लिए व्यक्तिगत एवं व्यावहारिक सुझाव दिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ए.एन. कॉलेज के बर्सर प्रो. अभिषेक दत्ता का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## पुनपुन में पितृपक्ष मेले में फिर चोरी, 20 हजार समेत दस्तावेज गायब

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय पुनपुन पितृपक्ष मेले में पिंडदानों की सुरक्षा व्यवस्था पर कई बड़े दावे जिला प्रशासन के द्वारा किए गए थे, लेकिन लगातार पिंडदानियों के साथ हो रही चोरी की घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दिए हैं।दरअसल पितृपक्ष मेले में भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। पुनपुन घाट पर सुबह एक और श्रद्धालु का बैग चोरी हो गया। यह इस मेले में तीसरी चोरी की घटना है, जिसके बाद पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।पीड़ित राजेश कुमार, पिता काशीनाथ प्रसाद सिंह, ग्राम मुरनैपुर, पो. गोपालपुर, जिला सिवान ने पुनपुन थाना में आवेदन देकर शिकायत की है। उन्होंने बताया कि सुबह 5:54 बजे वह पुनपुन घाट स्थित सामुदायिक भवन के नीचे सामान रखकर स्नान और पूजा में व्यस्त थे। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके थैले से पर्स निकाल लिया। पर्स में 20 हजार रुपये नकद, स्टकके दो अळ्ट कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और स्वास्थ्य विभाग का विभागीय पहचान पत्र था।

## बाढ़ प्रभावित कृषि क्षेत्रों का वैज्ञानिकों द्वारा भ्रमण





**बाढ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आईसीएआर-आरसीईआर, पटना एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना के द्वारा संयुक्त रूप से पंडारक प्रखंड के ढ़िबर एवं रैली पंचायत तथा बख्तियारपुर प्रखंड के रामनगर पंचायत के बाढ़ प्रभावित स्थलों/कृषि प्रक्षेत्रों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान देखा गया कि गंगा के किनारे लगे फूलगोभी, पतागोभी एवं अन्य सब्जी की फसल अत्यधिक प्रभावित हुई है। इन ग्रामों में धान फसल का कुछ रकवा (10 हे.) भी आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है। इन पंचायतों के दियारा क्षेत्र में लगे मक्का, ज्वार एवं परवल की खेती पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो गई है। भ्रमण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत के क्रम में उनकी रबी मौसम की फसल योजना की जानकारी ली गयी। स्थानीय कृषकों को, वैसे खेत जहाँ से जल निकास हो गया है, उन फसलों के लिए तात्कालिक फसल प्रबंधन की जानकारी दी गयी।

## विश्व मानक दिवस-2026 के अवसर पर बीआईएस पटना द्वारा 'मानक संवाद' का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व मानक दिवस-2026 के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), पटना शाखा कार्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में न्यू लाइसेंसधारकों के लिए 'मानक संवाद फॉर न्यू लाइसेंसीस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बीआईएस पटना शाखा कार्यालय एवं पटना शाखा प्रयोगशाला के अधिकारियों सहित लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में गुणवत्ता नियंत्रण आदेश, लाइसेंस की शर्तों तथा उत्पादों में असंगति एवं असंतोषजनक प्रदर्शन से संबंधित संशोधित बीआईएस दिशा-निर्देशों पर जानकारी प्रदान की गई। चंद्रकेश सिंह, वैज्ञानिक-ई/निदेशक एवं प्रमुख, बीआईएस पटना ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए लाइसेंसधारकों को बीआईएस प्रावधानों का प्रभावी अनुपालन एवं उत्पादों की निरंतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। मुकेश तयाल, वैज्ञानिक-ई द्वारा बीआईएस की कार्यप्रणाली पर जानकारी दी गई, जबकि हिमांशु कुमार, वैज्ञानिक-सी द्वारा गुणवत्ता नियंत्रण आदेश, लाइसेंस की शर्तों तथा गैर-अनुरूपता एवं असंतोषजनक प्रदर्शन से संबंधित संशोधित दिशा-निर्देशों पर तकनीकी सत्र आयोजित किया गया।

## विश्व हृदय दिवस पर पटना जंक्शन में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**मेदांता पटना, पूर्व मध्य रेलवे और एसडीआरएफ की संयुक्त पहल; यात्रियों एवं रेलवे कर्मियों को दी गई जीवनरक्षक तकनीक की जानकारी**






**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना द्वारा पूर्व मध्य रेलवे, पटना जंक्शन और एसडीआरएफ के सहयोग से प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर सीपीआर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्डियक अरेस्ट जैसी आपात स्थिति में आम लोगों, रेलवे कर्मचारियों एवं स्टेशन से जुड़े कर्मियों को तत्काल सीपीआर देने के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम में पूर्व मध्य रेलवे, एसडीआरएफ तथा पोर्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की। एसडीआरएफ की टीम द्वारा प्रतिभागियों को मैनिकिन पर हैंड्स-ऑन सीपीआर प्रशिक्षण दिया गया और बताया गया कि किसी व्यक्ति के अचानक बेहोश होकर सांस या नाड़ी नहीं मिलने की स्थिति में शुरूआती कुछ मिनटों में सही प्रतिक्रिया कितनी महत्वपूर्ण हो सकती है। इस अवसर पर श्री शशि भूषण सिंह, स्टेशन मैनेजर, पटना जंक्शन तथा श्री विनय कुमार, डिविजनल मैकेनिकल इंजीनियर, पूर्व मध्य रेलवे, पटना सहित रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। डॉ. अजय कुमार सिन्हा, डायरेक्टर- क्लिनिकल एवं प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी, मेदांता पटना ने कहा कि कार्डियक अरेस्ट में शुरूआती कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। यदि आसपास मौजूद व्यक्ति सीपीआर देना जानता हो, तो चिकित्सा सहायता मिलने तक मरीज के लिए जीवनरक्षक सहयोग उपलब्ध कराया जा सकता है। डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा, मेडिकल डायरेक्टर, रेलवे हॉस्पिटल, पटना ने कहा कि रेलवे स्टेशन जैसे व्यस्त सार्वजनिक स्थल पर हजारों लोगों की आवाजाही होती है, इसलिए कर्मचारियों और संबंधित टीमों को बुनियादी आपातकालीन प्रतिक्रिया का प्रशिक्षण देना बेहद उपयोगी है। डॉ. रवि शंकर सिंह, मेडिकल डायरेक्टर, मेदांता पटना ने कहा कि मेदांता का उद्देश्य केवल अस्पताल के भीतर उपचार देना नहीं, बल्कि समुदाय को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयार करना भी है। सीपीआर जैसी जीवनरक्षक तकनीक का प्रशिक्षण अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर समाज में तत्काल सहायता की क्षमता विकसित की जा सकती है।

## धनरूआ का टॉप-10 अपराधी विजय यादव गिरफ्तार, रामकृष्णा नगर से दबोचा



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना पुलिस ने टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल कुख्यात विजय यादव को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अपराधी विजय यादव, पिता स्व. रामस्वरूप यादव, ग्राम जियाउद्दीनचक, थाना धनरूआ का रहने वाला है। उसे पटना के रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र के एक किराए के मकान से छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार विजय यादव पर कई संगीन मामले दर्ज हैं। धनरूआ थाना कांड संख्या 490/25 दिनांक 11.08.25, कांड संख्या 754/24 दिनांक वहीं कांड संख्या 746/22 दिनांक 08.12.22 में धारा 380/427/ के तहत मामला दर्ज है। बताया जाता है कि विजय यादव लंबे समय से फरार चल रहा था और हत्या, आर्म्स एक्ट और एससी-एसटी एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में वांछित था।

## भगवानगंज में 4 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई समस्तीचक गांव में की गई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान मंटू कुमार, पिता इकबाल यादव, ग्राम गोवारी सिगोडी, थाना के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सिगोडी की ओर से एक व्यक्ति समस्तीचक गांव में पुड़िया में स्मैक भरकर बेचने आया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने टीम गठित कर छापामारी की और उसे धर दबोचा। तलाशी में उसके पास से 4 ग्राम स्मैक बरामद हुआ।बताया जाता है कि बरामद स्मैक की बाजार कीमत लगभग 40 हजार रुपये आंकी गई है।

## 'खुश रहा' के लिए कल्पना पटवारी और रैपर शिक्रिवाल की खास जुगलबंदी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'जलवा-ए-जानां' को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद वॉर्नर म्यूज़िक इंडिया का माटी सीजन 2 अब अपने दूसरे ट्रैक 'खुश रहा' के साथ एक बेहद व्यक्तिगत और भावनात्मक कहानी लेकर आया है। इस गाने में मशहूर भोजपुरी लोक गायिका कल्पना पटवारी और रैपर, सॉन्गराइटर एवं प्रोड्यूसर शिक्रिवाल एक साथ नजर आ रहे हैं। 'खुश रहा' उन परिवारों की कहानी सामने लाता है, जिन्होंने बेहतर भविष्य की तलाश में अपने किसी करीबी को घर से दूर जाते देखा है, बेहतर भविष्य की तलाश में घर से दूर जाता बेटा और उसके लौटने का इंतजार करती माँ। निखिल-स्वप्निल द्वारा कंपोज किए गए और प्यारे लाल यादव द्वारा लिखे गए इस गीत में कल्पना पटवारी की लोक संगीत की गहरी समझ को शिक्रिवाल के हिप-हॉप, जैज और सिनेमैटिक प्रोडक्शन के साथ जोड़ा गया है। यह प्रयोग भोजपुरी लोक संगीत को एक नए और आधुनिक अंदाज में पेश करता है। गाने के केंद्र में एक माँ और बेटे के बीच का अटूट रिश्ता है। कहानी एक ऐसी माँ की है, जो अपने बेटे के घर लौटने का इंतजार कर रही है, जबकि उसका बेटा शहर की मुश्किल परिस्थितियों के बीच अपने और अपने परिवार के बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष कर रहा है।

## एस.यू. कॉलेज, हिलसा में पीजी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन

**विवादों में हुआ इंडक्शन मीट,छात्रसंघ की उपेक्षा पर नाराजगी के स्वर उभरे**





**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को ऐतिहासिक सूर्य मंदिर सरोवर के समीप रचेबसे परिवेश में एस.यू. कॉलेज, हिलसा में विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत, परिचय एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन के उद्देश्य से पीजी इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, विभिन्न विभागों तथा उच्च शिक्षा के अवसरों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिलसा नगर परिषद के चेयरमैन धनंजय कुमार रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शिवचन्द्र सिंह ने की। महाविद्यालय के प्रॉक्टर अरविंद कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिषेक कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों एवं शिक्षकों के स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात वंदे मातरम्, स्वागत गीत हुआ। मुख्य अतिथि धनंजय कुमार का सम्मान किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इनडक्शन मीट के दौरान मिडिया प्रभारी डॉ. राजीव कुमार नयन ने कुछ प्राध्यापकों डॉ. संम्राट सरकार, डॉ. शिवप्रसाद ठाकुर, डॉ. पंकज कुमार सिंह की लगातार उपेक्षा किये जाने पर सवाल उठाये।वहीं छात्र संघ प्रतिनिधि रिशु पटेल, आशिष कुमार ने श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय में पीजी के लिए आंदोलन करने वाले छात्र संघ प्रतिनिधियों से प्रथम मुलाकात में ही सिफर बटे सन्नाटा की परिस्थिति पर प्रोग्राम के आयोजकों पर प्रश्नों के तीर दागे। उन्होंने वर्तमान वरीय पत्रकार संतोष कुमार पार्थ जिन्होंने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय निर्माण संघर्ष समिति का हिलसा में बड़ा प्रोग्राम किया उनका नाम तक न लेने पर काफी आक्रोश जाहिर किया। महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व हृदय दिवस पर पारस हेल्थ पटना में हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर पारस हेल्थ, पटना में हृदय स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पारस हेल्थ पटना के डॉ. अहमद अब्दुल हई कार्डियोलॉजी विभाग से डॉ. सिद्धनाथ सिंह, डॉ. जमशेद



अनवर, डॉ. रामसागर रॉय एवं डॉ. चंद्र किशोर तथा सीटीवीएस विभाग से डॉ. कुमार आदित्य एवं डॉ. अतुल मोहन उपस्थित रहे। चिकित्सकों ने हृदय रोगों से बचाव, नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित खान-पान, व्यायाम तथा तनाव प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। पारस हेल्थ पटना के जोनल डायरेक्टर डॉ. दीपक सिंह ने कहा कि हमारे हृदय का महत्व केवल हमारे लिए ही नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के लिए है जो हमसे जुड़े हैं। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए नियमित जांच, संतुलित जीवनशैली और समय पर चिकित्सकीय सलाह बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान APartafYourHeart अभियान के माध्यम से लोगों को अपने हृदय का ख्याल रखने और स्वस्थ जीवनशैली को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### दम घुटने से राजमिस्त्री की मौत

**घोड़ासहन/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के पकही टोला वार्ड नंबर सात में मंगलवार सुबह नवनिर्मित मकान के शौचालय की सेंट्रिंग खोलने के दौरान दम घुटने से एक राजमिस्त्री की मौत हो गई।पिता को बचाने के लिए शौचालय में उतरा पुत्र भी बेहोश हो गया।घटना सुबह करीब 10 बजे की बतायी जा रही है. मृतक की पहचान पकही टोला निवासी 60 वर्षीय हरिश्चंद्र राय उर्फ पथलू राय के रूप में हुई है.वहीं, उनके 25 वर्षीय पुत्र पवन कुमार हादसे में बेहोश हो गए।घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई. ग्रामीणों ने आनन-फानन में दोनों को शौचालय से बाहर निकाला. इसके बाद बेहोशी की हालत में पवन कुमार को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।इधर, हरिश्चंद्र राय की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया.परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेजा जा रहा है.पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

बिहार के सभी जिलों में जन सुराज ने बनाए जिला मीडिया प्रभारी : संजय

### संगठन और पत्रकारों के बीच समन्वय स्थापित करना मुख्य मकसद

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन सुराज पार्टी ने पत्रकारों और संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के मकसद से बिहार के सभी जिलों में जिला मीडिया प्रभारी बनाए है। प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती के हस्ताक्षर से जारी पत्र में देवेन्द्र सिंह को पूर्वी चंपारण का , अरविंद कुमार मिश्र को पश्चिम चंपारण का तथा जय प्रकाश श्रीवास्तव को बगहा सांगठनिक जिला का मीडिया प्रभारी बनाया गया है। उक्त जानकारी आज यहां जारी एक बयान में जन सुराज के प्रदेश प्रवक्ता सह चंपारण परिक्षेत्र के मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने दी। श्री ठाकुर ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष द्वारा पत्र जारी कर दिया गया है।

### मेथवालिया फ्लाईओवर का बायां भाग यातायात के लिए खुला

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा बाईपास (एनएच-19) परियोजना के तहत ग्राम मेथवालिया में किलोमीटर 150 पर स्थित फ्लाईओवर के एलएचएस (बायां भाग) को मंगलवार की शाम पांच बजे से हल्के एवं भारी वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया। इसके साथ ही इस हिस्से पर वाहनों का परिचालन शुरू हो गया है। जिला प्रशासन के अनुसार, यह व्यवस्था जिलाधिकारी



सारण, वरीय पुलिस अधीक्षक सारण और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण छपरा के परियोजना निदेशक के संयुक्त दिशा-निर्देशों के अनुपालन में लागू की गई है। फ्लाईओवर का एलएचएस चालू होने से मेथवालिया चौक पर यातायात का दबाव कम होने और जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से भारी वाहनों के फ्लाईओवर से सीधे आवागमन करने से बाईपास पर यातायात संचालन अधिक सुगम और व्यवस्थित होने की संभावना है। प्रशासन के अनुसार, फ्लाईओवर के इस हिस्से के चालू होने से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बढ़ेगी तथा सड़क यातायात को सुचारू बनाने में मदद मिलेगी।

### मारपीट मामले में फरार नामजद आरोपित गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र में मारपीट के मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपित को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान दाउदपुर थाना क्षेत्र के सरखेलपार गांव निवासी राजू यादव के रूप में हुई है। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि 14 सितंबर को हुई मारपीट की घटना को लेकर दर्ज प्राथमिकी में राजू यादव को नामजद आरोपित बनाया गया था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सरखेलपार गांव में छापेमारी की। पुलिस को देखते ही आरोपित भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। कांड के अनुसंधानकर्ता जगजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा संकल्प एवं पोषण अभियान कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेवा संकल्प अभियान के तहत बाल विकास परियोजना कार्यालय, सदर एवं ग्रामीण के तत्वावधान में टाउन हॉल में 'सेवा संकल्प एवं पोषण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने शामिल होकर उपस्थित आंगनवाड़ी सेविका-सहायिकाओं एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि माताओं एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण में आंगनवाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सही पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता और बच्चों के समुचित विकास के माध्यम से स्वस्थ बचपन एवं उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सोहैल अहमद, प्रकाश अस्थाना, नीति सिन्हा, मीना मिश्रा, मदन सिंह, ओम प्रकाश सिंह, संजय ठाकुर, चुन्नू सिंह, मैनेजर सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### शिल्हौरी में भाजपा का नशामुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मढ़ौरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मढ़ौरा प्रखंड के शिल्हौरी में भाजपा सारण पूर्वी की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत नशामुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह समेत भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विनय कुमार सिंह ने कहा कि नशे की शुरूआत अक्सर शौक के रूप में होती है, जो बाद में आदत का रूप ले लेती है और परिवार को प्रभावित करती है। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण पर जोर दिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह सहित अन्य नेताओं और कार्यकताओं ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में नशामुक्त मढ़ौरा, नशामुक्त सारण, नशामुक्त बिहार और नशामुक्त भारत का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान फलदार पौधे भी लगाए गए। आयोजकों ने बताया कि अभियान के माध्यम से नशामुक्ति के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# आंगनबाड़ी समाज के भविष्य की पहली पाठशाला, 'हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' : राधामोहन सिंह

**सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बापूधाम चन्द्रहिया के वार्ड-11 स्थित आईसीडीए केंद्र संख्या-81 पर आयोजित हुआ 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बापूधाम चन्द्रहिया के वार्ड-11 स्थित ICDS केंद्र संख्या-81 पर 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधा मोहन सिंह ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं आशा बहनों को सम्मानित करते हुए उन्हें सम्मान पत्र प्रदान किया। साथ ही केंद्र से जुड़े 250 बच्चों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिंह ने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत आयोजित 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के सबसे महत्वपूर्ण आधार-मां, बच्चे और परिवार के साथ सेवा, संवेदना और संवाद का एक सशक्त माध्यम है। मोतिहारी केवल एक भौगोलिक क्षेत्र का नाम नहीं है, बल्कि यह सत्याग्रह की ऐतिहासिक भूमि और सेवा, संघर्ष एवं सामाजिक चेतना की धरती है। इस धरती की विशेषता रही है कि यहां समाज की शक्ति केवल बड़े संस्थानों में नहीं, बल्कि गांव के घर-आंगन में, माताओं की ममता में, बहनों के परिश्रम में और समाज के सेवाभावी लोगों के समर्पण में दिखाई देती है। 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम इसी सेवा-परंपरा को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि जब हम 'आंगनबाड़ी' शब्द सुनते हैं तो हमारे सामने एक छोटा-सा केंद्र दिखाई देता है, लेकिन इसकी वास्तविक भूमिका इससे कहीं बड़ी है। आंगनबाड़ी हमारे समाज के भविष्य की पहली पाठशाला है। यह बच्चों के पोषण का केंद्र है, माताओं के स्वास्थ्य और जागरूकता का केंद्र है, परिवार और सरकारी योजनाओं के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु है और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का स्थान है। आज देश में आंगनवाड़ी व्यवस्था को पोषण, स्वास्थ्य, देखभाल और प्रारंभिक बाल शिक्षा के साथ जोड़कर मजबूत किया जा रहा है। इसलिए हमें यह भावना विकसित करनी होगी- हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी का संकल्प है। सांसद श्री सिंह ने आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं एवं आशा बहनों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ये बहनें समाज के बीच रहकर निरंतर सेवा का कार्य करती हैं। गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने, बच्चों के पोषण की चिंता करने, टीकाकरण के प्रति परिवारों को जागरूक करने, माताओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा बच्चों को खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने के लिए प्रेरित करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि इन बहनों की सेवा का बड़ा हिस्सा बिना किसी शोर के होता है, लेकिन समाज निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण कार्य अक्सर बिना शोर के ही होता है। एक मां को सही समय पर मिली जानकारी, एक बच्चे को मिला उचित पोषण और एक परिवार को मिली सरकारी योजना की जानकारी-इन छोटी-छोटी बातों का परिणाम आने वाले वर्षों में एक स्वस्थ और सक्षम पीढ़ी के रूप में सामने आता है। उन्होंने कहा कि आज का यह सम्मान समाज की ओर से उन सभी सेविका, सहायिका और आशा बहनों के समर्पण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जो निरंतर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण को ध्यान में रखते हुए 250 बच्चों को पोषण किट प्रदान किए गए। इस अवसर पर बच्चों को खेल, चित्रकला, गीत एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से जोड़ा गया तथा माताओं को बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं उपलब्ध सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।सांसद श्री सिंह ने कहा कि स्वस्थ माँ, सुपोषित बच्चा और जागरूक परिवार ही सशक्त समाज की आधारशिला हैं। सरकार की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ पात्र परिवारों तक पहुँचे और समाज भी उसमें अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों को केवल सरकारी व्यवस्था न मानकर समाज की साझा जिम्मेदारी के रूप में देखने तथा इनके माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और बाल विकास को और मजबूत करने का आह्वान किया।

## मुख्यमंत्री के आदेशानुसार जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो पर तीन दिवसीय 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री के आदेशानुसार पूर्वी चंपारण जिला के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दिनांक 29 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों, माताओं, जन प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में आमजन उत्साहपूर्वक एवं स्वतःस्फूर्त रूप से शामिल हो रहे हैं। 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों एवं माताओं से जुड़ी पोषण, स्वास्थ्य एवं महिला विकास संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी सरल एवं सहज तरीके से दी जा रही है। साथ ही, बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कहानी, कविता, कॉमिक्स, पेंटिंग एवं अन्य मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे बच्चों में सीखने और रचनात्मकता के प्रति रुचि बढ़ रही है।कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों के सुचारू संचालन एवं समुदाय तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं एवं आशा दीदियों को सम्मानित किया जा रहा है। साथ ही, लाभार्थी माताओं को भी सम्मानित कर उनके उत्साह एवं सहभागिता को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण ने कहा कि आंगन का मिलन कार्यक्रम के प्रति जिलेवासियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। लोग बड़ी संख्या में कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं तथा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की 100 से अधिक लोक- कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक एवं गुणात्मक परिवर्तन आया है।उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। 'आंगन का मिलन' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाने के साथ-साथ समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित हो रही है।कार्यक्रम के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों को बच्चों, माताओं एवं समुदाय के बीच संवाद और सहभागिता के जीवंत केन्द्र के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। आगामी 01 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर इसी प्रकार विविध गतिविधियों का आयोजन जारी रहेगा।

## 61.890 किलो गांजे के साथ चार गिरफ्तार

**घोड़ासहन/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में गांजा तस्करी के एक नेटवर्क का पुलिस ने खुलासा किया है.सिकरहना एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कैवया पंचायत भवन के समीप खेत में छापेमारी कर 61.890 किलो गांजा के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया. कार्रवाई में झरौखर व जितना थाना पुलिस के साथ एसएसबी जमुनिया की टीम शामिल थी.गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बेतिया जिले के नौतन थाना क्षेत्र निवासी जसकरण साह (50), सुरेश ठाकुर (45) और बलिस्टर साहनी (55) के रूप में हुई है। वहीं, चौथे आरोपी की पहचान मोतिहारी के छतौनी निवासी लखिन्द्र महतो के रूप में हुई है.पुलिस के अनुसार, आरोपियों के पास से लाल पॉलीथिन में पैक गांजा बरामद किया गया.बरामद मादक पदार्थ का कुल वजन 61.890 किलो बताया गया है.मोतिहारी से बस से पहुंचे, नेपाल के रास्ते लौटे पुलिस की प्रारंभिक जांच में तस्करी के नेटवर्क के सीमावर्ती क्षेत्र से जुड़े होने की बात सामने आई है.पुलिस के अनुसार, आरोपी दिन में बस से मोतिहारी से घोड़ासहन पहुंचे थे. इसके बाद नेपाल गए और वहां से पीठू बैग में गांजा लेकर घोड़ासहन क्षेत्र में डिलीवरी के लिए पहुंचे थे. डिलीवरी से पहले ही पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया.

## गरीबों के मसीहा बनकटवा के 'नूर' डॉ. आलोक रंजन नहीं रहे, दिल्ली में इलाज के दौरान निधन से शोक की लहर



**बनकटवा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार की देर रात बेहद दुखद खबर सामने आई। गाजियाबाद के एमएमजी जिला अस्पताल में कार्यरत 47 वर्षीय डॉ. आलोक रंजन का दिल्ली के एस्कॉर्ट्स फोर्ट अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही बनकटवा सहित पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। वे अवकाश प्राप्त शिक्षक योगेंद्र यादव के पुत्र थे।बताया गया कि डॉ. आलोक रंजन का दिल्ली के एस्कॉर्ट्स फोर्ट अस्पताल में हार्ट का ऑपरेशन हुआ था। ऑपरेशन के बाद उन्हें संक्रमण की समस्या हो गई। चिकित्सकों की टीम के प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। एक होनहार चिकित्सक और जरूरतमंदों के मददगार के असमय निधन से परिवार सहित पूरा क्षेत्र सदमे में है।डॉ. रंजन की सबसे बड़ी पहचान उनकी सेवा भावना थी। वे अपने गृहगांव बनकटवा में प्रत्येक माह आते और गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों का निःशुल्क इलाज करते थे। जिले के कोने-कोने से मरीज उनके घर स्थित क्लिनिक पर ईलाज के लिए पहुंचते थे। जरूरतमंद मरीजों को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली तक ले जाने और वहां निःशुल्क चिकित्सा उपलब्ध कराने में भी वे मदद करते थे। डॉ. आलोक रंजन अपने पीछे पांच वर्षीय बेटी श्रीजा, पत्नी इंजीनियर निक्की, बड़े भाई, बहन और माता-पिता सहित पूरा परिवार छोड़ गए हैं। डॉ. आलोक रंजन के निधन पर नरकटिया के पूर्व विधायक डॉ. शमीम अहमद, सपा नेता जयप्रकाश नारायण यादव, भाजपा नेता शैलेन्द्र यादव, उमाकांत प्रसाद, उमेश प्रसाद, हरिशंकर सिंह, सुमन कुमार सिंह, पिंकू सिंह, प्रदीप साह, सीताराम यादव, शिवशंकर यादव, मणिभूषण यादव, नवल किशोर प्रसाद, हरिशंकर यादव, जिला पार्षद लालबाबू यादव, जुबैर हाशमी, अनिल सिंह, जियालाल प्रसाद, बच्चा यादव, प्रेमकिशोर यादव और सूखाड़ी राम सहित अनेक लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना दी।

## डीएलएसए सचिव ने विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, के सचिव नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनजीओ प्रतिनिधियों के साथ श्रीमती निधि कुमारी, एसडीसी तथा श्री अक्षय कुमार, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा भी उपस्थित रहे।बैठक में प्रयास, प्रथम, स्वच्छ रक्सौल, माहेर, डंकन अस्पताल सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इन संस्थाओं द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल संरक्षण, सामाजिक सुरक्षा, स्वच्छता, कमजोर एवं वंचित वर्गों के कल्याण तथा अन्य सामाजिक क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में कार्यरत विभिन्न सरकारी विभागों, जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा समाज के जरूरतमंद, कमजोर एवं वंचित वर्गों तक निःशुल्क विधिक सहायता एवं नालसा की विभिन्न योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना था।बैठक में सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि विधिक सेवा का उद्देश्य केवल न्यायालय तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक न्याय और विधिक सहायता की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों, महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, श्रमिकों, पीड़ितों तथा अन्य कमजोर वर्गों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक सहायता के संबंध में जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने सभी एनजीओ प्रतिनिधियों से अपने-अपने कार्यक्षेत्र में विधिक जागरूकता, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता तथा नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

## मरीजों को समय पर मिलेगी दवा

**वास्तविक जरूरत के आधार पर अस्पतालों में 90 दिन का स्टॉक होगा सुनिश्चित**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दवाओं की कमी से मरीजों को परेशानी न हो और दूसरी ओर जरूरत से ज्यादा दवा मंगाकर उसके खराब होने या समाप्ति की स्थिति भी न बने, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने अधियाचना की प्रक्रिया को अधिक जवाबदेह और आंकड़ा-आधारित बनाने का निर्णय लिया है। अब प्रखंड, जिला और राज्य स्तर पर गठित समितियां केवल अस्पतालों की मांग को औपचारिक रूप से मंजूर नहीं करेंगी, बल्कि मरीजों की संख्या, पिछली खपत, मौजूदा भंडार, रास्ते में आ रही दवाओं, मौसमी बीमारियों और उपलब्ध चिकित्सा सेवाओं को ध्यान में रखकर वास्तविक जरूरत तय करेंगी। साथ ही अस्पतालों में 90 दिनों का बफर स्टॉक बनाए रखना अनिवार्य होगा। सरकारी अस्पतालों में दवाओं और अन्य चिकित्सकीय सामग्रियों की कमी से मरीजों को परेशानी न हो तथा जरूरत से अधिक खरीद के कारण दवाओं के बेकार होने की स्थिति भी कम हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने अधियाचना (इंडेंट) की समीक्षा और सत्यापन की तीन-स्तरीय व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है।

## 72वीं सीनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में वंदना को मिला बेस्ट अपकमिंग प्लेयर अवार्ड

**बिहार महिला टीम ने हासिल किया सातवां स्थान, वैशाली की खिलाड़ी ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया राज्य का मान**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**वैशाली।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति में संपन्न 72वीं सीनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में बिहार की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश में सातवां स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाली वैशाली जिले की वंदना कुमारी को बेस्ट अपकमिंग प्लेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के महिला वर्ग में वंदना ने अपने खेल से खेल प्रेमियों और चयनकताओं का ध्यान आकर्षित किया। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने से बिहार के खेल जगत में खुशी का माहौल है। वंदना की इस उपलब्धि पर बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष-सह-विधान परिषद सदस्य प्रो. नवल किशोर यादव, उपाध्यक्ष प्रो. सुहेली मेहता, मिथिलेश कुमार मंडल, डॉ. सुनील कुमार सिंह, सुजय सौरभ, संयुक्त सचिव मिताली मित्रा व राकेश रंजन सहित संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके अलावा निदेशक पवन केजरीवाल, संयोजक डॉ. अरुण दयाल, प्रबंधक डॉ. रजनी गंधा, वैशाली जिला सचिव रवि रंजन कुमार, भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम के प्रशिक्षक गौरी शंकर, साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन के गोल्ड मेडलिस्ट दीपक प्रकाश रंजन और राज्य प्रवक्ता ज्ञानदेव कुमार ने भी वंदना को शुभकामनाएं दीं। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि वंदना की सफलता राज्य के अन्य उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है।

## प्लास्टिक-मुक्त अभियान के तहत मंगलवारी बाजार में कपड़े के थैलों का वितरण

**सांसद राधामोहन सिंह ने दुकानदारों एवं आमजनों से प्लास्टिक का उपयोग छोड़ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेने का किया आह्वान**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा विधानसभा अंतर्गत चकिया प्रखंड के मंगलवारी बाजार में सेवा संकल्प अभियान के तहत प्लास्टिक-मुक्त अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद श्री राधामोहन सिंह ने बाजार में घूमकर दुकानदारों एवं आमजनों से संवाद किया तथा उन्हें प्लास्टिक की जगह पर्यावरण-अनुकूल कपड़े के थैलों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए थैले वितरित किए।इस अवसर पर सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या किसी संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। दैनिक जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम कर हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कपड़े या जूट के थैले का उपयोग हमारी छोटी-सी आदत में बदलाव है, लेकिन इसका प्रभाव व्यापक हो सकता है। बाजार में खरीदारी के लिए अपना थैला साथ ले जाने की आदत को जन-आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता है। उन्होंने दुकानदारों एवं आमजनों से अपील की कि वे स्वयं प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।सांसद श्री सिंह ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता की भावना को मजबूत करना है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।इस दौरान सांसद श्री राधामोहन सिंह ने मंगलवारी बाजार में दुकानदारों और आम नागरिकों के बीच स्वयं पहुंचकर कपड़े के थैलों का वितरण किया। बाजार में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के इस प्रयास की सराहना करते हुए प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव, विधानसभा संयोजक श्री रोहित सिंह, कन्हैया सिंह, रमेश भारती सहित बड़ी संख्या में दुकानदार एवं आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया तथा दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाने का आह्वान किया गया।

## मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स की 27 वीं कार्यकारिणी की आठवीं बैठक सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैंबर ऑफ कॉमर्स की 27 वीं कार्यकारिणी की आठवीं बैठक छतौनी स्थित होटल में चैंबर अध्यक्ष महेश सिन्हा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक की शुरूआत महासचिव आलोक कुमार द्वारा गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि तथा विगत अवधि में चैंबर द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने से हुई। इसके उपरांत कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा ने चैंबर के आय -व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में पूर्व महासचिव अंकुर जायसवाल, धीरेंद्र कुमार, विकास कुमार एवं सुधांशु कुमार विशेष आमंत्रित के रूप में उपस्थित रहे, उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।जिला प्रशासनझ्रव्यवसायी संवाद की समीक्षा करते हुए कार्यक्रम संयोजक अंगद सिंह द्वारा कार्यक्रम का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। सदस्यों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजन समिति को बधाई देते हुए प्रतिवेदन की सराहना की। द्वितीय चंपारण एक्सपो के आयोजन का संकल्प बैठक में सत्र 2026 के अंत में द्वितीय चंपारण एक्सपो आयोजित करने का संकल्प लिया गया। सदस्यों ने एक्सपो के माध्यम से स्थानीय व्यापार, उद्योग, उद्यमिता एवं उत्पादों को व्यापक मंच उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक तैयारियां प्रारंभ करने पर सहमति व्यक्त की। एमडीआर (यूपीआई) को लेकर चिंता बैठक में एमडीआर (यूपीआई लेन-देन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट) के मुद्दे पर भी गंभीर चर्चा हुई।

# पीएनजी कनेक्शन लेना आसान, कनेक्शन के लिए मानक प्रक्रिया निर्धारित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। जिले में घरेलू उपयोग के लिए नए डी-पीएनजी (डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन प्राप्त करने के इच्छुक उपभोक्ताओं के लिए आईओसीएल सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन, औरंगाबाद द्वारा मानक प्रक्रिया (एसओपी) निर्धारित की गई है। इसके तहत इच्छुक लोगों के पंजीकरण से लेकर स्थल सर्वेक्षण, दस्तावेज सत्यापन, ग्राहक खाता संख्या निर्माण, मीटर स्थापना एवं गैस आपूर्ति तक की प्रक्रिया निर्धारित चरणों के अनुसार पूरी की जाएगी। नए डी-पीएनजी कनेक्शन के इच्छुक लोगों के पंजीकरण के लिए आईओसीएल द्वारा तैनात ठेकेदार घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेगा। यह प्रक्रिया एकल अथवा बहु-कनेक्शन के लिए इच्छुक लोगों के पंजीकरण हेतु अपनाई जाएगी। इच्छुक उपभोक्ताओं से उनका नाम, पता एवं मोबाइल नंबर सहित आवश्यक विवरण प्राप्त किए जाएंगे। पंजीकरण के दौरान इच्छुक उपभोक्ता को पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, पासपोर्ट आदि में से उपलब्ध दस्तावेज तथा पता प्रमाण के रूप में बिजली बिल, मकान स्वामित्व संबंधी दस्तावेज अथवा किराया समझौता आदि उपलब्ध कराना होगा। पंजीकरण के बाद आईओसीएल के ठेकेदार द्वारा सेवा अनुरोध संख्या जनरेट की जाएगी। इसके पश्चात आईओसीएल एवं ठेकेदार की संयुक्त टीम द्वारा व्यवहार्यता सर्वेक्षण किया जाएगा। इस सर्वेक्षण के दौरान संबंधित क्षेत्र में पीएनजी नेटवर्क की उपलब्धता, निकटतम वितरण लाइन से दूरी तथा स्थल तक पहुंच एवं सुरक्षा की स्थिति का आकलन किया जाएगा। यदि सर्वेक्षण के दौरान डी-पीएनजी कनेक्शन को व्यवहार्य पाया जाता है, तो उपभोक्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद आवश्यक विवरण आईओसीएल सीजीडी सॉफ्टवेयर में दर्ज कर ग्राहक खाता (सीए) संख्या बनाई जाएगी। ग्राहक खाता संख्या उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर स्वतः भेजी जाएगी। ग्राहक खाता संख्या प्राप्त होने के बाद मीटर सुरक्षा जमा राशि का भुगतान ग्राहक खाता संख्या के माध्यम से यूपीआई द्वारा किया जाना है। वर्तमान में प्रभावी योजना के अनुसार आवेदन शुल्क निःशुल्क है। योजना- ए5 के अंतर्गत प्रशासनिक शुल्क (18 प्रतिशत जीएसटी सहित) निःशुल्क है तथा गैस आपूर्ति शुरू होने से पूर्व 6,000 रुपये की वापसी योग्य कनेक्शन सुरक्षा जमा और 500 रुपये की वापसी योग्य भुगतान सुरक्षा जमा देय होगी, जिससे कुल प्रारंभिक भुगतान 6,500 रुपये होगा। वहीं योजना-बी5 के अंतर्गत प्रशासनिक शुल्क (18 प्रतिशत जीएसटी सहित) 1,150 रूपये तथा वापसी योग्य भुगतान सुरक्षा जमा 500 रूपये देय होगा। इसके अतिरिक्त गैस कनेक्शन शुरू होने के बाद 500 रूपये प्रति द्विमासिक बिल, अर्थात 250 रूपये

प्रति माह की दर से दो वर्षों तक कुल 6,000 रूपये की वापसी योग्य कनेक्शन सुरक्षा जमा 12 किस्तों में बिल के माध्यम से वसूल की जाएगी। इस प्रकार योजना-बी5 के अंतर्गत कुल देय राशि 7,650 रूपये होगी। उक्त योजनाएं वर्तमान में प्रभावी हैं तथा भविष्य में कंपनी के प्रधान कार्यालय द्वारा इनमें परिवर्तन किया जा सकता है। डी-पीएनजी मीटर तथा रसोई तक आवश्यक जीआई पाइप नेटवर्क ठेकेदार द्वारा ग्राहक के परिसर में स्थापित किया जाएगा। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार डी-पीएनजी मीटर तथा रसोई तक आवश्यक जीआई पाइप नेटवर्क की स्थापना ठेकेदार द्वारा उपभोक्ता के परिसर में की जाएगी। इसके बाद डी-पीएनजी मीटर को पीएनजी वितरण लाइन से जोड़ा जाएगा। पीएनजी के उपयोग के लिए उपभोक्ता के चूल्हे पर प्राकृतिक गैस रूपांतरण (एनजीसी) किया जाएगा। इसके बाद उपभोक्ता को पाइप के माध्यम से पीएनजी की आपूर्ति की जाएगी। पीएनजी उपयोग के लिए उपभोक्ता को द्विमासिक बिल प्राप्त होगा। नए डी-पीएनजी कनेक्शन के लिए इच्छुक उपभोक्ता ऑनलाइन पंजीकरण भी कर सकते हैं।

## टेम्पो-टोटो की आमने-सामने भिड़ंत, दो सगी बहनों समेत तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा/औरंगाबाद**। हसपुरा-पचरुखिया मुख्य मार्ग पर मंगलवार को टेम्पो और टोटो की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में दो सगी बहनों समेत तीन लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को इलाज के लिए हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के पूर्णा बिगहा सिपहा गांव निवासी कासीमुनी देवी (35) और उनकी सगी बहन देवमनी देवी (40) के रूप में हुई है। दोनों बहनें इलाज कराने के लिए शंकरपुर गांव जा रही थीं। इसी दौरान हसपुरा-पचरुखिया मुख्य मार्ग पर सामने से आ रहे टोटो से उनके टेम्पो की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में टोटो चालक महुआड़ी गांव निवासी अशोक सिंह (57) भी घायल हो गए। घायल दोनों बहनों ने बताया कि वे इलाज के लिए शंकरपुर जा रही थीं। रास्ते में अचानक सामने से आ रहे टोटो से टेम्पो की भिड़ंत हो गई। वहीं टोटो चालक अशोक सिंह ने बताया कि वह धीमी गति से टोटो चला रहे थे। इसी दौरान टेम्पो ने उनके टोटो में जोरदार टक्कर मार दी। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों ने टेम्पो की रफ्तार तेज होने की बात कही है।

# भगवान जीमूतवाहन के चारों चौकों पर लगेंगे सीसीटीवी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। शहर में भगवान जीमूतवाहन के स्थापित सभी चार मंदिरों का निरीक्षण उच्च अधिकारियों ने किया। अधिकारियों की तरफ से आवश्यक निर्देश दिए गए। वहीं पूजा समितियों द्वारा अपनी मांगे भी रखी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीओ अमित राजन एवं एसडीपीओ चंद्रभूषण ने निरीक्षण किया। उनके साथ थाना अध्यक्ष विकास कुमार व नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी उपस्थित रहे। एसडीओ अमित राजा ने बताया कि सभी को निर्देश दिया गया कि ध्वनि कम रखें। ज्यादा शोर ना करें। अग्निशामक यंत्र निश्चित रखें ताकि अप्रिय घटना की स्थिति में उस पर तुरंत नियंत्रण हासिल किया जा सके। एसडीओ द्वारा पूजा समितियों को स्वयंसेवक रखने का भी निर्देश दिया गया। यह ध्यान देने को कहा गया कि जितिया व्रत करने वाली महिलाओं की जितिया या स्वर्णाभूषण चोरी न हो, इस पर स्वयं सेवक नजर रखें। उन्होंने बताया कि सभी चार चौकों पर सीसीटीवी लगाने का नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी को निर्देश दिया गया है। दूसरी तरफ इमली ताल विद्यार्थी क्लब के अध्यक्ष प्रशांत कुमार तांती ने बताया कि उनके द्वारा पुलिस बल की मांग की गई। तीन अक्टूबर यानी व्रत के दिन मौला बाग से नगर परिषद रोड तक में नो एंट्री की व्यवस्था लागू करने की मांग की गई। कसेरा टोली चौक से संबंधित पूर्व वार्ड पार्षद रविंद्र प्रसाद ने बताया कि उनके द्वारा अधिकारियों को कार्यक्रम का विवरण दिया गया। अधिकारियों को बताया गया कि एक, दो और तीन अक्टूबर को रात्रि से सुबह तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यहां महिला पुलिस बल की मांग की गई, ताकि जितिया या स्वर्णाभूषण चोरी की घटना ना हो सके।

**महिलाएं भीड़ में घुस कर करती हैं स्वर्णाभूषण की चोरी**

जितिया व्रत के दिन दाउदनगर में भगवान जीमूतवाहन के बने सभी चार चौकों पर सामूहिक रूप से व्रती महिलाएं पूजा करती हैं। दिन भर पूजा का कार्य होता हैम काफी भीड़ रहती है। इस गहमागहमी के बीच कुछ महिला भीड़ में घुसकर महिलाओं का जितिया या सोने की चेन या अन्य स्वर्णाभूषण चुरा लेती हैं। प्राय हर साल किसी महिला का जितिया, तो किसी का सोने का चेन तो किसी के दूसरे गहने चोरी होने की खबर आती है। जिससे महिलाओं को काफी दिक्कत होती है। पहला मौका है जब प्रशासनिक स्तर पर सीसीटीवी इंस्टाल किये जाने हैं। ऐसे स्थिति में लोगों को उम्मीद है कि चोरी जैसी घटना नहीं होगी। महिला व्रती सुरक्षा को लेकर आश्वस्त हो सकती हैं। ऐसा होने पर वे निर्भिक, बेझिझक और खुल कर व्रत कर सकती हैं।

## तीन महीने में 277 मरीजों का डायलिसिस




डॉ.उपेंद्र कश्यप

**दाउदनगर (औरंगाबाद) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। अनुमंडल अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध होने का लाभ काफी मरीज को सहजता से मिल रहा है। यहां पांच बेड का डायलिसिस वार्ड गत नौ जुलाई 2026 को आरंभ हुआ था। तब से 24 सितंबर तक कुल 277 मरीजों को डायलिसिस का लाभ मिला है। प्रभारी उपाधीक्षक डॉक्टर शांता कुमारी ने बताया कि अपोलो द्वारा यह सुविधा सरकार के गाइडलाइंस के मुताबिक उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य प्रबंधक ठाकुर चंदन सिंह ने बताया कि प्रतिदिन नौ बजे सुबह से अपराह्न पांच बजे तक मरीज को डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है। यहां डॉक्टर आस्था आनंद डायलिसिस करते हैं। इन्होंने बताया कि राशन कार्ड धारक मरीजों का डायलिसिस करने के लिए कोई शुल्क नहीं लगता है, जबकि जिनके पास राशन कार्ड नहीं है उनसे 1797 रुपए का फी निश्चित है। यहां एक साथ पांच मरीज का डायलिसिस करने के लिए पांच बेड है, लेकिन एक बार मे अधिकतम तीन मरीज ही आ सके हैं। कुछ लोग यह भ्रम फैला रहे कि तीन ही बेड क्रियाशील है। यह तथ्य सही नहीं है। सभी पांच बेड क्रियाशील है।

# पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन, पूर्व सांसद ने हर छात्र से पेंटिंग के बारे ली जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। मंगलवार को राजकीय मध्य विद्यालय विशंभरपुर में विभागीय आदेश के आलोक में मेरे सपनों का भारत 2047 विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रु में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह उपस्थित हुए। पूर्व सांसद को विद्यालय के प्रधानाध्यापक देव कुमार चौधरी ने सम्मानित किया तथा विद्यालय में व्याप्त समस्याओं के बारे में जानकारी दिया।उसके बाद पूर्व सांसद ने विद्यालय में एक हीरा बोरिंग करवाने का आश्वासन दिया। पूर्व सांसद के द्वारा बच्चों को काफी प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों से मिलकर उनके द्वारा तैयार किए गए पेंटिंग को देखकर उससे संबंधित प्रश्न पूछ कर बच्चों को उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय क्रमशः गायत्री कुमारी, सौरव कुमार, खुशी कुमारी को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक सुधीर कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। मौके पर प्रखंड संसाधन केंद्र के लेखपाल पवन मिश्रा, विद्यालय के सभी शिक्षक अजीत कुमार, प्रियंका कुमारी, सुधीर कुमार मिश्रा, हिमायतुल्लाह अंसारी, रविशंकर, पवन कुमार, उमेश कुमार चौधरी एवं पूर्व मुखिया विनय कुमार सिंह, सुबोध कुमार सिंह, सेवानिवृत शिक्षक ललन बाबू, शुभम कुमार सिंह बबलू सिंह, प्रमोद सिंह एवं अन्य मौजूद रहे।




# कबाड़ से जुगाड़ के तहत अपशिष्ट सामग्री से बनाई उपयोगी कलाकृतियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोसिला स्थित वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट पर 'कबाड़ से जुगाड़' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अपशिष्ट पदार्थों को बेकार न समझकर उन्हें संसाधन के रूप में उपयोग करने और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। स्वच्छता कर्मियों ने प्लास्टिक की बोतलों सहित अन्य अपशिष्ट सामग्री से विभिन्न उपयोगी एवं आकर्षक कलाकृतियों का निर्माण किया। इनमें गिलास, प्लेट, फूल, लालटेन-बत्ती, गमला, झालर एवं गुलदस्ता आदि शामिल रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अपशिष्ट सामग्री के पुनः उपयोग के महत्व पर चर्चा की तथा लोगों से कचरे को इधर-उधर नहीं फेंकने और उसके उचित प्रबंधन में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिल कुमार, नारायण कुमार, रामकुमार यादव, संजू यादव, संटु कुमार, बिना कुमारी, रामेश्वर चौधरी, मदन कुमार, अरविंद कुमार, मोहम्मद मूसा, मोहम्मद मेराज एवं रणधीर कुमार सहित स्थानीय स्वच्छता कर्मी उपस्थित रहे।



# पीएम आवास योजना में गड़बड़ी का आरोप, योग्य लाभार्थियों के नाम सूची से बाहर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची से पात्र गरीब लाभुकों के नाम हटाये जाने का आरोप मदनपुर प्रखंड की दक्षिणी उमगा पंचायत में सामने आया है। पंचायत के क्षेत्र संख्या-25 की पंचायत समिति सदस्य सुनीता कुमारी ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर मामले की जांच कराने की मांग की है। आवेदन में आवास योजना के लाभुकों के चयन और सूची में नाम शामिल करने की प्रक्रिया में अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाया गया है। वहीं, पंचायत की मुखिया संध्या देवी ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि लाभुकों के नाम हटाना मुखिया के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि विजय कुमार उर्फ गोलू यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र लोगों के चयन में पारदर्शिता नहीं बरती गयी है। उनका आरोप है कि राजनीतिक साजिश के तहत कई गरीब और जरूरतमंद परिवारों के नाम सूची से हटा दिये गये, जबकि ऐसे लोगों के नाम सूची में शामिल हैं जिन्हें आवास की तत्काल आवश्यकता नहीं है। उन्होंने दावा किया कि कुछ लाभुकों के परिवार में सरकारी नौकरी करने वाले सदस्य भी हैं। इसके अलावा एक ही मकान में रहने वाले एक से अधिक लोगों के नाम योजना की सूची में शामिल किये जाने का भी आरोप लगाया गया है। प्रतिनिधि ने कहा कि यदि पात्र परिवारों को सूची से बाहर किया गया है तो इसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है। दक्षिणी उमगा पंचायत के कई गांव नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आते हैं। प्रतिनिधि विजय कुमार यादव का कहना है कि पंचायत में आज भी बड़ी संख्या में गरीब परिवार जर्जर अथवा कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। ऐसे परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना महत्वपूर्ण है। उन्होंने जिलाधिकारी से पूर्व की सूची के आधार पर पंचायत में दोबारा जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले कई परिवार आवास योजना के लिए पात्र हैं, लेकिन वर्तमान सूची में उनका नाम नहीं है। शिकायत के बाद अब लोगों की नजर प्रशासनिक जांच पर है। पंचायत के लोगों ने भी मांग की है कि सूची की निष्पक्ष तरीके से जांच कर वास्तविक पात्र लाभुकों की पहचान की जाये। इसके बाद जिन परिवारों को पात्र पाया जाए, उन्हें योजना का लाभ दिलाया जाए। दक्षिणी उमगा पंचायत की मुखिया संध्या देवी ने गरीबों के नाम हटाने के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची से किसी लाभुक का नाम हटाना मुखिया के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। मुखिया के अनुसार, आवास योजना को लेकर जांच-पड़ताल की प्रक्रिया शुरू होने के समय पंचायत में करीब 2759 लोगों के नाम जांच के दायरे में आये थे। जांच और सत्यापन के बाद करीब 2100 लोगों को आवास की जरूरत वाला पाया गया। उन्होंने कहा कि जिन पात्र लोगों का नाम किसी कारण से छूट गया है, उनकी अगली प्रक्रिया में दोबारा जांच करायी जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि दक्षिणी उमगा पंचायत नक्सल प्रभावित क्षेत्र है और यहां बड़ी संख्या में परिवारों को आवास की आवश्यकता है। अधिकारियों को बुलाकर जांच-पड़ताल करायी जा रही थी तथा पात्र परिवारों को योजना का लाभदिलाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। अब शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं, इस पर पंचायत के लोगों की नजर है।

# जितिया में सतपुतिया और नोनिया साग का महत्व

**जीवन और सौ संतानों से संबद्ध है यह परंपरा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। जितिया महापर्व करने वाली व्रतियों से आवश्यक रूप से सतपुतिया झिंगी और नोनिया साग जुड़ा हुआ है। इसका विशेष महत्व है। इस व्रत में ओठगन (सरगही) और पारण करने का भी विशेष महत्व है। नहाय खाय के दिन आश्विन कृष्ण पक्ष सप्तमी में स्नान कर भोजन किया जाता है। माता पुआ, दाल भरी पुड़ी, पिठी, नोनिया साग, कन्दा की शब्जी, सतपुतिया झींगी की शब्जी, मडुआ की रोटी, ठेकुआं इत्यादि बनाती हैं। पहले अपने पुरोहित के यहां भेजने के बाद ओठगन देने के लिए एवं सरगही करने के लिए निकाल कर रख देती हैं। यह जानकारी आचार्य पं. लालमोहन शास्त्री ने दी। बताया कि इसके बाद अपने परिवार कुटुम्ब को खिलाती हैं। तब स्वयं भोजन करती हैं। ओठगन (सरगही) सप्तमी की शेष रात्रि किसी लोटा के सहारे पुआ, ठेकुआं को खड़ा करती हैं, जिसे ओठगन कहते हैं। भोजन करती व जल पीती हैं। बताया कि नोनिया आग लाल रंग का होता है जो किसी समय विकसित हो जाता है। अनेक प्रकार के ताप, वर्षा और ठण्ढा का सामना करते हुए विकसित रहता है। माता की भावना रहती है कि मेरा पुत्र अनेक प्रकार के कष्ट आपदा सहन करते हुए दीर्घायु होकर विकास करते रहे।

बताया कि सतपुतिया झींगी का अर्थ है मेरी एक सौ सन्तान दीर्घजीवि हों। बहुपुत्र लाभम् के साथ एक साथ रहे क्योंकि सतपुतिआ अकेला नहीं फलता है। समूह में चार पांच की संख्या में साथ रहता है। इसी प्रकार सबका अपना अपना महत्व है। कन्दा गरिष्ठ है। इसकी तुलना पुत्र के स्वास्थ्य से है। मडुआ मोटा अन्न है जिसमें लोहा की मात्रा अधिक है। जो माताओं के लिए जरूरी होता है। पिठी गेंहू के आटा से छोटे छोटे चावल के तरह बना कर दुग्ध और चिनी से बनाया जाता है। जो जीरा (जीव) के प्रतिरूप खाती है। इसके साथ अपने क्षेत्र के अनुसार सरगही करती है । ओठगन दिया हुआ पुआ ठेकुआं पुत्र को खाने के लिए दिया जाता है। अगर पुत्र दूर देश रहता है तो उसके लिए ठेकुआ और नजदिक वाले पुत्र को पुआ खाने के लिए दिया जाता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

# नीतीश संवाद 20 साल बेमिसाल कार्यक्रम की तैयारी को ले जदयू कार्यालय में बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज के जदयू कार्यालय में नीतीश संवाद 20 साल बेमिशाल कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा एवं संचालन जदयू नेत्री संगीता गुप्ता ने किया। अध्यक्ष ने बताया कि महिला सशक्तिकरण एवं जीविका उपार्जन को लेकर जीविका समूह के माध्यम से महिलाओं के विकाश के लिए किए जा रहे कार्य का 20 वर्ष होने पर नीतीश संवाद कार्यक्रम का आयोजन 2 अक्टूबर को औरंगाबाद शहर के अशोक सम्राट भवन में आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी दी गयी है। जीविका से जुड़ी दीदीओं को औरंगाबाद में रफीगंज प्रखंड के सभी पंचायतों एवं गावों से ले उपस्थित कराने को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही जीविका कार्यालय से इसमें सभी कार्यरत कर्मियों को सूचना दी गयी। जदयू नेत्री संगीता गुप्ता ने कहा कि रफीगंज प्रखंड से हजारों की संख्या में जीविका दीदी गाजे बाजे के साथ वहां पहुंचेंगे। महिला प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष संगीता देवी,जिला उपाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा, जिला महासचिव भोला चौधरीज़ जिला महासचिव उमेश पासवान,अशोक पासवान, उपस्थित रहे।

## सीएम डैशबोर्ड पर मामला दर्ज होने के तीन माह बाद भी काम ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूर बसे कदियाही समेत दर्जनों गांवों के लोग आज भी पक्की सड़क से वंचित हैं। कदियाही निवासी समाजसेवी जितेंद्र कुशवाहा ने इस समस्या को लेकर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को आवेदन सौंपकर सड़क निर्माण की मांग की है। आवेदन के अनुसार, कदियाही की प्रखंड मुख्यालय से सीधी दूरी मात्र दो किमी है। पक्की सड़क न होने से ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को 9 से 10 किमी का चक्कर लगाना पड़ता है। बरसात के दिनों में स्थिति और विकट हो जाती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। उन्होंने ओबरा थाना मोड़ से झांझु बिगहा, कदियाही, भुइयां बिगहा होते हुए देवरिया और कुरमा नरेश हॉल्ट तक पक्की सड़क निर्माण की मांग की है।

**पूर्व रेलवे**

**सं. डीटीई-जेएमपी-04आर-26-27, दिनांक 28.09.2026,** सहायक नगर अभियंता, पूर्व रेलवे लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम-**: एटीई/जमालपुर के अधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) का प्रावधान एवं अन्य सहायक कार्य। **विज्ञापित निविदा मूल्य :** रु.1,28,93,574/-, **बयाना राशि:** रु. 2,57,900/-, **खुलने की तिथि:** दिनांक 23.10.2026, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। MISC-209/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
***Name of the Election** : बिहार विधान परिषद
**Name of State/UT** : बिहार
**(1)** Name of Constituency : 05 दरभंगा स्नातक
Name of the candidate : अनिल कुमार झा

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | **Nature of the offences** | (1) सरकारी कार्य में बाधा (2) सरकारी कार्य में बाधा डालने से संबंधित (3) आचार संहिता वगैरह का उल्लंघन |
| | b. | Case no. | (1) दरभंगा जी.आर.पी. थाना केस सं.-23/2005, धारा सं० - 143 आई.पी.सी. एवं 174 रेलवे एक्ट (2) दरभंगा नगर थाना केस सं. 230/13, धारा सं० - 143, 353, 342 एवं 149 आई.पी.सी. (3) लहेरियासराय थाना केस सं०-497/20, धारा सं० - 188, 143, 269, 270, 271, आई.पी.सी. |
| | c. | Name of the Court | (1) ए.सी.जी.एम. 1st रेलवे कोर्ट समस्तीपुर, T.R. No. 968/22 (2) ए.सी.जी.एम. 1st दरभंगा G.R.-24104/24 (3) ए.सी.जी.एम. 1st दरभंगा C.R.I.-3046/20 |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | (1) हाँ (2) नहीं (1) हाँ |
| | e. | Date of conviction, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | (1) लागू नहीं (2) लागू नहीं (3) लागू नहीं |
| | g. | Any other information required to be given | लागू नहीं |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | राजनीतिक रूप से ये अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है, इनकी शैक्षणिक योग्यता स्नातक है। |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | अपने क्षेत्र में कुशल समाजसेवी होने के कारण अन्य उम्मीदवारों के तुलना में इनके जितने की संभावना ज्यादा है। |

राष्ट्रीय जनता दल (बिहार प्रदेश) द्वारा प्रकाशित

# मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना से दरभंगा के 1500 विद्यार्थी करेंगे ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण

## जिले के 30 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों का चयन, छह लाख रुपये आवंटित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में दरभंगा जिले के 30 उत्क्रमित एवं नवस्थापित माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों के करीब 1500 छात्र-छात्राएं बिहार के प्रमुख ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण करेंगे। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को राज्य की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना तथा उनके सामान्य ज्ञान एवं शैक्षणिक अभिरुचि को बढ़ावा देना है। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए शिक्षा विभाग ने दरभंगा जिले के चयनित विद्यालयों को प्रति विद्यालय 20 हजार रुपये की दर से कुल छह लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। राज्य स्तर पर बिहार के सभी 38 जिलों के 800 विद्यालयों के लिए द्वितीय किस्त के रूप में कुल 1.60 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक चयनित विद्यालय से न्यूनतम 50 छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाना अनिवार्य किया गया है। इस प्रकार जिले के 30 विद्यालयों से लगभग 1500 विद्यार्थी इस योजना से लाभान्वित होंगे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को बिहार के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक महत्व के स्थलों को करीब से देखने और उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इससे पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ उनके व्यावहारिक अनुभव में भी वृद्धि होगी। शिक्षा विभाग के अनुसार दरभंगा जिले में कुल 347 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय हैं। इनमें से योजना के तहत 30 विद्यालयों का चयन किया गया है। प्रत्येक विद्यालय को शैक्षणिक भ्रमण के लिए 20 हजार रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी शैक्षणिक भ्रमण राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के आधिकारिक बैनर के तहत सामूहिक रूप से आयोजित किए जाएंगे। आवंटित राशि का उपयोग केवल शैक्षणिक भ्रमण पर ही किया जा सकेगा। किसी अन्य मद में राशि खर्च करने पर रोक लगाई गई है। योजना के तहत जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (योजना एवं लेखा) द्वारा चयनित विद्यालयों को राशि हस्तांतरित की जाएगी। योजना के पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक तथा जिला स्तर पर जिलाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी निगरानी करेंगे। इस पहल से विद्यार्थियों को बिहार की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को समझने का अवसर मिलेगा। साथ ही शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से उनमें पर्यटन, इतिहास और अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

# डीएम ने की स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में समाहरणालय के कारगिल विजय सभा भवन में स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों और सेवाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सभी 18 प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, डॉ. गोपाल मिश्रा, नसीम राजी मौजूद रहे। बैठक में गएक कार्यक्रम के तहत उच्च रक्तचाप, मधुमेह और गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, उपचार और फॉलोअप, एनीमिया मुक्त बिहार अभियान में गर्भवती महिलाओं और किशोरियों की जांच, हीमोग्लोबिन परीक्षण और उपचार की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत डेटा प्रविष्टि, शुद्धता और सत्यता पर जोर दिया। संस्थागत प्रसव, इगए, टीकाकरण, परिवार नियोजन सहित अन्य कार्यक्रमों की उपलब्धि की भी समीक्षा की गई और कमजोर प्रदर्शन वाले संकेतकों के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, गुणवत्ता और प्रभावशीलता बेहतर करने को कहा।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के पूर्व कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के क्रम में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और कल्याण के प्रति जागरूकता के लिए मटिहानी प्रखंड में कार्यक्रम आयोजित किए गए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भारत सरकार और समाज कल्याण विभाग बिहार के निर्देश पर जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग ने श्री विजय राघव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदलपुरा, सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल और राजकीयकृत केएल उच्च माध्यमिक विद्यालय मटिहानी में कार्यक्रम किए। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता तथा वरिष्ठ नागरिकों के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन गतिविधियों से विद्यार्थियों को वरिष्ठजनों के अनुभवों और जीवन मूल्यों से जोड़ने तथा सम्मान की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग ने बताया कि प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में कोषांग के कर्मी, बुनियाद केंद्र के प्रबंधक, प्रधानाध्यापक, छात्र और वृद्धजन उपस्थित रहे।

# सीइआइआर पोर्टल की मदद से पुलिस ने खोजा मोबाइल

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानपुर थाना पुलिस ने सी इ आई आर पोर्टल की मदद से खोया हुआ मोबाइल फोन बरामद कर उसकी स्वामी को लौटा दिया। मोबाइल पाकर महिला के चेहरे पर खुशी लौट आई। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के कटहरिया गांव निवासी अनारकली देवी का मोबाइल फोन कहीं खो गया था। इस संबंध में उनके द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने सीइआई आर पोर्टल पर मोबाइल का आईएमइआई नंबर डालकर उसे ट्रेस करना शुरू किया। ट्रेसिंग के दौरान पुलिस ने उक्त मोबाइल को बरामद कर लिया।रविवार को थानाध्यक्ष द्वारा सत्यापन के बाद मोबाइल फोन को उसकी वास्तविक स्वामी अनारकली देवी, ग्राम कटहरिया, थाना भगवानपुर को सुपुर्द किया गया।पुलिस की इस कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

# केन्द्रों पर मिलने वाली सुविधाओं की दी गई जानकारी

### आंगनवाड़ी केंद्रों पर मनाया गया 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम

**उत्सव सा रहा माहौल**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले के विभिन्न बाल विकास परियोजनाओं के आंगनवाड़ी केंद्रों पर सोमवार को 'आँगन का मिलन' कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। केंद्रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया, बच्चों, माताओं, गर्भवती महिलाओं और लाभार्थियों की सहभागिता से वातावरण उत्सवमय रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य लाभार्थियों की सहभागिता बढ़ाने के साथ बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और समग्र विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। केंद्रों पर पोषण और स्वच्छता पर रंगोली बनाई गई, पौष्टिक खाद्य पदार्थों और हरी सब्जियों का प्रदर्शन कर संतुलित आहार की जानकारी दी गई। बच्चों के लिए खीर-पूरी सहित पौष्टिक आहार की व्यवस्था की गई। बच्चों ने खेल, गीत, कविता और सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लिया। सेविकाओं और सहायिकाओं ने माताओं और गर्भवती महिलाओं को पोषण, स्वच्छता, टीकाकरण, स्वास्थ्य देखभाल और सर्वांगीण विकास की जानकारी दी। केंद्रों से मिलने वाली सेवाओं और योजनाओं के बारे में भी बताया गया। इस दौरान सेविकाओं, सहायिकाओं और आशा कार्यकर्ताओं को सम्मान-पत्र तथा सक्रिय सहभागिता के लिए माताओं को आभार-पत्र दिया गया।

# लाभार्थियों की सहभागिता बढ़ाने, स्वास्थ्य-पोषण व स्वच्छता के प्रति जागरूकता पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित होने वाले आंगन मिलन कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रम की तैयारियों, गतिविधियों एवं इसके उद्देश्यों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड बाल विकास पदाधिकारी गुंजन मौली ने की। बैठक के दौरान आंगन मिलन कार्यक्रम को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए सेविकाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। सीडीपीओ ने सेविकाओं को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दौरान बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा अन्य लाभार्थियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी सरल एवं सहज तरीके से उपलब्ध कराएं।इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों में समुदाय की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। सेविकाओं से कहा गया कि वे लाभार्थियों एवं अभिभावकों से नियमित संपर्क बनाए रखें और आंगन मिलन कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। बैठक में बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण संबंधी जानकारी, स्वच्छता की आदतों, साफ-सफाई, संतुलित आहार तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर होने वाली गतिविधियों में जनभागीदारी बढ़ाकर कार्यक्रम को सामुदायिक अभियान का रूप देने की बात कही गई। सेविकाओं ने भी कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर अपने सुझाव रखे। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि आंगन मिलन कार्यक्रम के माध्यम से विभागीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचाई जाएगी तथा समुदाय को स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक में एल एस शालिनी कुमारी, सुनीता कुमारी, कुमारी कृष्णा, पूनम कुमारी एवं विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाएं रोजी खातून, मीना कुमारी, पूनम कुमारी, राजकुमारी देवी, रोजी कुमारी, बुलबुल कुमारी, राजकुमारी देवी, कविता कुमारी आदि मौजूद थी।

## केन्द्रों पर मनाया गया आंगन मिलन कार्यक्रम

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के समसा पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र संख्या 73 पर कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रानी गोस्वामी ने की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से बच्चों, माताओं एवं परिवारों को एक साथ जोड़कर पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं बाल विकास के प्रति जागरूक करने का यह महत्वपूर्ण अवसर है।कार्यक्रम के दौरान बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार का सेवन करने, बच्चों में प्रारंभिक शिक्षा एवं सीखने की आदत विकसित करने तथा स्वच्छता एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई अपनाने पर चर्चा की गई। गर्भवती एवं धात्री माताओं की समुचित देखभाल, बच्चों के नियमित टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच के महत्व की भी जानकारी दी गई। माताओं से नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों में सहभागिता करने की अपील की गई। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 122 पर मुखिया अभिषेक कुमार उर्फ पिंटू , पंचायत समिति सदस्य गौतम गोस्वामी एवं रंजीत कुमार ने सेविका को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। केंद्र संख्या 79 पर भी पंचायत समिति सदस्य गौतम गोस्वामी एवं रंजीत कुमार ने सेविका आशा को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका निशु कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, बिंदु कुमारी, आशा फुलपरी साहियका नूतन देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एनडीए समर्थित उम्मीदवार डॉ. घनश्याम राय के समर्थन में बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेगूसराय।** दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के घोषित गक्ष समर्थित जनता दल (यू) उम्मीदवार डॉ. घनश्याम राय के चुनाव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को बेगूसराय प्रखंड कार्यालय के सामने कंकौल स्थित प्रेक्षागृह (बी.पी. मंडल सभागार), बेगूसराय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनता दल (यू) के जिलाध्यक्ष नंदलाल राय ने की, जबकि संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, लोजपा के जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान, हम के जिलाध्यक्ष पीयूष कुमार, तेघड़ा के रजनीश कुमार, पूर्व विधायक मटिहानी राजकुमार सिंह, पूर्व मेयर एवं वर्तमान प्रतिनिधि संजय सिंह, लोकसभा प्रभारी शिवनंदन सिंह, दरभंगा विधायक ईश्वर मंडल तथा दरभंगा क्षेत्र के स्नातक एमएलसी सर्वेश कुमार सहित अन्य नेताओं ने कहा कि जदयू समर्थित उम्मीदवार डॉ. घनश्याम राय के समर्थन में सभी सहयोगी दलों के कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव अभियान को आगे बढ़ाएंगे। नंदलाल राय ने कहा कि चुनाव अभियान को शालीनता, अनुशासन और लोकतांत्रिक तरीके से चलाते हुए शिक्षक मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित किया जाएगा। इसके लिए मतदाता सूची का गहन अध्ययन कर घर-घर जाकर शिक्षक मतदाताओं से संपर्क करने और एनडीए समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में समर्थन जुटाने का संकल्प लिया गया, इस वक्तव्य का गक्ष जिला अध्यक्ष ने समर्थन किया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने संगठनात्मक स्तर पर समन्वय के साथ चुनाव की तैयारी करने तथा सभी प्रखंडों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कुन्दन कुमार सिन्हा उर्फ पिंटू, पूर्व युवा अध्यक्ष पंकज कुमार राय, महासचिव संजय सिंह,अजय पासवान, रीना चौधरी, पिंकी कुमारी, संगीता, निशा देवी, मोनिका, अर्चना कुमारी, राधा शर्मा, कुमारी सुष्मिता, अरुण महतो, धर्मेंद्र, अमरेश राय सहित विभिन्न प्रखंडों के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में शिक्षा एवं शिक्षकों के हित में किए गए कार्यों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसी क्रम में एनडीए समर्थित उम्मीदवार डॉ. घनश्याम राय ने शिक्षकों से जुड़े लंबित एवं आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। डॉ. घनश्याम राय ने कहा कि यदि उन्हें शिक्षकों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलता है, तो वे शिक्षकों से जुड़े लंबित, आवश्यक एवं जनहितकारी मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाएंगे और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा एवं शिक्षकों के हित में किए जा रहे कार्यों को भी वे प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। बैठक के अंत में उपस्थित एनडीए के सभी घटक दलों के नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. घनश्याम राय के समर्थन में एकजुट होकर चुनाव अभियान को मजबूती देने तथा शिक्षक मतदाताओं से व्यापक संपर्क स्थापित करने का संकल्प लिया।

# पुलिस ने आरोपित का घर किया सील

**बखरी (बेगूसराय) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नदैल घाट स्थित चकला घर में कथित अनैतिक देह व्यापार के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी के घर को सील कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बखरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने बताया कि बखरी थाना कांड संख्या 369/26 के अभियुक्त नदैल निवासी बबलू खलीफा के पुत्र विशाल खलीफा के घर को नियमानुसार सील किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस द्वारा आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। घर सील करने की कार्रवाई के दौरान राजस्व कर्मचारी सह मजिस्ट्रेट विवेक कुमार, सब इंस्पेक्टर लालबिहारी यादव, संजीव भारती सहित पुलिस बल मौजूद रहे।

# जिले में 30 सितंबर से शुरू होगा खेलों का महाकुंभ

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में खेल विभाग बिहार सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 30 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित होगी। उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा बिट्टू कुमार सिंह ने शारीरिक शिक्षकों की बैठक में बताया कि प्रतियोगिता गांधी स्टेडियम, बीपी उच्च विद्यालय, श्रीकृष्ण सिंह इंडोर स्टेडियम और कल्याण केंद्र बरौनी रिफाइनरी में होगी। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में 22 खेल विधाओं में एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, भारोत्तोलन, बास्केटबॉल, शतरंज, हैंडबॉल, रग्बी, क्रिकेट, कुश्ती, कराटे, हॉकी, बुशु, बॉक्सिंग, तीरंदाजी, टेबल टेनिस, सेपक टाकरा, योगा आदि का आयोजन होगा। कक्षा 6 से 12 तक के मान्यता प्राप्त सरकारी, एडट्टक, ऋग्ट्टक और निजी विद्यालयों के नियमित छात्र-छात्रा भाग ले सकेंगे। 30 सितंबर को हॉकी, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, शतरंज, बुशु, कराटे, कुश्ती, बॉक्सिंग, भारोत्तोलन, 1 अक्टूबर को कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, तीरंदाजी, ताइक्वांडो, टेबल टेनिस, फुटबॉल, रग्बी, 2 अक्टूबर को कबड्डी, क्रिकेट अंडर-14, हैंडबॉल, एथलेटिक्स बालिका, सेपक टाकरा, योगा, 3 अक्टूबर को एथलेटिक्स बालक, खो-खो बालिका, क्रिकेट अंडर-17 और 4 अक्टूबर को क्रिकेट अंडर-19 का आयोजन होगा। सभी मुकाबले सुबह 9 बजे से नॉकआउट पद्धति से खेले जाएंगे। खिलाड़ियों को विद्यालय किट, आधार कार्ड या परिचय पत्र और प्रधानाध्यापक का प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है।

# 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** सेवा ही संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को सरस्वती विद्या निकेतन एपीएस प्लस टू मॉडल विद्यालय में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर प्रखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से 12वीं तक के नौ विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा एक से आठवीं तक के 36 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के बाद दोनों विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल रंजन एवं नावकोठी पंचायत के मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने किया। चित्रकला प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का की छात्रा सोनम कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मध्य विद्यालय समसा की मुस्कान कुमारी द्वितीय तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय गम्हरिया की चांदनी कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं भाषण प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ररिऔना की अंजली कुमारी प्रथम, बौधू सिंह प्लस टू विद्यालय की अनोखी कुमारी द्वितीय तथा उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजाकपुर की सृष्टि कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। दोनों विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी आगामी पांच अक्टूबर को आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नावकोठी प्रखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस आशय की जानकारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मेधा वर्मा ने दी। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश झा, निर्णायक मंडल के सदस्य प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, शंभू महतो, कुमुद रंजन, खुशबू कुमारी, मुकेश कुमार, एचएम मंटुन महतो, अशोक कुमार शर्मा सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# ग्राहक बनकर दुकान में घुसे बदमाश, पिस्टल दिखाकर गहने समेटे

## पुलिस मामले की कर रही छानबीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के सकरा थाना क्षेत्र के सीहो चौक स्थित एक आभूषण दुकान में ग्राहक बनकर पहुंचे दो बदमाश करीब 2.50 लाख रुपये के आभूषण लेकर फरार हो गये। दुकानदार ने विरोध किया तो बदमाशों ने पिस्टल का भय दिखाकर उसे धमकाया। घटना की सूचना मिलने के बाद सकरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। दोनों बदमाशों की तस्वीर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की बात बतायी जा रही है। बताया गया कि दो युवक ग्राहक बनकर सीहो चौक स्थित आभूषण दुकान में पहुंचे थे। दुकान में मौजूद दुकानदार को विश्वास में लेने के बाद दोनों ने आभूषण देखने शुरू किये। इसी दौरान बदमाशों ने करीब 2.50 लाख रुपये मूल्य के आभूषण अपने कब्जे में ले लिये। दुकानदार ने जब इसका विरोध किया तो बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर भयभीत किया और आभूषण लेकर मौके से फरार हो गये। स्थानीय स्तर पर यह भी बताया जा रहा है कि दोनों बदमाशों ने इससे पहले मारकन चौक स्थित एक आभूषण दुकान में भी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया था, लेकिन उनका प्रयास सफल नहीं हुआ। घटना के बाद सकरा पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस मामले में उपलब्ध अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# बलार गांव के तालाब का नहीं हुआ कायाकल्प

**औरंगाबाद (नबिटा संवाददाता)।** जिले के रफीगंज प्रखंड के बलार गांव स्थित प्राचीन तालाब है। हालांकि पंचायत के मुखिया द्बारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट का निर्माण कराया गया है। तालाब करीब साढ़े तीन एकड़ के साथ ही जल संरक्षण का प्रयास जारी है परंतु तालाब की गहराई कम होने के कारण गर्मियों में पानी सूख जाता है। बारिश के मौसम में पानी तो रहता है परंतु सफाई की कमी के कारण तालाब में कई प्रकार के पौध उग आए हैं।

# बखरी बीआरसी में बुधवार को लगेगा दिव्यांगता जांच शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी (बेगूसराय)।** बीआरसी कार्यालय में बुधवार को दिव्यांगता जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।जानकारी देते हुए समावेशी शिक्षा के बीआरपी महेश कुमार तिवारी ने कहा कि यह कैंप दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड निर्माण के लिए लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में आने वाले दिव्यांगजनों को अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की छायाप्रति लाना होगा। साथ ही उन्हें यूडीआईडी कार्ड निर्माण के लिए ऑनलाइन किया गया प्रपत्र भी लाना होगा। इस शिविर में पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह, आर्थो चिकित्सक डॉ पुष्कर, नेत्र सहायक हर्ष राज को प्रतिनियुक्त किया गया है। जो दिव्यांग जनों की जांच करेंगे।श्री तिवारी ने विद्यालय प्रधान से अधिक से अधिक संख्या में दिव्यांगजनों को शिविर में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–42डी–25, दिनांक** 23.09.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए **निविदा क्रमांक ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–42डी–25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान** : हावड़ा मंडल में लार्ज स्पैन जंपरों/जी जंपरों आदि का प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,83,06,196.88, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 3,66,100/–, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 23.10.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-355/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# वीर कुंवर सिंह किले का विधानसभा समिति के सदस्य ने लिया जायजा

## प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महान योद्धा को किया याद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भोजपुर (जगदीशपुर)।** बिहार विधानसभा के ध्यानाकर्षण समिति के सदस्य सह कल्याणपुर विधायक सच्चिद्र कुमार सिंह इज मंगलवार को जगदीशपुर स्थित 1857 के महान योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह के ऐतिहासिक किला परिसर का निरीक्षण किया। किला परिसर पहुंचने पर उन्होंने वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने महान योद्धा की वीरता, साहस और देश की आजादी के लिए दिए गए योगदान को याद किया। माल्यार्पण के बाद विधायक ने किला परिसर स्थित वीर कुंवर सिंह संग्रहालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संग्रहालय में संरक्षित वीर कुंवर सिंह से जुड़ी ऐतिहासिक वस्तुओं, धरोहरों और स्मृतियों का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही संग्रहालय एवं किला परिसर की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, रखरखाव तथा उनके ऐतिहासिक महत्व के संबंध में भी अधिकारियों व स्थानीय लोगों से जानकारी प्राप्त की। मालूम हो कि बीते 23 सितंबर को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी जगदीशपुर पहुंचे थे और बाबू वीर कुंवर सिंह के ऐतिहासिक किले का निरीक्षण किया था। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान किले को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भी चर्चा हुई थी। ऐसे में विधानसभा समिति के सदस्य के निरीक्षण को किला परिसर के संरक्षण और पर्यटन विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, पूर्व जिलाध्यक्ष मिथिलेश कुशवाहा, धीरेंद्र सिंह, विनय मिश्रा, आदित्य जी, दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष मिलिंद चौधरी, मदन सिंह, नागेंद्र केसरी, माधव केसरी, रंजन सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# जेबीएसएम कॉलेज में सुधीर बने शिक्षक प्रतिनिधि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिजौली स्थित जंगबहादुर सिंह मेमोरियल कॉलेज में मंगलवार को शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की बैठक हुई। प्राचार्य सुबोध कुमार उर्फ मुन्ना सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मगध विश्वविद्यालय की गाइडलाइन के अनुसार प्रो. सुधीर कुमार सिन्हा को सर्वसम्मति से शिक्षक प्रतिनिधि चुना गया। चयन के बाद प्राचार्य समेत शिक्षकों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक प्रतिनिधि शिक्षकों और कॉलेज प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए महाविद्यालय के विकास में सहयोग करेंगे। प्रो. सुधीर कुमार सिन्हा ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि शिक्षकों की समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाना और कॉलेज के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने में सहयोग करना उनकी प्राथमिकता होगी। बैठक में सनद कुमार, निलाभ सिंह, राजीव रंजन सिंह, संजीव कुमार, रुपेश कुमार, चंदन कुमार, रौशनी कुमारी, नेहा कुमारी सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शराब कारोबार और फायरिंग के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** सरायरंजन थाना क्षेत्र में पुलिस ने एसटीएफ की मदद से शराब कारोबार और फायरिंग समेत कई मामलों में आरोपी बताए जा रहे मंजय लाल राय को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व से कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्रभारी सदर एसडीपीओ-1 सह साइबर डीएसपी दुर्गेश दीपक ने बताया कि पुलिस को मंजय लाल राय के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन और जांच के बाद पुलिस टीम ने एसटीएफ के सहयोग से कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि मंजय लाल राय पूर्व में भी चर्चा में आया था। विश्वकर्मा पूजा के दौरान उसकी कथित फायरिंग का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, दुर्गेश दीपक के सदर एसडीपीओ-1 का पद संभालने के बाद जिले में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज हुई है। पुलिस का दावा है कि पिछले करीब एक महीने में अंटू ईश्वर, छोटू सिंह और मंजय लाल राय समेत कई आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराध और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। अधिकारियों के मुताबिक जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला में 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न आयु वर्गों में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के लिए बैडमिंटन, कबड्डी, एथलेटिक्स, शतरंज सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए इंडोर स्टेडियम, गेट स्कूल खेल मैदान, गांधी मैदान एवं खेल भवन सहित विभिन्न खेल स्थलों का उपयोग किया जा रहा है। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों से बड़ी संख्या में खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। बैडमिंटन प्रतियोगिता - अंडर-14 बालिका वर्ग में प्रिया रानी ने विजेता तथा शानवी सिंह चौहान ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालिका वर्ग में आराध्या पांडे विजेता तथा मानवी कुमारी उपविजेता रहीं। कबड्डी प्रतियोगिता - अंडर-14 बालिका वर्ग में अंबेडकर प्लस टू आवासीय उच्च विद्यालय, कुशी* विजेता तथा ग्रैंड वैली पब्लिक स्कूल, हसपुरा उपविजेता रहा। अंडर-14 बालक कबड्डी में अंबिका पब्लिक स्कूल विजेता तथा ग्रैंड वैली पब्लिक स्कूल, हसपुरा उपविजेता रहा। एथलेटिक्स प्रतियोगिता - अंडर-14 बालिका 100 मीटर दौड़ में प्रथम श्रेया कुमारी, द्वितीय सुषमा कुमारी एवं तृतीय अनुप्रिया कुमारी रहीं। 200 मीटर में प्रथम श्रेया कुमारी, द्वितीय अनिशा कुमारी एवं तृतीय परसी मिश्रा रहीं। 400 मीटर में प्रथम आस्था कुमारी, द्वितीय अनुप्रिया कुमारी एवं तृतीय सुप्रिया कुमारी रहीं। अंडर-17 बालिका 100 मीटर में प्रथम रिया कुमारी, द्वितीय दिव्या कुमारी एवं तृतीय सुलेखा कुमारी रहीं। 200 मीटर में प्रथम प्रतिमा कुमारी, द्वितीय गुनगुन कुमारी एवं तृतीय किरण कुमारी रहीं। अंडर-19 बालिका 100 मीटर में प्रथम रिया कुमारी, द्वितीय मनीषा कुमारी एवं तृतीय माया कुमारी रहीं। 200 मीटर में प्रथम अंजली कुमारी, द्वितीय संध्या कुमारी एवं तृतीय स्वाति कुमारी रहीं। शतरंज प्रतियोगिता - अंडर-14 बालिका वर्ग में ज्योति सिंह विजेता एवं अनुप्रिया उपविजेता रहीं। अंडर-17 बालिका वर्ग में अंजलि राठौर विजेता एवं त्रिशता कुमारी उपविजेता रहीं। अंडर-19 बालिका वर्ग में माही सिंह विजेता एवं नंदनी उपविजेता रहीं। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध कराना, उनकी खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता के आगामी दिनों में भी विभिन्न खेल विधाओं में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।


# आंगनबाड़ी सहायिकाओं को किया गया पुरस्कृत

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारत सरकार के प्रधानमंत्री पोषण माह के अंतर्गत जिले में 9 सितंबर से 9 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार मंगलवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा रंगोली बना एवं तिलक लगाकर बच्चों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। केंद्रों पर आने वाले बच्चों के लिए उत्सव जैसा माहौल तैयार किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका द्वारा बच्चों और उनके अभिभावकों को पोषण, संतुलित आहार, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं बच्चों के समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों पर बेहतर कार्य एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आंगनबाड़ी सहायिकाओं को सम्मानित भी किया गया। विभिन्न केंद्रों पर बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पोषण संबंधी जागरूकता गतिविधियां, संवाद, रचनात्मक कार्यक्रम एवं अन्य विविध आयोजन किए गए। पोषण माह के अंतर्गत 29 एवं 30 सितंबर तथा 1 अक्टूबर को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों एवं उनके अभिभावकों को पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा आंगनबाड़ी केंद्रों को समुदाय के साथ जोड़ते हुए पोषण संबंधी संदेश को घर-घर तक पहुंचाना है। इस दौरान सही पोषण, स्वस्थ बचपन और मजबूत परिवार के संदेश के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका द्वारा अभिभावकों को बच्चों के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में जानकारी दी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा सभी अभिभावकों एवं आमजनों से अपील की गई है कि वे पोषण माह के तहत आयोजित इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें तथा बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करें।

# उमगा पहाड़ पर औषधीय पौधों का प्राकृतिक भंडार, संरक्षण की जरूरत

## जड़ी-बूटियों से जुड़ा पारंपरिक ज्ञान सहेजने की पहल की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल उमगा पहाड़ अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों और जड़ी-बूटियों के लिए भी जाना जाता है। पहाड़ और आसपास के जंगल क्षेत्र में कई तरह के पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जिनका पारंपरिक रूप से विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं में उपयोग किए जाने की जानकारी स्थानीय लोगों और जानकारों द्वारा दी जाती है। इन वनस्पतियों से उमगा पहाड़ की जैव विविधता भी समृद्ध होती है। स्थानीय लोगों के अनुसार जंगल क्षेत्र में ऐसी कई वनस्पतियां हैं, जिनका उपयोग ग्रामीण पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में करते रहे हैं। कुछ पौधों की पत्तियों, जड़ों, छाल, फूल और बीज का इस्तेमाल अलग-अलग घरेलू उपचारों में किए जाने की परंपरा रही है। हालांकि किसी भी पौधे को औषधि के रूप में इस्तेमाल करने से पहले उसकी सही पहचान और विशेषज्ञ की सलाह जरूरी है। उमगा पहाड़ के आसपास रहने वाले ग्रामीणों के बीच लंबे समय से वनस्पतियों और जड़ी-बूटियों की पहचान से जुड़ा स्थानीय ज्ञान मौजूद है। बुजुर्गों के माध्यम से कई पौधों के गुण और उनके पारंपरिक उपयोग की जानकारी अगली पीढ़ी तक पहुंचती रही है। बदलती जीवनशैली और जंगलों पर बढ़ते दबाव के बीच इस पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित करने की जरूरत महसूस की जा रही है। धार्मिक और पर्यटन स्थल होने के साथ उमगा पहाड़ प्राकृतिक संपदा का भी महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां के पेड़-पौधे पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में अनावश्यक कटाई और वनस्पतियों को नुकसान से प्राकृतिक संपदा प्रभावित हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उमगा पहाड़ पर पाई जाने वाली औषधीय महत्व की वनस्पतियों की पहचान और संरक्षण के लिए पहल होनी चाहिए। श्रद्धालुओं और पर्यटकों को प्राकृतिक संपदा से परिचित कराने के लिए यहां औषधीय पौधों का उद्यान या संरक्षण क्षेत्र विकसित किया जा सकता है। वन विभाग, स्थानीय प्रशासन और विशेषज्ञ संस्थाओं के सहयोग से पौधों की वैज्ञानिक पहचान और सूची तैयार होने पर यह क्षेत्र पर्यावरण शिक्षा तथा प्रकृति पर्यटन का आकर्षण बन सकता है। स्थानीय स्तर पर औषधीय बताए जाने वाले पौधों का वैज्ञानिक अध्ययन और दस्तावेजीकरण भी जरूरी है, ताकि उनकी प्रजाति, पारंपरिक उपयोग और सुरक्षित इस्तेमाल की जानकारी सामने आ सके। उमगा पहाड़ की प्राकृतिक संपदा को देखते हुए वनस्पतियों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण है। समय रहते इन्हें चिह्नित और संरक्षित किया गया तो उमगा धार्मिक आस्था के साथ प्राकृतिक एवं औषधीय वनस्पति संरक्षण के केंद्र के रूप में भी पहचान बना सकता है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में लगा पोषण मेला, संतुलित आहार के प्रति किया जागरूक

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आंगनबाड़ी केंद्र मोरियावा में मंगलवार को पोषण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अभिषेक रंजन मोंटी ने किया। इस दौरान महिलाओं, बच्चों और स्थानीय लोगों को पोषण, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। पोषण मेले में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और छोटे बच्चों के लिए पौष्टिक आहार की आवश्यकता पर विशेष रूप से चर्चा की गई। आंगनबाड़ी कर्मियों ने बताया कि गर्भावस्था और बच्चों के शुरुआती वर्षों में उचित पोषण बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को अपने दैनिक भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, दाल, अनाज, मौसमी फल, दूध तथा अन्य पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर सीडीपीओ अर्चना कुमारी, पर्यवेक्षिका पूजा कुमारी सहित आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थीं।

# तालाब का नहीं हो सका जीर्णोद्धार

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के सलुपरा गांव में सैकड़ों वर्ष पुराना तालाब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा हे। जहां आज भी ग्रामीण घाटों के लिए तरस रहे हैं।


**ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन**

रेणिगुंटा यार्ड की रीमॉडलिंग तथा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग शुरू करने के संबंध में, दक्षिण तट रेलवे के तहत गुंतकल मंडल के गुडुर-रेणिगुंटा-तिरुपति अनुभाग में रेणिगुंटा यार्ड में **48 दिनों** की अवधि के लिए **प्री-प्री-नॉन इंटरलॉकिंग, प्री-नॉन इंटरलॉकिंग** एवं **नॉन इंटरलॉकिंग** कार्य का निष्पादन किया जाएगा। फलस्वरूप, नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नानुसार परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी: **(1) 06565 एसएमवीटी, बेंगलुरु-मालदा टाउन स्पेशल** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 13.12.2026 एवं 20.12.2026), **(2) 06566 मालदा टाउन-एसएमवीटी, बेंगलुरु स्पेशल** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 16.12.2026 एवं 23.12.2026), **(3) 12253 एसएमवीटी, बेंगलुरु-भागलपुर अंग एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 12.12.2026, 19.12.2026 एवं 26.12.2026), **(4) 13433 एसएमवीटी, बेंगलुरु-मालदा टाउन एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 22.12.2026), **(5) 13434 मालदा टाउन-एसएमवीटी, बेंगलुरु एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 20.12.2026), **(6) 16597 एसएमवीटी, बेंगलुरु-अलीपुरद्वार जंक्शन अमृत भारत एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 12.12.2026, 19.12.2026 एवं 26.12.2026), **(7) 16598 अलीपुरद्वार जंक्शन-एसएमवीटी, बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 14.12.2026 एवं 21.12.2026), **(8) 22503 कन्याकुमारी-डिब्रूगढ़ विवेक एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 11.11.2026, 12.11.2026 एवं 09.12.2026 से 26.12.2026 तक = 20 ट्रिप) एवं **(9) 22504 डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी विवेक एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 07.12.2026 से 24.12.2026 तक = 18 ट्रिप) ट्रेनें दोनों दिशाओं में अपने वर्तमान मार्ग मेलपक्कम केबिन-रेणिगुंटा जंक्शन-गुडुर जंक्शन के स्थान पर परिवर्तित मार्ग **अरक्कोणम जंक्शन-पेरम्बूर-गुडुर जंक्शन** के रास्ते चलेंगी एवं रेणिगुंटा जंक्शन स्टेशन पर नहीं ठहरेगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**


# प्रेम कुमार ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के ग्लोबल कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** वरिष्ठ पत्रकार एवं संस्कृतिकर्मी प्रेम कुमार को ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ का ग्लोबल कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने श्री कुमार को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनके मनोनयन पर पत्रकारिता, कला, संस्कृति एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। श्री कुमार लंबे समय से पत्रकारिता के साथ-साथ कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। उनके मनोनयन से कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में संगठन की गतिविधियों को और व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई जा रही है। लोगों ने कहा कि उनके अनुभव एवं सक्रियता से कलाकारों, संस्कृतिकर्मियों और विभिन्न रचनात्मक विधाओं से जुड़ी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। अपने मनोनयन पर प्रेम कुमार ने ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने संगठन की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन के प्रति भी विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री कुमार ने कहा कि संगठन ने उनपर जो विश्वास व्यक्त किया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ महत्वपूर्ण दायित्व भी है। वह इस जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा, प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि कला और संस्कृति समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। लोक कला, साहित्य, संगीत, रंगमंच और अन्य सांस्कृतिक विधाओं को बढ़ावा देने तथा कलाकारों को उचित मंच उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। देश-विदेश में रहने वाले कायस्थ समाज की कला एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं को एक मंच पर लाने और नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के लिए भी पहल की जाएगी। श्री कुमार ने कहा कि इस दायित्व को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए संगठन के पदाधिकारियों, सदस्यों और कला-संस्कृति से जुड़े लोगों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, कलाकारों, संस्कृतिकर्मियों, पत्रकारों एवं शुभचिंतकों के प्रति भी आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके सहयोग से कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में रचनात्मक गतिविधियों को नई गति देने का प्रयास किया जाएगा।

# कट्टा, कुल्हाड़ी व बरछी से वार करने के आरोप में नौ पर शिकायत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर (समस्तीपुर)।** हसनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी चंद्रहास पासवान ने मारपीट कर जख्मी करने, कत्ता, कुल्हाड़ी व बरछी से वार करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत की है। शिकायत में नौ लोगों को नामजद करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है। चंद्रहास पासवान के अनुसार, घटना 20 सितंबर 2026 की शाम की है। आरोप है कि वह अपने दरवाजे पर थे, तभी गांव के ही कुछ लोग लाठी-डंडा व धारदार हथियार लेकर पहुंचे और उनके साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान कत्ता, कुल्हाड़ी और बरछी से वार करने का भी आरोप लगाया गया है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने की बात शिकायत में कही गई है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि इससे पहले भी उसके साथ मारपीट कर जख्मी किया जा चुका है। घटना के बाद चंद्रहास पासवान का इलाज हसनपुर अस्पताल में कराया गया। पीड़ित के मुताबिक, शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर 28 सितंबर को उसने मीडिया के सामने अपनी बात रखी और पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की।


**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं.: 218_2026-27 एवं 219_2026-27, दिनांक: 25.09.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र के लिए)। **क्रम सं. 1, एनआईटी सं.: 218_2026-27, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल-वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में एईएन/बीडीसी के अधीन निम्नलिखित स्थानों पर सेस मरम्मत -54060 घनमी: - बीडीसी-एसकेजी: अप 48.300-48.500=1200 घनमी, 49.190-49.210=120 घनमी, 51.190-51.210=120 घनमी; एनएच-बीडीसी: 2.500 - 2.700 =1200 घनमी, 3.190-3.600 = 2450 घनमी, 5.090-7.195=12630 घनमी, डाउन 5.100-7.200 = 12600 घनमी, बीडीसी-एसकेजी: डाउन 82.530-84.100=6280 घनमी, अप 57.165-58.720 = 6220 घनमी, 61.635 -62.550=3660 घनमी, 73.160-74.210 = 4200 घनमी, 82.790-83.265=1900 घनमी, 88.160-88.530 =1480 घनमी। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,77,12,035.37, **बयाना राशि:** रु. 3,54,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 2, एनआईटी सं.: 219_2026-27, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल-वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधीन एईएन/बीडीसी के अधिकार क्षेत्र में निम्नलिखित स्थानों पर सीटीआर(पी)-1.27 टीकेएम-बीडीसी-एसकेजी डाउन 68.970- 70.240 = 1.27 टीकेएम, निम्नलिखित स्थानों में टीआरआर (पी) - 9.35 टीकेएम: टीआरआर (पी) - बीडीसी-एसकेजी: डाउन 81.450-90.800 = 9.35 किमी, निम्नलिखित स्थानों में टीबीआर - 2.667 टीकेएम : बीडीसी-एसकेजी: डाउन 69.040-69.230=0.190 किमी, 69.660-69.980=0.320 किमी, 70.152-70.263=0.111 किमी, 70.277-70.360=0.083 किमी, 70.470 -70.556 =0.086 किमी, 74.563-74.916=0.353 किमी, 75.372-75.400 = 0.028 किमी, एनएच-बीडीसी : डाउन 3.160-3.400= 0.240 किमी, 4.181-4.400=0.219 किमी, 4.442-4.507=0.065 किमी, 4.600-4.801= 0.201 किमी, 4.825-5.037= 0.212 किमी, अप 4.181-4.308=0.127 किमी, 4.444-4.801 = 0.357 किमी, 4.825-4.900=0.075 किमी, निम्नलिखित स्थानों में टीएफआर-11.976 टीकेएम: बीएलवाई-बीडीसी: आरईवी 38.845-38.958=0.113 किमी, 39.114-39.290=0.176 किमी, अप 38.000-38.787= 0.787 किमी, बीडीसी-एसकेजी: डाउन 39.721-39.760=0.039 किमी, 44.656-44.738=0.082 किमी, 46.707-46.790=0.083 किमी, 59.864 -60.271=0.407 किमी, 60.283-63.000 =2.717 किमी, आरईवी 39.100-40.453 =1.353 किमी, 40.460-40.970 = 0.510 किमी, 69.123-70.337=1.214 किमी, 70.504 -74.999=4.495 किमी, **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,36,34,933.24, **बयाना राशि:** रु. 2,72,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 12.10.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-357/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं.: 217_2026-27, दिनांक: 25.09.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेलवे म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र के लिए)। **एनआईटी सं.: 217_2026-27, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल-वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में एईएन/लिलुआ के अधीन निम्नलिखित स्थानों पर सेस मरम्मत-270702 घनमी: एसएचई-वीएसयू: एसएल 37.000 - 38.563 = 9400 घनमी, 39.500 - 44.050 = 27300 घनमी, 46.200-50.500 = 25800 घनमी, 51.150 -52.250=6600 घनमी, 54.500-55.300=4800 घनमी, 56.400-57.400=6000 घनमी, 61.200-61.920=4320 घनमी, 62.400-64.873=14850 घनमी, 106.000 -106.900=5000 घनमी, 37.000- 38.563=9378 घनमी, 39.033-41.366 =13998 घनमी, 42.000-47.514=33084 घनमी, 48.050-41.457=20442 घनमी, 51.548-58.610 = 42372 घनमी, 60.194 -62.031=11022 घनमी, 62.493- 64.873=14280 घनमी, 64.873-68.549 = 22056 घनमी। **अनुमानित मूल्य :** रु. 8,85,58,025.20, **बयाना राशि:** रु. 17,71,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 07.10.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-358/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# एनपीए को नियंत्रित कर बैंकिंग सेवाओं को बनाएं पारदर्शी : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिला केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की वार्षिक आम सभा मंगलवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन हॉल में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। वार्षिक आम सभा में बैंक के वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों, सहकारी समितियों की भूमिका तथा किसानों एवं अंशधारकों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। आम सभा में गत आम सभा की कार्यवाही एवं निदेशक मंडल के प्रस्तावों की संपुष्टि, वित्तीय वर्ष 2025-26 के वित्तीय चिट्ठा एवं लाभ-हानि प्रतिवेदन तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट सहित अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही बैंक की वित्तीय स्थिति, ऋण वितरण एवं वसूली, एनपीए, सदस्य सेवाओं तथा बैंकिंग व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने से संबंधित विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। आम सभा के दौरान बैंक प्रबंधन द्वारा बैंक की वर्तमान कार्यप्रणाली एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी साझा की गई। सहकारी समितियों एवं पैक्स के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराई जा रही वित्तीय एवं अन्य सेवाओं की स्थिति पर भी चर्चा की गई। सदस्यों एवं सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों द्वारा बैंक की सेवाओं को और बेहतर बनाने, किसानों को समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने तथा सहकारी संस्थाओं के कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ाने के संबंध में सुझाव रखे गए। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने सहकारिता को किसानों एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए बैंक एवं सहकारी समितियों को किसानों के हित में प्रभावी ढंग से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सहकारिता का मूल उद्देश्य 'सहकार से समृद्धि' तथा सभी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं। विशेषकर किसानों, छोटे व्यवसायियों एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग तथा वित्तीय सेवाओं से जोड़ने में सहकारी बैंकों एवं पैक्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंक की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ रखना, ऋण वसूली में सुधार, एनपीए को नियंत्रित करना तथा बैंकिंग सेवाओं को अधिक पारदर्शी एवं आधुनिक बनाना आवश्यक है। उन्होंने सहकारी संस्थाओं के कंप्यूटरीकरण एवं डिजिटलीकरण पर जोर देते हुए किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने, कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई। धान अधिप्राप्ति के संबंध में जिलाधिकारी ने अधिप्राप्ति व्यवस्था को सुचारु एवं पारदर्शी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उइस अवसर पर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राम शर्मा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी राजीव कुमार यादव, राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक, बैंक के प्रबंध निदेशक, निदेशक मंडल के सदस्य एवं सहकारी समितियों के प्रतिनिधि, सभी शाखा प्रबंधक, सहायक निबंधक, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड सहित संबंधित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# औरंगाबाद में इस वर्ष भव्य होगा चित्रगुप्त पूजा महोत्सव

## आयोजन की तैयारी को लेकर ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की हुई बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय में इस वर्ष ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की ओर से चित्रगुप्त पूजा महोत्सव को भव्य तथा आकर्षक रूप प्रदान किया जायेगा। यह निर्णय सोमवार की रात जिला मुख्यालय के कर्मा रोड स्थित चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर की अध्यक्षता में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में इस वर्ष चित्रगुप्त पूजा महोत्सव की तैयारी को लेकर सामूहिक रूप से विचार-विमर्श किया गया और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान ज्ञान, बुद्धि और कलम-दवात के देवता भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना के मौके पर आगामी 11 नवंबर को आयोजित होने वाले चित्रगुप्त पूजा महोत्सव की तैयारी शीघ्र शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापना, संध्या में महाआरती एवं सामूहिक प्रीति भोज तथा अगले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में ख्याति प्राप्त कलाकारों को आमंत्रित करने पर सहमति बनी। गौरतलब है कि पिछले 16 वर्षों से लगातार हर साल चित्रगुप्त पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में अजय वर्मा, श्रीराम अम्बष्ट, अजय श्रीवास्तव, महेंद्र प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद, गणेश प्रसाद, राजेश सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, नीरज सिन्हा, सूर्यकांत, अभय सिन्हा, सुनील सिन्हा, अमित कुमार, संजय सिन्हा, प्रवीण सिन्हा आदि ने भाग लिया।

## दुष्कर्म-हत्या सहित अन्य मामलों में 28 अभियुक्तों को भेजा जेल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 28 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार हत्या के शीर्ष में दो, दुष्कर्म में एक, एनडीपीएस एक्ट में एक, पॉक्सो में दो, एससी-एसटी एक्ट में दो, दहेज हत्या में दो, हत्या के प्रयास में पांच, मद्य निषेध अधिनियम के तहत तीन तथा अन्य मामलों में 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 31 लीटर देसी शराब, 460 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1472 वाहनों से 124500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा दो भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# चोरों ने बंद घर से की लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के मुड़िला गांव में चोरों ने एक बार फिर पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बोकारो में पत्नी का जन्मदिन मनाने गए गृहस्वामी अजय कुमार सिंह के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 20 से 22 लाख रुपए के सामानों पर हाथ साफ कर दिया। जाते-जाते चोरों ने कीमती सामान न खुलने पर गुस्से में घर के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की तोड़फोड़ भी की। गृहस्वामी अजय कुमार सिंह ने बताया कि वे अपनी पत्नी अंजना सिंह के साथ 22 सितंबर को घर में ताला बंद कर बोकारो गए थे, जहां उनके बच्चे पढ़ाई करते हैं। 24 सितंबर को उनकी पत्नी का जन्मदिन था, जिसे परिवार ने साथ मिलकर मनाया। मंगलवार की रात जब वापस मुड़िला गांव लौटे तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था और बाउंड्री के अंदर कपड़े व सामान बिखरे पड़े थे। अंदर जाने पर कमरों के ताले टूटे मिले और आलमारी में रखे 10 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण तथा दो लाख रुपए नकद गायब थे। चोरों ने महंगे कपड़ों और अन्य सामानों की भी चोरी कर ली है। गृहस्वामी के अनुसार कुल मिलाकर 20 से 22 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। चोरी के दौरान चोरों ने करीब तीन लाख के एलईडी टीवी के अलावा 2.5 लाख रुपए का साउंड सिस्टम, पंखे और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद कुटुंबा थानाध्यक्ष चंद्रहास सिंह पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल और डॉग स्क्वाड की टीमों को भी बुलाया गया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आसपास के संदिग्धों और हालिया गतिविधियों की जांच शुरू कर दी है। इस बड़ी चोरी के बाद से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे बैंकिंग सेवाओं का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में वित्तीय वर्ष 2026-27 की द्वितीय तिमाही की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, ऋण-जमा अनुपात, वार्षिक साख योजना, कृषि एवं प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण वितरण सहित विभिन्न सरकारी ऋण एवं वित्तीय समावेशन योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत संयोजक-सह-अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा सभी सदस्यों के स्वागत के साथ हुई। उनके द्वारा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालन रिपोर्ट बिंदुवार प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में जिले की बैंकिंग व्यवस्था की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि 30 जून 2026 तक जिले में विभिन्न बैंकों की कुल 214 शाखाएं, 1,224 बैंकिंग आउटलेट/बैंक मित्र केंद्र तथा 141 एटीएम कार्यरत हैं। इनमें वाणिज्यिक बैंकों की 98, सहकारी बैंक की 11, बिहार ग्रामीण बैंक की 68, लघु वित्त बैंकों की 13 तथा निजी बैंकों की 24 शाखाएं शामिल हैं। बैंकिंग सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए जिले में बड़ी संख्या में बैंक मित्र/सीएसपी भी कार्यरत हैं। जिले के बैंकिंग व्यवसाय के आंकड़ों की समीक्षा में 30 जून 2026 तक कुल जमा राशि 12,534 करोड़ रुपये तथा कुल अग्रिम राशि 6,044 करोड़ रुपये दर्ज की गई। इस अवधि में जिले का ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेशियो) 48.22 प्रतिशत रहा। जिलाधिकारी ने अपेक्षाकृत कम ऋण-जमा अनुपात वाले बैंकों को ऋण वितरण में तेजी लाने तथा पात्र लाभुकों को समयबद्ध एवं सुगम तरीके से ऋण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वार्षिक साख योजना 2026-27 की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जून 2026 तक वार्षिक साख योजना के अंतर्गत 1,557 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य का 16.77 प्रतिशत है। प्राथमिकता क्षेत्र में 1,233 करोड़ रुपये का ऋण वितरण हुआ है, जो कुल वार्षिक साख योजना अग्रिम का 79.19 प्रतिशत है। कृषि क्षेत्र में 405 करोड़ रुपये तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में 812 करोड़ रुपये का ऋण अग्रिम किया गया है। कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी 26.01 प्रतिशत तथा एमएसएमई क्षेत्र की हिस्सेदारी 52.15 प्रतिशत रही। जिलाधिकारी ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि सरकारी योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्राप्त करने के लिए पात्र लाभुकों को बैंक स्तर पर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाना प्रशासन एवं बैंकों की साझा जिम्मेदारी है। बैठक में वरीय उप समाहर्ता (बैंकिंग) रितेश कुमार यादव, अग्रणी जिला प्रबंधक, विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक/प्रतिनिधि, संबंधित विभागों के पदाधिकारी तथा जिला स्तरीय समिति के अन्य सदस्य

## बाल श्रम के खिलाफ अभियान में एक बाल श्रमिक विमुक्त

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के अंतर्गत श्रम अधीक्षक के निदेशानुसार गठित धावा दल द्वारा जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में औरंगाबाद सदर अंतर्गत कंपनी स्वीट्स, धर्मशाला रोड से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। बाल श्रमिक को तीन रुपये की राशि तत्काल सहायता के रूप में प्रदान किया गया है। विमुक्त बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा दोषी नियोजक पर एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनिमयन) अधिनियम के अंतर्गत दोषी नियोजक को 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास एवं 20 से 50 हजार रुपये तक जुर्माने के साथ सजा हो सकती है। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के आलोक में दोषी नियोजक से 20 हजार रुपये की राशि जिला बाल कल्याण एवं पुनर्वास कोष में जमा कराया जाएगा।

# जनसुविधाओं के उन्नयन पर दें विशेष ध्यान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार के विकास आयुक्त तथा बिहार विकास मिशन में उप-मिशन के अध्यक्ष मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में औरंगाबाद जिले से उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद, सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार, डीपीएम (स्वास्थ्य) मोहम्मद अनवर आलम, समेकित बाल विकास सेवाएं की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विनीता कुमारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान विकास आयुक्तद्वारा निर्देश दिया गया कि सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के तहत जिले में चिन्हित सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। पूर्व से निर्मित सार्वजनिक परिसंपत्तियों के उन्नयन, सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मति से संबंधित कार्यों को 30 नवंबर 2026 तक पूर्ण करने तथा नई आधारभूत संरचनाओं एवं परिसंपत्तियों के निर्माण से संबंधित कार्यों को 31 मार्च 2027 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालयों, स्वास्थ्य संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों सहित अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों का विभागवार सर्वेक्षण एवं आवश्यकतानुसार कार्यों का चिन्हांकन सुनिश्चित किया जाए। परिसंपत्तियों के अनुरक्षण, मरम्मति, साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण के साथ-साथ जनसुविधाओं के उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया जाए। विद्यालयों में भवन, वर्ग-कक्ष, किचन शेड, शौचालय आदि की आवश्यक मरम्मति एवं अनुरक्षण के साथ जरूरत के अनुसार अतिरिक्त वर्ग-कक्ष एवं भवन निर्माण की कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक मरम्मति, स्वच्छता एवं मरीजों के लिए अनुकूल सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया।

## देसी शराब लदा कार जब्त

**अंबा(नबिटा संवाददाता)।** रिसियप थाना क्षेत्र के बभंडी मोड़ के समीप सोमवार की देर रात पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान के दौरान भारी मात्रा में अवैध देसी शराब लदा एक्सयूवी वाहन जब्त किया। पुलिस ने वाहन से 1,825 बोतल देसी टनाका शराब बरामद किया है। जब्त शराब की कुल मात्रा 547.5 लीटर बताई गई है। पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए काले रंग की एक्सयूवी-500 कार को बभंडी मोड़ के समीप रोका। तलाशी के दौरान वाहन से 300 मिलीलीटर की 1,825 बोतल देसी शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि इस मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस वाहन मालिक और शराब तस्करों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस शराब की खेप के स्रोत और उसके गंतव्य का पता लगाने में जुटी है।

## विरोधी को फंसाने के लिए युवक ने खुद पर चलवाई थी गोली

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बारून थाना क्षेत्र में 26 सितंबर को युवक पर हुए गोलीबारी में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पूर्व के विवाद में विरोधियों को फंसाने के लिए वादी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर खुद पर गोलीबारी की झूठी साजिश रची थी। पुलिस ने मामले में वादी और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रोहतास जिले के आयर कोठा थाना अंतर्गत टड़वा गांव निवासी सोनू कुमार एवं नासरीगंज थाना क्षेत्र के पवनी गांव निवासी रितिक कुमार के रूप में की गई है। दोनों अभियुक्तों का असपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इनके पास से कांड में प्रयुक्त एक बोलेरो बरामद किया गया है। सोनू कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ रोहतास जिले के दरिहट थाना में तीन, एससी-एसटी थाना डिहरी में एक, आयरकोठा थाना में चार, डालमीयानगर थाना में एक एवं डिहरी एसडीजीएम के न्यायालय में एक अपराधिक मामले दर्ज है। वहीं रितिक कुमार के खिलाफ दरिहट थाना में एक एवं नासरीगंज थाना में दो आपराधिक मामले दर्ज है। आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# शिक्षकों ने सातवें वेतनमान के लिए मंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार विद्यालय अध्यापक महासंघ की औरंगाबाद जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने जिला अतिथि गृह में बिहार सरकार के योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा से मुलाकात कर अध्यापकों को सातवें वेतनमान के अनुरूप पूर्ण वेतनमान एवं सेवा-सुविधाएं प्रदान करने की मांग की। इस संबंध में प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को ज्ञापन सौंपकर पे लेवल-6 से लेवल-9 तक उपयुक्त वेतन संरचना लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विद्यालय अध्यापकों को सातवें वेतन आयोग के अनुरूप पूर्ण वेतनमान का लाभ मिलना चाहिए। शिक्षकों की सेवा-सुविधाओं से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र समाधान होने से शिक्षक समुदाय को राहत मिलेगी और राज्य की शिक्षा व्यवस्था भी अधिक सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण बनेगी। मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और ज्ञापन स्वीकार करते हुए शिक्षकों की मांगों पर उचित स्तर पर विचार करने तथा आवश्यक पहल का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसटीएफबी के जिलाध्यक्ष प्रशान्त कुमार, जिला सचिव अभिमन्यु कुमार पाठक, जिला संगठन मंत्री मंतोष कुमार, जिला कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार पाण्डेय, जिला सह संगठन मंत्री निभा कुमारी, जिला प्रवक्ता श्वेता सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मो. सरफराज आलम, जिला आईटी प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम संयोजन प्रभारी मुन्ना कुमार, औरंगाबाद अनुमंडल अध्यक्ष विश्वविजय चतुर्वेदी, अनुमंडल महिला अध्यक्ष विद्या सिंह सहित आशा मल्होत्रा, पूजा कुमारी, मृत्युंजय कुमार एवं संघ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

